लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण कृष्ण पक्ष एकादशी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 112, पृष्ठ -16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बदलती जीवनशैली और बढ़ता मानसिक तनाव व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com



**आज का मौसम**

35.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे।

सूर्योदय 05 : 29
सूर्यास्त 07 :13

मुरादाबाद, रविवार, 20 जुलाई 2025

भारत धर्मनिरपेक्ष, अल्पसंख्यक यहां सुरक्षित...12



... कदम नयी
मंज़िल की ओर

मंजिल उन्हीं को मिलती है जो सपने देखते हैं।
हौसला ही मंजिल तक ले जाता है।
मेहनत और लगन ही मंजिल तक ले जाती है।

## रजत की डमरू, महाकाल की कांवड़



पीलीभीत के रजत वर्मा ने बदायूं में रामगंगा के कछला घाट से जल लाने के लिए इस बार डमरू और महाकाल की विशेष कांवड़ स्वयं तैयार की। वह हर साल नई कांवड़ बनाते हैं। बदायूं के कछला घाट से कांवड़ लेकर रजत शनिवार को बरेली पहुंचे। यहां अलखनाथ मंदिर परिसर में विश्राम किया, जिसके बाद वह शाम को पीलीभीत के लिए रवाना हो गए। फोटो- हरदीप सिंह टोनी

# कोई ताकत भारत को निर्देश नहीं दे सकती

## उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले- किसी आख्यान से प्रभावित होने की जरूरत नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार को कहा कि लोगों को किसी आख्यान से प्रभावित नहीं होना चाहिए क्योंकि दुनिया की कोई भी ताकत भारत को यह निर्देश नहीं दे सकती कि उसे अपने मामलों को कैसे संभालना है। धनखड़ ने कहा कि इस देश में सभी निर्णय इसके नेतृत्व द्वारा लिए जाते हैं।

उपराष्ट्रपति ने रेखांकित किया कि भारत आपसी सहयोग से काम करता है, परस्पर सम्मान रखता है और अन्य देशों के साथ कूटनीतिक संवाद करता है। उन्होंने कहा, लेकिन अंततः हम संप्रभु हैं, हम अपने फैसले खुद लेते हैं। धनखड़ की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब विपक्ष अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हालिया भारत-पाकिस्तान झड़प में 'संघर्ष विराम' कराने के दावे पर सरकार से स्पष्टीकरण की मांग कर रहा है। उन्होंने यहां भारतीय रक्षा संपदा सेवा के प्रशिक्षुओं के एक समूह को संबोधित करते हुए कहा, बाहरी आख्यानों से निर्देशित न हों। इस देश में, एक संप्रभु राष्ट्र में, सभी निर्णय इसके नेतृत्व द्वारा लिए जाते हैं। दुनिया में ऐसी कोई ताकत नहीं है जो भारत को यह निर्देश दे कि उसे अपने मामलों को कैसे संभालना है। उपराष्ट्रपति ने क्रिकेट की शब्दावली में कहा कि हर खराब गेंद को खेलना जरूरी नहीं है। उन्होंने कहा, क्या इस बात पर माथापच्ची करने की जरूरत है कि किसने क्या कहा? जो क्रिकेट पिच पर अच्छे रन बनाता है, वह हमेशा खराब गेंदें छोड़ता है। वे लुभाने वाली होती हैं, लेकिन कोशिश नहीं की जातीं। और जो कोशिश करते हैं, उनके लिए आपके पास विकेटकीपर और गली में किसी के दस्ताने होते हैं।



नई दिल्ली में वाइस-प्रेसिडेंट्स एन्क्लेव में भारतीय रक्षा संपदा सेवा के अधिकारी समूह के साथ उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़।


## पेड़ों की कटाई की फर्जी अनुमति हुई जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली वन विभाग ने सुप्रीम कोर्ट को चौंकाने वाला खुलासा करते हुए बताया कि आवासीय परियोजना के लिए वसंत कुंज के रिज क्षेत्र में पेड़ों की कटाई के लिए उप वन संरक्षक के नाम का इस्तेमाल कर फर्जी अनुमति जारी की गई। पश्चिमी वन प्रभाग के उप संरक्षक ने पर्यावरण कार्यकर्ता भावरीन कंधारी की याचिका पर एक हलफनामा दायर किया था। याचिका में कहा गया है कि उक्त भूमि शीर्ष अदालत के नौ मई, 1996 के आदेश के तहत संरक्षित है। इस क्षेत्र में पेड़ों की कटाई या बदलाव से पहले अदालत की पूर्व अनुमति आवश्यक है।

# आतंक और नशा-मुक्त समाज बनाने की हर एक नागरिक की जिम्मेदारी

**जम्मू, एजेंसी**

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने प्रतिबंधित आतंकवादी समूह 'द रेजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) की भाषा बोलने वाले कुछ तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने का संकल्प लेते हुए शनिवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में आतंकवाद-मुक्त और नशा-मुक्त समाज बनाना यहां के प्रत्येक नागरिक की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है।



उपराज्यपाल ने यह बात यहां शेर-ए-कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (एसकेयूएएसटी) में प्रांतीय आर्य महासम्मेलन' को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने किसी का नाम लिये बिना कहा, कुछ तत्व हैं जो (आतंकवादी समूह) टीआरएफ की भाषा बोलते हैं। पुलिस प्रशासन और सुरक्षा बल शांति सुनिश्चित करने तथा ऐसे तत्वों के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। यह दो-दिवसीय कार्यक्रम आर्य प्रतिनिधि सभा, जम्मू और कश्मीर द्वारा महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती और आर्य समाज की स्थापना की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया जा रहा है। सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर की शांति एवं प्रगति के लिए सेना, पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के जवानों के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की।

# वेदांता समूह पर वायसराय की रिपोर्ट विश्वसनीय नहीं : पूर्व सीजेआई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **चंद्रचूड़ ने कहा- कंपनी कानूनी उपाय अपनाने के लिए पूरी तरह है तैयार**

पूर्व मुख्य न्यायाधीश (पूर्व सीजेआई) डी वाई चंद्रचूड़ ने कहा कि अमेरिकी शॉर्ट सेलर वायसराय रिसर्च की वेदांता समूह पर रिपोर्ट विश्वसनीय नहीं है और कंपनी कानूनी उपाय अपनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। वेदांता समूह ने शुक्रवार को शेयर बाजार को बताया कि चंद्रचूड़ की यह टिप्पणी वायसराय रिसर्च रिपोर्ट में लगाए आरोपों के संबंध में उनसे स्वतंत्र कानूनी राय मांगने के बाद आई है।

पूर्व सीजेआई ने कहा कि वायसराय का सूचीबद्ध कंपनियों में शॉर्ट पोजीशन लेने और फिर अवैध रूप से लाभ कमाने के लिए भ्रामक रिपोर्ट प्रकाशित करने का रिकॉर्ड रहा है। चंद्रचूड़ ने कहा कि कंपनी पर वायसराय रिसर्च की रिपोर्ट में गंभीर आरोप हैं, जिससे वेदांता समूह के व्यवसाय और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंच रहा है। उन्होंने कहा, रिपोर्ट में पोंजी स्कीम और परजीवी जैसे गंभीर आरोप हैं, जिनसे प्रश्नकर्ता (वेदांता) के व्यवसाय और प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचा है।

## संधवां ने 15 सदस्यीय प्रवर समिति का किया गठन

**चंडीगढ़।** पंजाब विस अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां ने बेअदबी रोधी विधेयक पर हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के लिए शनिवार को सदन की 15 सदस्यीय प्रवर समिति का गठन किया।

**बेअदबी रोधी विधेयक**

यह कदम पंजाब पवित्र धर्मग्रंथों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम विधेयक, 2025 को विधानसभा द्वारा सर्वसम्मति से सदन की प्रवर समिति को भेजने का निर्णय के कुछ दिनों बाद उठाया गया है। विधेयक में धार्मिकग्रंथों की बेअदबी के कृत्यों के लिए आजीवन कारावास तक की सजा का प्रस्ताव है। समिति विधेयक पर रिपोर्ट छह महीने में प्रस्तुत करेगी। पंजाब विस सचिवालय द्वारा शनिवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, समिति का नेतृत्व अमृतसर दक्षिण से आप विधायक इंदरबीर सिंह निज्जर करेंगे।

# अनुभव-अनुसंधान स्वास्थ्य सेवा में स्वर्णिम मानक कुंजी

## विशेषज्ञों ने एमबीबीएस-बीएएमएस के लिए संतुलित दृष्टिकोण अपनाने का किया आह्वान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित एकीकृत एमबीबीएस-बीएएमएस पाठ्यक्रम को लेकर जारी तीखी बहस के बीच विशेषज्ञों ने कहा कि दोनों विशेषज्ञताओं के बीच नैदानिक अनुभव और अनुसंधान सहयोग साझा करना भारत के लिए एकीकृत स्वास्थ्य सेवा में स्वर्णिम मानक स्थापित करने की कुंजी है।

हालांकि चिकित्सा पेशेवरों, शिक्षकों और नीति निर्माताओं के बीच इस बात को लेकर चर्चा हो रही है कि क्या भारत अपने प्राचीन आयुर्वेदिक चिकित्सा ज्ञान को आधुनिक वैज्ञानिक पद्धतियों के साथ सफलतापूर्वक एकीकृत कर सकता है? वरिष्ठ प्लास्टिक सर्जन और ट्रिपल अमेरिकन बोर्ड-प्रमाणित चिकित्सक डॉ. अजय कश्यप ने कहा, भारत शल्य चिकित्सा के जनक सुश्रुत का जन्मस्थान है और राइनोप्लास्टी (नाक का पुनर्निर्माण), मोतियाबिंद सर्जरी और गुदा-मलाशय सर्जरी जैसे उनकी शल्य चिकित्सा तकनीकें आज भी उपयोग में हैं। डॉ. अजय कश्यप की हाल ही में प्रकाशित पुस्तक 'द क्वेस्ट ऑफ सुश्रुत' इस प्राचीन शल्यचिकित्सक के योगदान की पड़ताल करती है और इस बात पर जोर देती है कि भारत, चिकित्सा पुनर्जागरण के कगार पर खड़ा है।



### दुनिया भर के स्वास्थ्य केंद्र इन ढांचों से ले रहे प्रेरणा

सर गंगा राम अस्पताल में लैप्रोस्कोपिक, लेजर एवं सामान्य शल्य चिकित्सा के अध्यक्ष और एकीकृत चिकित्सा के समर्थक डॉ. बीबी अग्रवाल ने कहा, यह पूर्व बनाम पश्चिम या प्राचीन बनाम आधुनिक का मामला नहीं बल्कि मरीज के लिए क्या सबसे अच्छा काम कर सकता है, इसको लेकर है। भारत के पास एकीकृत स्वास्थ्य सेवा में एक स्वर्णिम मानक स्थापित करने का अवसर है, लेकिन इसे वैज्ञानिक सत्यापन, नैदानिक परीक्षणों और मानकीकृत देखभाल प्रोटोकॉल के आधार पर स्थापित किया जाना चाहिए। व्यक्तिगत संरचना (प्रकृति), ऋतु में परिवर्तन और समग्र जीवनशैली समायोजन के आधार पर अलग-अलग उपचार सहित कई आयुर्वेदिक सिद्धांत वैश्विक स्तर पर लोकप्रिय हो रहे हैं। दुनिया भर के स्वास्थ्य केंद्र अब इन ढांचों से प्रेरणा ले रहे हैं, जिन्हें अक्सर 'एकीकृत स्वास्थ्य' के रूप में फिर से प्रचारित किया जाता है।



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, बदलती जीवनशैली और बढ़ता मानसिक तनाव व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

श्रावण कृष्ण पक्ष एकादशी विक्रम संवत 2082

# अमृत विचार

वर्ष 6, अंक 112, पृष्ठ -16+4, मूल्य: 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार



आज का मौसम | 35.0° अधिकतम तापमान | 28.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 29 सूर्यास्त 07 :13

मुरादाबाद, रविवार, 20 जुलाई 2025


भारत धर्मनिरपेक्ष, अल्पसंख्यक यहां सुरक्षित...12

# भारत-पाकिस्तान संघर्ष में पांच विमान मार गिराए गए

न्यूयॉर्क/वाशिंगटन, एजेंसी

- अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने किया नया दावा



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक नया दावा किया है कि मई में भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव के दौरान पांच विमान मार गिराए गए। साथ ही उन्होंने एक बार फिर दावा किया कि दोनों देशों के बीच सैन्य टकराव उनके हस्तक्षेप के बाद समाप्त हुआ।

अमेरिका के राष्ट्रपति ने यह स्पष्ट नहीं किया कि किसी एक पक्ष के विमान मार गिराए गए या फिर वह दोनों पक्षों के नुकसान की बात कर रहे थे। भारत सैन्य टकराव समाप्त कराने के ट्रंप के दावे को वस्तुतः खारिज करते हुए यह कहता रहा है कि अमेरिका की मध्यस्थता के बिना दोनों पक्षों ने सेनाओं के बीच सीधी बातचीत के बाद सैन्य कार्रवाइयां रोकीं।

ट्रंप ने व्हाइट हाउस में रिपब्लिकन पार्टी के सांसदों के लिए शुक्रवार को आयोजित रात्रिभोज के दौरान कहा कि एक तरफ भारत और दूसरी ओर पाकिस्तान था। दोनों के बीच सैन्य टकराव जारी था। विमान मार गिराए जा रहे थे। चार या पांच विमान। मुझे लगता है कि वास्तव में पांच विमान मार गिराए गए थे। हालात बद से बदतर होते जा रहे थे।

उन्होंने कहा कि दोनों के पास परमाणु हथियार हैं और वे एक-दूसरे पर हमले कर रहे थे। हमने व्यापार के जरिए इसका समाधान किया। हमने कहा आप लोग व्यापार समझौता करना चाहते हैं। अगर आप हथियार, शायद परमाणु हथियार से हमला करने वाले हैं तो हम व्यापार समझौता नहीं कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि उनके प्रशासन ने छह महीने में इतनी उपलब्धियां हासिल कर लीं, जितनी कोई भी अन्य प्रशासन आठ साल में भी हासिल नहीं कर सका। ट्रंप 10 मई के बाद से कई बार यह दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच सैन्य टकराव खत्म कराने में मदद की और दोनों देशों से कहा कि यदि वे संघर्ष को रोक दें तो अमेरिका उनके साथ बहुत सारा व्यापार करेगा।

भारत ने पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान में आतंकवादियों के ठिकानों को निशाना बनाते हुए सात मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। भारत की कार्रवाई के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर हमले किए। 10 मई को टकराव रोकने पर सहमति बनीं।

### मोदी जी पांच विमानों का सच क्या है : राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने भारत और पाकिस्तान के बीच हालिया सैन्य संघर्ष का दौरान पांच लड़ाकू विमानों के गिराए जाने संबंधी अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे को लेकर शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को बताना चाहिए कि पांच विमानों का सच क्या है क्योंकि यह जानना देश का हक है। वहीं, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अब इस बारे में संसद के भीतर स्पष्टीकरण देना चाहिए।

### गणेश उत्सव की तैयारी



मुंबई के परेल में गणेश चतुर्थी उत्सव के लिए एक कार्यशाला में भगवान गणेश की मूर्तियाँ बनाने में जुटे कलाकार। महाराष्ट्र में गणेश उत्सव धूमधाम से मनाया जाता है। ● एजेंसी

## एक नजर

### बिक्रम मजीठिया की न्यायिक हिरासत दो अगस्त तक बढ़ी

**चंडीगढ़।** पंजाब के मोहाली जिले की एक अदालत ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया की शनिवार को न्यायिक हिरासत दो अगस्त तक बढ़ा दी। शिअद नेता को इससे पहले छह जुलाई को न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। 25 जून को मजीठिया को आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार किया था।

### करुणानिधि के सबसे बड़े बेटे मुथु का निधन

**चेन्नई।** द्रविड मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नेता एवं तमिलनाडु के पूर्व मुख्यमंत्री एम करुणानिधि के सबसे बड़े बेटे एवं गुजरे जमाने के अभिनेता एमके मुथु का शनिवार को निधन हो गया। वह 77 वर्ष के थे। मुथु का यहां के उपनगरीय इलाके इंजम्बक्कम स्थित उनके आवास पर निधन हो गया। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी है।

### ठाणे में खुदाई में मिले प्राचीन नक्काशीदार पत्थर के टुकड़े

**ठाणे।** महाराष्ट्र के ठाणे शहर में एक निर्माण स्थल पर खुदाई के दौरान नक्काशीदार पत्थरों के टुकड़े मिले, जो संभवत: प्राचीन स्तंभों के हिस्से हैं। इनकी जांच के आदेश दिए गए। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि ये अवशेष टेंभी नाका इलाके में आनंद आश्रम के पास एक निजी भूखंड पर निर्माण कार्य के दौरान मिले।

# धर्मांतरण गिरोह का भंडाफोड़, छह राज्यों में छापेमारी, 10 गिरफ्तार

## यूपी, राजस्थान, बंगाल, महाराष्ट्र, उत्तराखंड व दिल्ली में फैला नेटवर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आगरा कमिश्नरेट पुलिस ने छह राज्यों में चलाया आपरेशन



डीजीपी राजीव कृष्ण

**अमृत विचार :** आगरा कमिश्नरेट पुलिस ने धर्मांतरण के एक बड़े गिरोह का भंडाफोड़ कर 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। 50 सदस्यीय पुलिस टीम ने छह राज्यों में विशेष आपरेशन 'मिशन अस्मिता' के तहत छापा मारकर आरोपियों को दबोचा। यह गिरोह किशोरियों को 'लव जिहाद' में फंसाकर जबरदस्ती धर्म परिवर्तन कराता था। यह जानकारी यूपी के डीजीपी राजीव कृष्ण ने मीडियाकर्मियों से बातचीत के दौरान दी।

डीजीपी राजीव कृष्ण ने बताया कि इस गिरोह के काम करने का तरीका आतंकी संगठन आईएसआईएस से मेल खाता है। जांच में इस गिरोह के तार एसडीपीआई और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से भी जुड़े मिले हैं। अब तक यह गिरोह सैकड़ों लोगों का धर्मांतरण करवा चुका है। जांच में सामने आया कि इनके अलग-अलग मॉड्यूल काम करते थे। एक समूह फंडिंग जुटाता था, दूसरा लोगों को कट्टर बनाता था और तीसरा उन्हें छिपाने की व्यवस्था करता था। गिरफ्तार आरोपियों में एक पीड़िता की तस्वीर भी सामने आई है, जिसमें वह एके-47 राइफल के साथ नजर आ रही है।

### आरोपियों की तय थी अलग-अलग भूमिका

एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश के मुताबिक इस गिरोह के खिलाफ 'लव जिहाद' का उपयोग कर विदेशों से फंडिंग हासिल करने के प्रमाण मिले हैं। साथ ही धर्मांतरण व कट्टरता फैलाने के ठोस सबूत भी मिले हैं। आरोपियों की अलग-अलग भूमिका रहती थी। इसमें फंड जुटाने, फंड को कड़ियों के हिसाब से खर्च करना, सेफ हाउस उपलब्ध कराना, विधिक सलाह देना, नए मोबाइल व सिम उपलब्ध कराना, प्रेम जाल में फंसाना, धर्म परिवर्तन के लिए सपने दिखाकर उकसाना, धर्म परिवर्तन के दस्तावेज तैयार करना व कट्टर बनाने का काम बंटा था। गिरोह के खिलाफ सैकड़ों लोगों के धर्मांतरण कराने के साक्ष्य मिले हैं। इसकी जांच की जा रही है।

### चला विशेष आपरेशन

आगरा के पुलिस कमिश्नर दीपक कुमार के मुताबिक मार्च में दो बहने संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हुई थीं। जांच के दौरान इस गिरोह के बारे में जानकारी मिली। साइबर सेल की मदद से गिरोह के तार छह राज्यों से जुड़े होने की पुष्टि हुई। 50 पुलिस कर्मियों का विशेष दस्ता बनाकर ऑपरेशन चलाया गया।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

गोवा से आयशा उर्फ एसबी कृष्णा, कोलकाता से अली हसन उर्फ शेखर रॉय, ओसामा, आगरा से रहमान कुरैशी, मुजफ्फरनगर से अब्बू तालिब, देहरादून से अबुर रहमान, राजस्थान के जयपुर से मोहम्मद अली-1, जुनैद कुरैशी, मोहम्मद अली-2 और दिल्ली से मुस्तफा को गिरफ्तार किया।

### कई देशों से फंडिंग


इस गिरोह को अमेरिका, कनाडा और दुबई से फंडिंग मिलने के भी सबूत मिले हैं। पुलिस को शक है कि गिरोह का कनेक्शन पीएफआई और एसडीपीआई के साथ पाकिस्तान के आतंकी संगठनों से भी हो सकता है। गिरोह के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# भारी वाहन से टकराई मिनी बस, छह लोगों की गई जान

## यमुना एक्सप्रेसवे पर शनिवार को तड़के हुआ हादसा, दो गंभीर

- बस चालक को झपकी आने को बताया जा रहा हादसे की वजह
- शवों को वाहन से बाहर निकालने को किया गैस कटर का इस्तेमाल

मथुरा, एजेंसी



दुर्घटना में क्षतिग्रस्त मिनी बस का मलबा। ● एजेंसी

यमुना एक्सप्रेसवे पर बलदेव पुलिस थाना अंतर्गत सड़क दुर्घटना में छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि हादसा शनिवार को तड़के तीन बजे उस समय हुआ जब आगरा जा रही एक मिनी बस संभवतः ड्राइवर को झपकी आने से एक भारी वाहन से टकरा गई जिससे घटनास्थल पर ही छह लोगों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एसएसपी ने बताया कि मृतकों में तीन लोग एक ही परिवार के हैं जिनमें धर्मवीर (55), उनका बेटा रोहित (20) और छोटा बेटा आर्यन (16) आगरा के हरलालपुर गांव के निवासी हैं। अन्य मृतकों की शिनाख्त दलवीर उर्फ फुल्ले (26) और उसका भाई पार्थ सिंह (22) निवासी मुरैना (मध्य प्रदेश) एवं दुष्यंत (22) निवासी अमेठी के रूप में की गई है। श्लोक कुमार ने बताया कि इस दुर्घटना में सोनी (55) और पायल (18) गंभीर रूप से घायल हैं। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं, जबकि गंभीर रूप से घायलों को आगरा में कृष्णा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि शवों को वाहन से बाहर निकालने के लिए गैस कटर का इस्तेमाल करना पड़ा।

### निजी बस पलटी, 17 यात्री घायल

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि यमुना एक्सप्रेसवे पर ही एक अन्य दुर्घटना सुबह करीब चार बजे घटी जिसमें दिल्ली से मध्य प्रदेश जा रही एक निजी बस पलट गई। इस दुर्घटना में घायल 17 लोगों में से आठ को मथुरा के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि नौ अन्य को आगरा में एसएन मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। सभी घायलों की हालत स्थिर है। उन्होंने कहा कि आशंका है कि ड्राइवर को नींद आने की वजह से यह दुर्घटना घटी।

# दिल्ली-हरिद्वार हाईवे पर अब डाक कांवड़ का जोर



जल लेने हरिद्वार पहुंचे डाक कांवड़िए। ● अमृत विचार

मुख्य संवाददाता, देहरादून

- ढाई करोड़ से ज्यादा शिवभक्त हरिद्वार से कांवड़ लेकर रवाना
- पश्चिमी उत्तर प्रदेश की पुलिस से सीधे संपर्क में है हरिद्वार पुलिस

**अमृत विचार :** कांवड़ यात्रा मेला अब अंतिम पड़ाव की ओर है। हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर अपने आराध्य का जलाभिषेक करने के लिए शनिवार शाम तक ढाई करोड़ से ज्यादा शिव भक्त हरिद्वार से अपने गंतव्य को प्रस्थान कर चुके हैं।

23 जुलाई को शिवरात्रि है। जिसके तीन दिन पहले डाक कांवड़ियों की संख्या बढ़नी शुरू हो जाती है ऐसे में अब दिल्ली-हरिद्वार हाईवे पर डाक कांवड़ का जोर रहेगा। कांवड़ यात्रा को सुरक्षित संपन्न कराने के लिए हरियाणा, नई दिल्ली, गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर जिलों की पुलिस से हरिद्वार पुलिस सीधे संपर्क में है। हर पल की गतिविधि इन राज्यों के साथ हरिद्वार पुलिस साझा कर रही है। हरिद्वार पुलिस द्वारा शनिवार शाम को जारी आंकड़ों के अनुसार, श्रावण कांवड़ मेला में 18 जुलाई की शाम छह बजे से 19 जुलाई की शाम छह बजे तक हरिद्वार से गंगाजल लेकर करीब 48 लाख शिवभक्त गंतव्य को प्रस्थान कर चुके हैं। जबकि 10 जुलाई से शुरू हुए कांवड़ मेले में 19 जुलाई की शाम तक गंगाजल लेकर गंतव्य को प्रस्थान करने वाले कांवड़ियों की संख्या 2 करोड़ 48 लाख 90 हजार है।

### चाक-चौबंद सुरक्षा

कांवड़ मेले को सुरक्षित संपन्न कराने के लिए एसटीएस, एसटीएफ और खुफिया एजेंसियां सतर्क हैं। हरिद्वार से लेकर दिल्ली-एनसीआर तक हाई अलर्ट की स्थिति है। ड्रोन से निगरानी की जा रही है। एसएसपी हरिद्वार प्रमेंद्र सिंह डोबाल ने बताया कि डाक कांवड़ियों की संख्या बढ़ी है।

# पर्यावरण संरक्षण : ग्राम पंचायतों में महीने के तीसरे शुक्रवार को लगेगी ग्रीन चौपाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- पंचायतीराज और वन विभाग के समन्वय से गांव बनेगा हरित गांव
- राज्य स्तर पर सम्मानित होगी उत्कृष्ट कार्य करने वाली चौपाल

**अमृत विचार :** प्रत्येक गांव को हरित गांव के रूप में स्थापित करने की योगी सरकार की कार्ययोजना शनिवार से लागू कर दी गई है। अब अगस्त माह से ग्राम पंचायतों में महीने के तीसरे शुक्रवार को 'ग्रीन चौपाल' लगेगी। इसमें पंचायतीराज और वन विभाग के समन्वय से हर गांव को हरित गांव बनाया जाएगा।

साथ ही, उत्कृष्ट कार्य करने वाली ग्राम पंचायत की ग्रीन चौपाल को राज्य स्तर पर सम्मानित किया जाएगा। गांवों में ग्रीन चौपाल के जरिए पर्यावरण संरक्षण होगा, जिसमें आमजन की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। ग्राम हरित निधि की स्थापना व संचालन पर फोकस होगा। पौधरोपण के लिए ग्राम पंचायतवार माइक्रोप्लान की विवेचना व क्रियान्वयन में ग्रीन चौपाल की सक्रिय सहभागिता रहेगी। ग्राम चौपाल शासन व जिला वृक्षारोपण समिति की मंशा के अनुरूप दायित्वों का निर्वहन करेगा। मिशन लाइफ, वन, वन्यजीव, आर्द्र भूमि, पर्यावरण, जैव विविधता संरक्षण, जलवायु परिवर्तन, पौधरोपण, कार्बन क्रेडिट, वैकल्पिक ऊर्जा आदि के संबंध में संचालित योजनाओं से आमजन को भी जागरूक किया जाएगा। प्रदेश की हरियाली बढ़ाने के उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए प्रत्येक माह के तीसरे शुक्रवार को ग्रीन चौपाल की बैठक होगी। इस दिन राजकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले दिन अनिवार्य रूप से ग्रीन चौपाल की बैठक होगी। ग्राम प्रधान ग्रीन चौपाल के अध्यक्ष होंगे। ग्राम पंचायत सचिव को संयोजक बनाया गया है।

## डीयू ने जारी की यूजी प्रवेश की मेरिट लिस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) ने शनिवार को शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए स्नातक में नामांकन की पहली सीट आवंटन सूची जारी कर दी। विश्वविद्यालय द्वारा शाम 5 बजे प्रकाशित सूची में 69 कॉलेजों द्वारा संचालित 79 स्नातक कार्यक्रमों में 71,624 सीटों के आवंटन शामिल हैं।

उम्मीदवारों को 21 जुलाई को शाम 4:59 बजे तक सीट स्वीकार करनी होगी। कॉलेज 22 जुलाई तक आवेदनों का सत्यापन और अनुमोदन करेंगे और इस चरण के तहत नामांकन शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि 23 जुलाई है। दूसरी सूची 28 जुलाई को जारी की जाएगी। स्नातक प्रथम वर्ष के लिए शैक्षणिक सत्र 1 अगस्त से शुरू होने वाला है।

# ग्रेटर नोएडा में मेडिकल छात्रा ने की आत्महत्या

नोएडा, एजेंसी



- डीन समेत सात पर मामला दर्ज दो प्रोफेसर हिरासत में

ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र स्थित एक विश्वविद्यालय के छात्रावास में एक मेडिकल छात्रा ने शुक्रवार रात आत्महत्या कर ली। उसे प्रताड़ित करने के आरोप में डीन समेत सात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर दो प्रोफेसर को हिरासत में लिया गया है।

अपर पुलिस उपायुक्त सुधीर कुमार ने बताया कि नालेज पार्क थाना क्षेत्र में स्थित शारदा विश्वविद्यालय में बीडीएस द्वितीय वर्ष की छात्रा ज्योति शर्मा ने छात्रावास के अपने कमरे में पंखे से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुमार ने बताया कि गुरुग्राम निवासी ज्योति के पिता रमेश जांगड़ा ने विश्वविद्यालय के डीन डॉक्टर एम सिद्धार्थ और प्रोफेसर सैरी मैडम, महेंद्र, अनुराग अवस्थी एवं सुरभि के अलावा एक अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। रमेश का आरोप है कि इन लोगों के उत्पीड़न, दुर्व्यवहार एवं धमकाए जाने के कारण उनकी बेटी ने आत्महत्या की।

## चार गैर हिंदू कर्मियों को किया निलंबित

- तिरुपति मंदिर प्रबंधन ने की कार्रवाई

**तिरुपति।** श्री वेंकटेश्वर मंदिर के आधिकारिक संरक्षक तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) ने गैर हिंदू होने और अन्य धर्मों का पालन करने के आरोप में अपने चार कर्मचारियों को निलंबित कर दिया। मंदिर समिति ने उप कार्यकारी अभियंता (गुणवत्ता नियंत्रण) बी. एलिजर, बीआईआरआरडी अस्पताल की नर्स एस. रोजी, बीआईआरआरडी अस्पताल की ग्रेड-1 फार्मासिस्ट एम. प्रेमवती और एस.वी. आयुर्वेद फार्मेसी की कर्मी जी. असुंथा को निलंबित कर दिया।

# मध्य हिमालय में बढ़ रही ग्रीन हाउस गैसों की मात्रा

## एरीज की वैज्ञानिक ने पांच वर्ष के प्रेक्षण के बाद निकाले निष्कर्ष, मानवजनित गतिविधियों को बताया कारण

संवाददाता, नैनीताल

**अमृत विचार :** मध्य हिमालय में ग्रीनहाउस गैस की मात्रा में वृद्धि पाई गई है। कार्बन डाइऑक्साइड 2.66 पीपीएम और मीथेन में 9.53 पीपीबी प्रति वर्ष की दर से वृद्धि हो रही है। एरीज के वैज्ञानिकों ने पांच वर्ष के प्रेक्षण के आधार पर ये निष्कर्ष निकाले हैं।

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान (एरीज) नैनीताल के निदेशक डॉ. मनीष नाजा के सुपरविजन में डॉ. प्रियंका श्रीवास्तव ने शोध किया है। डॉ. प्रियंका ने बताया कि कार्बन डाइऑक्साइड और मीथेन ग्लोबल वार्मिंग को बढ़ावा देने में सहायक होती हैं और यह दोनों गैसें उत्तराखंड और नेपाल यानी मध्य हिमालय क्षेत्र में लगातार वृद्धि की ओर इशारा करती रही हैं। इन गैसों की तुलना में कार्बन मोनोऑक्साइड में क्रमिक गिरावट आई है, जो 3.15 पीपीबी प्रति वर्ष दर्ज की गई है। इसके कम होने का कारण वाहनों के इंजनों का आधुनिकीकरण हो सकता है।

### पहली बार भारतीय वैज्ञानिकों ने किया शोध



डॉ. प्रियंका बताती हैं कि भारतीय वैज्ञानिकों ने पहली बार मध्य हिमालय में प्रमुख ग्रीन हाउस गैसों पर शोध किया है। इस शोध में करीब पांच वर्ष का समय लगा और वर्ष 2014 से 2018 के आंकड़े एकत्र किए गए। यह शोध हिमालय में जलवायु शमन प्रयासों को मान्य करने, सटीक उत्सर्जन सूची बनाने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

### प्रदूषण पर नीति बनाने में शोध मददगार



एरीज निदेशक डॉ. मनीष नाजा ने बताया कि यह शोध नीति निर्माताओं और जलवायु मॉडल निर्माताओं का मार्गदर्शन करेगा। दक्षिण एशिया की बदलती जलवायु की वास्तविकता बताता है और दक्षिण एशिया में जलवायु शमन रणनीतियों और नीति विकास के लिए मूल्यवान मार्गदर्शन प्रदान करता है।

### यह निष्कर्ष आया सामने

शोध से पता चलता है कि मध्य हिमालय में ग्रीनहाउस गैसों की सांद्रता अन्य दूरस्थ पृष्ठभूमि स्थलों की तुलना में सामान्यत: अधिक है। सक्रिय प्रकाश संश्लेषण के कारण कार्बन डाइऑक्साइड दिन के उजाले के दौरान निम्नतम स्तर पर पहुंच जाती है, मीथेन और कार्बन मोनोऑक्साइड दिन में चरम पर होती हैं क्योंकि पर्वतीय हवाएं प्रदूषकों को ऊपर ले जाती हैं।

सुपरमैक्स हॉस्पिटल
(A Unit of Supermax Health Care Pvt. Ltd.)



पेट, लीवर एवं आंत रोग विशेषज्ञ
डॉ. एस.के. सिंह
एम.बी.बी.एस., एम.डी. मेडिसिन (गोल्ड मेडलिस्ट) के.जी.एम.यू. लखनऊ
DNB, FACG गेस्ट्रो (अमेरिकन कॉलेज ऑफ गेस्ट्रोइन्टोलॉजी)
डायग्नोस्टिक एण्ड थेराप्यूटिक एण्डोस्कॉपिस्ट
भूतपूर्व परामर्श चिकित्सक
विवेकानन्द सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, मुरादाबाद
पेट एवं लीवर रोग विभाग, के.जी.एम.यू. लखनऊ

निम्न रोगों के विशेषज्ञ
- लीवर सिरोसिस तथा लीवर (जिगर) सम्बन्धित बीमारियाँ
- साधारण पीलिया, हिपेटाइटस बी/सी (काला पीलिया)
- लीवर (जिगर) तिल्ली का बड़ा होना, फैटी लीवर
- गले में रूकावट, खाना निगलने में तकलीफ
- खाने के बाद उल्टी का इलाज
- गैस, बदहजमी (खाना न पचना) अफरा या पेट फूलना
- छाती में जलन/दर्द, खट्टी डकार
- खून की उल्टी और लैट्रिन (टट्टी) में खून आना
- बार-बार दस्त लगना, खूनी दस्त
- भूख न लगना, वजन घटना
- लीवर में मवाद (पस) / फोड़ा
- पेट में दर्द होना
- पेट/आंतो में टी.बी.
- कब्ज/पेट साफ न होना
- पेंक्रियाज की सूचन
- शराब से हुई लीवर (जिगर) की बिमारियाँ
- अल्सरेटिव कोलाइटिस (आई.बी.डी.)
- पित्त की नली, पेंक्रियाज की नली की पथरी या सिकड़न का इलाज

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीतू वर्मा
एम.बी.बी.एस., डी.जी.ओ. (कानुपर)
स्त्री एवं प्रसूति रोग, बाँझपन रोग विशेषज्ञ
भूतपूर्व परामर्श चिकित्सक
महारानी लक्ष्मीबाई मेडिकल कॉलेज, झाँसी
परामर्श
समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 03:00 बजे तक

निम्न रोगों के विशेषज्ञ
- गर्भवती महिला का सम्पूर्ण जाँच
- नॉर्मल डिलीवरी एवं दर्द रहित नॉर्मल डिलीवरी
- ऑपरेशन द्वारा बच्चे का जन्म
- बच्चेदानी व अण्डेदानी से रसौली का दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन
- नि:संतान रोगी का जाँच व इलाज
- बच्चेदानी के कैंसर की जाँच व इलाज

जनरल सर्जरी-दूरबीन विधि के द्वारा पित्ते की थैली का ऑपरेशन हार्निया, हाइड्रोसिल एवं अपेंडिक्स के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध

ENDOSCOPY ERCP
COLONOSCOPY FIBROSCAN
SIGMOIDOSCOPY

Ph.: 0591-3560194
9410477870, 9758362794

Z-16
आशियाना-2, 24 मी. रोड,
निकट विवेकानन्द हॉस्पिटल, अम्बेडकर पार्क, मुरादाबाद
समय : सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक एवं सायं 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक
(रविवार में केवल इमरजेन्सी)

24 घंटे इमरजेन्सी की सुविधा
24 घंटे इमरजेन्सी पैथोलॉजी की सुविधा

## शहर में आज



- 251 जोड़ों द्वारा महादेव का सामूहिक रूद्राभिषेक दिल्ली रोड स्थित राधाकृष्ण मंदिर में सुबह 8:00 बजे।
- प्रदेश के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा सर्किट हाउस सभागार में ऊर्जा (बिजली) विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक करेंग 3:00 बजे।
- कांठ रोड पर नगर निगम द्वारा निर्मित शिव दरबार का लोकार्पण 4:30 बजे।
- साहित्यिक मुरादाबाद की ओर से दिग्गज मुरादाबादी की स्मृति में सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी दयानंद आर्य कन्या महाविद्यालय में 3:00 बजे।


### फाइव डी मोशन थिएटर, 3 डी होलोग्राफिक प्रोजक्शन की भी मिलेगी सौगात

# शिव दरबार व हनुमान वाटिका का लोकार्पण आज

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** तीन महीने से करोड़ों रुपये की महत्वपूर्ण परियोजनाओं के लोकार्पण का इंतजार समाप्त हो गया है। रविवार को प्रदेश के नगर विकास और ऊर्जा मंत्री एके शर्मा कांठ रोड पर नगर निगम द्वारा निर्मित शिव दरबार व यात्री लोकोशेड के अलावा बुद्धि विहार में हनुमान वाटिका का लोकार्पण करेंगे। इसके साथ ही कंपनी बाग में फाइव डी मोशन थिएटर चेयर, 3 डी होलोग्राफिक प्रोजक्शन की भी नागरिकों को सौगात मिलेगी।

नगर विकास व ऊर्जा मंत्री रविवार को दोपहर में दिल्ली रोड स्थित सर्किट हाउस पहुंचेंगे। यहां पर वह पहले ऊर्जा (बिजली) विभाग के अधिकारियों के साथ और फिर नगर विकास विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर विभागीय योजनाओं व कार्यों की प्रगति की समीक्षा करेंगे। इसके बाद मुरादाबाद-कांठ-हरिद्वार रोड पर कांवड़ पथ पर नगर निगम द्वारा बनवाए गए शिव दरबार की विशालकाय प्रतिमा का लोकार्पण करेंगे। इसके बाद सिविल लाइंस में छत्रपति शिवाजी की मूर्ति का अनावरण करेंगे। इसके बाद कंपनी बाग में नगर निगम द्वारा बनवाए गए प्रदेश के महत्वपूर्ण फाइव डी मोशन थिएटर चेयर और 3 डी होलोग्राफिक प्रोजेक्शन का लोकार्पण करेंगे। फिर नगर निगम के एकीकृत कमांड कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण करने के बाद बुद्धि विहार में बने हनुमान वाटिका का लोकार्पण करेंगे।



कंपनी बाग में चिल्ड्रन पार्क में बना फाइव डी मोशन थिएटर। ● अमृत विचार




कांठ रोड पर नगर निगम द्वारा बनवाई गई भगवान शिव की मूर्ति। ● अमृत विचार

# कांवड़ पथ पर भोले के जयकारों की गूंज

### दिल्ली रोड, मुरादाबाद-हरिद्वार रोड से होकर हरिद्वार व बृजघाट से गंगाजल ला रहे कांवड़िये

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** सावन के दूसरे सोमवार को आस्था के जल से भोलेनाथ का अभिषेक शिवभक्त करेंगे। इसके लिए हरिद्वार और बृजघाट से गंगाजल लेने और लेकर लौटने का क्रम तेज हो गया है। रात से लेकर रविवार तक संख्या और बढ़ जाएगी। इसको देखते हुए प्रशासन व पुलिस के अधिकारी दिल्ली रोड, मुरादाबाद हरिद्वार व और रामपुर रोड पर व्यवस्था बनाने में जुटे हैं।

कांवड़ पथ पर दिन रात बोल बम, हर हर महादेव का जयघोष करते शिवभक्त कांवड़ में गंगाजल लेने के लिए हरिद्वार और बृजघाट रवाना होकर महानगर से गुजर रहे हैं। कई कांवड़ियों के जत्थे गंगाजल लेकर गंतव्य की ओर से तेजी से लौट रहे हैं। रात से लेकर रविवार शाम तक हजारों की संख्या में कांवड़िये महानगर के दिल्ली, रामपुर और मुरादाबाद-कांठ-हरिद्वार रोड से होकर लौटेंगे। इसमें मुरादाबाद के अलावा रामपुर, बरेली, अमरोहा व संभल के कांवड़िये भी शामिल हैं। बोल बम का जयघोष करते हुए शिवभक्त भोले की भक्ति में डूबे हुए अपने पांवों के छालों की परवाह किए बिना डग भर रहे हैं। कांवड़ जत्थे में बड़े, बच्चे, युवा और बुजुर्गों के अलावा बड़ी संख्या में महिलाएं भी शामिल हैं। किसी ने कामना पूरी करने के लिए कांवड़ उठाया है तो कोई शिव की आस्था के वशीभूत कांवड़ लाने को अपने जिंदगी का हिस्सा बना रहा है। भक्ति में डूबे शिवभक्तों के जयघोष से महानगर में हर ओर शिव की आस्था का रंग दिख रहा है।

वहीं, दिल्ली रोड, मुरादाबाद-कांठ-हरिद्वार रोड पर सेवा शिविरों के लिए पंडाल लग गए हैं। कई शिविर तीसरे व चौथे सोमवार से पहले शुरू होंगे तो कई में व्यवस्था अभी से की जा रही है। कांठ रोड पर मधुबनी, किला तिराहा के पहले व दिल्ली रोड पर भी कई शिविर में कांवड़ियों के विश्राम के लिए व्यवस्था की गई है। प्रशासन व पुलिस के अधिकारी दिन रात कांवड़ मार्ग पर व्यवस्था बनवाने के साथ ही सुरक्षा और यातायात प्रबंधन की निगरानी कर रहे हैं। जिलाधिकारी अनुज सिंह ने कहा कि कांवड़ियों के लिए कांवड़ पथ पर सभी प्रबंध किए गए हैं। कहीं कोई कमी की जानकारी मिलेगी तो तत्काल दूर कराएंगे। शिवभक्तों के इलाज के लिए चिकित्सा विभाग की ओर से शिविर भी लगे हैं।



हरिद्वार से गंगाजल लेकर मुरादाबाद से गुजरते शिव भक्त। ● अमृत विचार



कांठ रोड से गुजरते शिव भक्त।

## सार-संक्षेप

### सविता बनीं तीज महारानी



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के रेस्टोरेंट में जाट महिला महासभा ने तीजोत्सव मनाया। इसमें हाऊजी, मनोरंजक गेम खेले गए। सदस्यों ने तीज उत्सव का आनंद लिया। सविता चौधरी को तीज महारानी चुना गया और उन्हें पटका व तीज मुकुट पहनाया गया। इस दौरान यूपी जाट महिला महासभा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. संगीता चौधरी, सलाहकार अंजू लोचब, कोषाध्यक्ष सुनीता सिंह, महासचिव रूपा चौधरी, उपाध्यक्ष ममता सिंह, ऊषा सिंह, सविता, नीरू, आशा चौधरी, रीटा सिंह, प्रमोद, रीता चौधरी, संगीता आदि की मौजूदगी रही।

### जयंती पर याद किए गए बलिदानी मंगल पांडे




**मुरादाबाद, अमृत विचार :** अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा महानगर की ओर से शनिवार को बलिदानी मंगल पांडे की जयंती दिव्य सरस्वती बालिका इंटर कॉलेज में मनाई गई। उनके चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि वह भारत माता के वीर सपूत थे जिन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध आवाज उठाई। हमें अपने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए उनके बताए रास्ते पर चलना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता अनिल कुमार शर्मा और संचालन विमलेंद्र कुमार शर्मा विमल ने किया। इस दौरान डॉ. प्रदीप शर्मा, डॉ. शरद शर्मा, नकुल शर्मा, राकेश शर्मा, अमित शर्मा, राजू राजवीर शर्मा, अरुण कौशिक शर्मा, जीसी शर्मा आदि मौजूद रहे।

### कांग्रेसियों ने मनाई मंगल पांडेय की जयंती



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के चौमुखा पुल स्थित कांग्रेस के महानगर कार्यालय पर शनिवार को प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के अग्रदूत पंडित मंगल पांडेय की जयंती मनाई। इसकी अध्यक्षता महानगर कांग्रेस अध्यक्ष जुनैद इकराम ने की। कार्यक्रम की शुरुआत मंगल पांडेय के चित्र पर माल्यार्पण से की गई। कांग्रेसियों ने उनके शौर्य और बलिदान को याद करते हुए कहा कि बैरकपुर छावनी से उठी उनकी क्रांति-ज्वाला ने पूरे देश में स्वतंत्रता की अलख जगा दी। महानगर अध्यक्ष ने कहा कि मंगल पांडेय का अदम्य साहस हर देशवासी के लिए प्रेरणास्रोत है। उनका बलिदान हमें लोकतंत्र और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सतत सचेत करता है। इस मौके पर अनुभव मेहरोत्रा, असद मौलाई, नजाकत ठेकेदार, अशोक कपूर, पार्षद नदीमुद्दीन कातिब, जईम चौधरी, नितिन शर्मा, जमीर अंसारी, जावेद नबी खान, पार्षद राशिद अली, पार्षद भारतीय परवेज इस्लात, सद्दाम हुसैन, अफसर अंसारी, अनुराग शर्मा, ताजदार उस्मानी, डॉ. शरद शर्मा व महफूज उर्फ राजा समेत अन्य कांग्रेसी शामिल रहे।

## हादसे में बाइक सवार कांवड़िया घायल

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** जनपद बदायूं जिले के थाना वजीरगंज क्षेत्र के निवासी मोहित और अंशुल साथियों के साथ हरिद्वार से गंगाजल लेने बाइक से जा रहे थे।

शनिवार की दोपहर के समय जब कांवड़ियों का जत्था सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के सोनकपुर बाईपास पुल की ठोकर के पास पहुंचा तो पीछे से आ रही पिकअप ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कांवड़ियों ने पुलिस को सूचना दी। सिविल लाइंस थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल मोहित को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद मोहित की हालत को नाजुक बताते हुए हुए उसे निजी अस्पताल में रेफर कर दिया। हादसे में शामिल पिकअप वाहन को पुलिस ने कब्जे में ले लिया है।

# 14 अगस्त से बीएलओ घर-घर जाकर करेंगे गणना और सर्वेक्षण

- त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के लिए चल रहा है मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्य
- मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2026 को किया जाएगा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** अगले साल होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां जिले में चल रही हैं। जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुज सिंह ने जिले में त्रिस्तरीय पंचायतों की मतदाता सूची का आयोग द्वारा जारी समय सारणी के अनुसार पुनरीक्षण कराने का निर्देश दिया है।

उन्होंने बताया कि 18 जुलाई से शुरू हुई प्रक्रिया में 13 अगस्त तक किसी ग्राम पंचायत के आंशिक भाग के किसी अन्य ग्राम पंचायत अथवा नगरीय निकाय में शामिल होने की स्थिति व विलोपन और मतदाता सूची के प्रिंट करने की कार्रवाई बीएलओ और पर्यवेक्षकों के कार्य क्षेत्र का आवंटन, प्रशिक्षण और स्टेशनरी आदि का वितरण किया जाएगा। 14 अगस्त से 29 सितम्बर तक बीएलओ घर-घर जाकर गणना और सर्वेक्षण करेंगे। हस्तलिखित पाण्डुलिपि तैयार करने की अवधि आनलाइन आवेदन करने की तिथि 14 अगस्त से 22 सितम्बर तक है।

आनलाइन मिले आवेदन पत्रों की घर-घर जाकर जांच 23 से 29 सितम्बर तक की जाएगी। निर्वाचक गणना पत्रक के आधार पर परिवर्धन, संशोधन एवं विलोपन की तैयार हस्तलिखित पाण्डुलिपि सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय में जमा करने की तिथि 30 सितम्बर से 6 अक्टूबर तक है। ड्राफ्ट नामावलियों के कम्प्यूटरीकरण के पाण्डुलिपि 7 अक्टूबर से 24 नवम्बर तक तैयार होगा। मतदाता सूची के कम्प्यूटरीकरण के बाद मतदान केन्द्र/स्थलों का क्रमांकन, मतदाता क्रमांक, मतदेय स्थलों के वार्डों की मैपिंग, मतदाता की डाउनलोडिंग, फोटो प्रतियां कराने की तारीख 25 नवम्बर से 4 दिसम्बर निर्धारित है। अनन्तिम मतदाता सूची का प्रकाशन 5 दिसम्बर को होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि पुनरीक्षण कार्य के दौरान सार्वजनिक अवकाश के दिन संबंधित कार्यालय खुले रहेंगे।

# कांवड़ियों में दिख रहे डेंगू-मलेरिया के लक्षण

- कांवड मार्ग पर भी जगह-जगह पसरी गंदगी, अधिकारी बने अनजान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** शहर में हो रही बारिश जहां लोगों को गर्मी से राहत दे रही है तो वहीं डेंगू और मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ा दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने हाल ही में डेंगू और मलेरिया के नए मामलों की पुष्टि की है, इसके बावजूद फॉगिंग और सफाई अभियान न होने से स्थिति और गंभीर होती जा रही है। खासकर पाकबड़ा, कटघर, रामपुर दोराहा, दलपतपुर कांवड़ यात्रा के मार्गों पर जहां गंदगी है तो वहीं रोडवेज के पास नालों के आसपास मच्छर लोगों पर हावी हो रहे हैं।

कांवड़ यात्रा के दौरान लाखों श्रद्धालु शहर से गुजरते हैं, लेकिन इन मार्गों पर नियमित फॉगिंग न होने से दिक्कतें बढ़ रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार शहर में अभी मलेरिया के 12 ही मामले हैं। बीते सप्ताह डेंगू के मामला सामने आया है। ये आंकड़े तो सिर्फ सरकारी हैं लेकिन सीएचसी, पीएचसी के साथ ही जिला अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले कावंड़ियों में मलेरिया के लक्षण मिल रहे हैं। केवल अधिकारिक आंकड़ों तक सीमित हैं। जिला मलेरिया अधिकारी पीएन यादव ने बताया कि डेंगू और मलेरिया के चिह्नित स्थानों पर विशेष सफाई अभियान चलाने के लिए सहयोगी विभागों को जून में ही पत्र जारी किया गया था। नाला-नालियों की साफ-सफाई, कूड़ा उठान और फॉगिंग कराने के लिए कर्मचारियों को निर्देशित किया हुआ है। समय-समय पर इसकी जांच भी की जा रही है।

सम्मान | बच्चों के लिए जीवन में माता-पिता का संघर्ष देखने के बाद लिया था संकल्प

# माता-पिता का भी अभिषेक करेंगे चार दोस्त

- चारों दोस्तों ने माता-पिता के संघर्ष का महत्व बताया

शुभम शर्मा, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** माता-पिता की सूरत में प्रभु की मूरत देखने वाले रामपुर जिले के चार दोस्तों की टोली ने कंधे पर कांवड़ उठाई है। बृजघाट और हरिद्वार व अन्य तीर्थ स्थलों से जल भरकर एक ओर जहां कांवड़िये भगवान शंकर का अभिषेक करेंगे तो वहीं ये टोली भूत भावन भोलेनाथ के साथ ही माता-पिता का भी गंगाजल से अभिषेक करेंगे।

भगवान शिव के प्रिय सावन के इस महीने में डगर-डगर पर हर-हर बम-बम के जयकारे गूंज रहे हैं। किसी ने कुछ पाने की मन्नत को लेकर तो किसी ने कुछ पा लेने की मुराद पूरी होने के बाद भगवान शंकर की कांवड़ उठाई है। रामपुर के शाहबाद में लखी बाग स्थित प्राचीन शिव मंदिर निवासी चार दोस्त सुरेंद्र कुमार, नरेंद्र लोधी, लोकेश वर्मा और सोनू ने अपनी किसी मनोकामना के लिए नहीं बल्कि अपने माता-पिता के अच्छे स्वास्थ्य की कामना को लेकर हरिद्वार से जल भरा है।

शनिवार को कांठ रोड पर विश्राम के लिए रुके सुरेंद्र ने बताया कि माता-पिता का कर्ज इस जन्म में तो क्या किसी भी जन्म में चुकाया नहीं जा सकता है। उन्हें खुश रखना ही संतान का दायित्व है। बताया कि सावन शुरू होने के एक सप्ताह पहले मन में ख्याल आया कि जीवन भर माता-पिता बच्चों के लिए कितना संघर्ष करते हैं लेकिन अपनी तकलीफ का एहसास तक नहीं होने देते। उनके लिए ऐसा क्या करें जो उनका मन प्रफुल्लित हो उठे तो सोचा कि मंदिर में बैठे भगवान के साथ ही घर में बैठे भगवान का भी सावन में क्यों न अभिषेक किया जाए।

इस विचार को अपने तीन अन्य दोस्तों के साथ साझा किया। सभी एकमत होकर 15 जुलाई को हरिद्वार पहुंचे और भगवान शंकर के साथ माता-पिता का नाम लेकर अपने गांव के लिए कांवड़ में गंगाजल लेकर रवाना हुए हैं।



हरिद्वार से कांवड़ लेकर आते सुरेंद्र, नरेंद्र लोधी, लोकेश वर्मा और सोनू। ● अमृत विचार

**आज का मौसम**

धूप रहेगी, बादलों की आवाजाही से छिटपुट बूंदाबांदी भी हो सकती है।

32.0° अधिकतम तापमान | 25.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:29 | सूर्यास्त 07:14

## एक नजर

### पैदल पुल हटाने की मांग मंडलायुक्त से मिले व्यापारी

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : व्यापारी सुरक्षा फोरम व उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के संयुक्त तत्वावधान में व्यापारियों के प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मंडलायुक्त से मुलाकात की। इसमें शामिल नितिन राज व हरी वसीम आदि ने मंडलायुक्त से इंपीरियल चौराहे पर प्रस्तावित पैदल पुल के बारे में समस्याएं बताईं। व्यापारियों ने कहा कि यह पैदल पुल दुकानों के ठीक सामने बनाया जा रहा है। जिससे न केवल उनकी दुकानें ढक जाएंगी, बल्कि ग्राहकों का आवागमन भी बाधित होगा। पुल को किसी अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित किया जाए। इस दौरान अभिनव सिंघल, रामावतार रस्तोगी, संदीप बजाज, अजय नारायण, अजय कक्कड़, अशोक रहेजा, गौर चौधरी आदि मौजूद रहे।

### खाते से ठगों ने निकाले 4.35 लाख रुपये

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : थाना सिविल लाइंस क्षेत्र की राम आश्रम कालोनी निवासी रवि प्रकाश रेलवे से सेवानिवृत हैं। उन्होंने एसएसपी को दिए शिकायती पत्र में बताया कि उनका पेंशन खाता एसबीआई शाखा स्टेशन रोड में है। पीड़ित के अनुसार 10 जुलाई को उनके खाते से तीन बार में 1.90 लाख, 1.95 लाख और 50 हजार रुपये, कुल 4.35 लाख रुपये अज्ञात साइबर अपराधियों ने धोखाधड़ी से निकाल लिये। जैसे ही रवि प्रकाश के मोबाइल पर रुपये निकासी के मैसेज आए वह बैंक पहुंचे तो उन्हें पता चला कि उनके साथ साइबर ठगी हुई है। पीड़ित की शिकायत पर एसएसपी सतपाल अंतिल ने सिविल लाइंस थाना पुलिस को एफआईआर दर्ज करने के आदेश दिए।

## चाइनीज मांझे से दो युवक घायल

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : थाना सिविल लाइंस क्षेत्र की आवंतिका कॉलोनी में शनिवार को आंबेडकर पार्क के पास गुजरते समय कॉलोनी निवासी रवि तिवारी की गर्दन चाइनीज मांझे से कट गई। खून से लथपथ हालत में रवि ने जिला अस्पताल पहुंचकर प्राथमिक उपचार कराया। इसके बाद सिविल लाइंस थाने में तहरीर देकर मांझा सप्लायरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। वहीं इसी कॉलोनी के अनिरुद्ध अरोड़ा घर जाते समय मांझे की चपेट में आ गए। गर्दन बचाने की कोशिश में उनकी एक उंगली गहराई से कट गई। सिविल लाइंस थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष सक्सेना ने बताया कि तहरीर के आधार पर चाइनीज मांझे की जानकारी की जा रही है।

### अपर आयुक्त की अध्यक्षता में मण्डलीय उद्योग बन्धु समिति की बैठक

# गागन के किनारे कूड़ा डालने वालों पर करें कारवाई

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रेलवे समपार के प्रस्ताव को अनुमोदन के लिए भेजा
- दलपतपुर में सड़क के शेष एस्टीमेट का भी प्रस्ताव भेजा




**अमृत विचार** : अपर आयुक्त सर्वेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को आयुक्त कार्यालय सभागार में मंडलीय उद्योग बंधु की बैठक हुई। इसमें निर्यातकों एवं औद्योगिक संगठनों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया गया।

प्रेम वंडर लैंड के समीप स्थित रेलवे समपार 413-ए पर दूसरे चरण में अतिरिक्त दो लेन उपरिगामी सेतु के निर्माण के सम्बन्ध में उप परियोजना प्रबन्धक ने बताया कि पूरी वित्तीय वर्ष 2025-26 की कार्ययोजना में सम्मिलित कर प्रस्ताव शासन को अनुमोदन के लिए भेजा जा चुका है।

अपर आयुक्त ने डियर पार्क के संचालन के लिए डीएफओ मुरादाबाद को कार्रवाई करने और गागन नदी के किनारे-किनारे कूड़ा कचरा डालने वालों पर कारवाई की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि पूरी जिम्मेदारी सिंचाई विभाग की है। साथ ही नगर निगम और प्रदूषण विभाग भी कारवाई करे। ई-वेस्ट रिसाइक्लिंग के सम्बन्ध में नगर निगम के प्रतिनिधि को डोर-टू-डोर कूड़ा संग्रहण और जागरुकता अभियान चलाकर कूड़ा संग्रहण कराने और संवेदनशील अपशिष्ट का डिस्पोजल कराने का निर्देश दिया।

डोलरा गांव निकट दलपतपुर में ड्राइपोर्ट परियोजना के लिए सड़क चौड़ीकरण की मंजूरी के संबंध में लोक निर्माण विभाग के अभियंता ने बताया कि 6 मीटर रोड बन गई है, शेष एस्टीमेट बनाकर शासन को भेजा गया है, इसकी स्वीकृति के बाद कार्य कराया जाएगा। रामपुर दोराहा (ग्राम बरवाला मझरा) की पानी निकासी के लिए लोक निर्माण विभाग को सर्वे कराकर तकनीकी सलाह प्राप्त करने का निर्देश अपर आयुक्त ने दिया। उद्योग बंधु समिति की बैठक हर महीने जिला स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कराने और जिन समस्याओं का निस्तारण जिले स्तर पर न हो रहा हो उसे मंडल स्तर पर मंडलीय समिति को अग्रसारित करने का निर्देश मंडल के सभी उपायुक्त उद्योगों को दिया।




# 58 कमर्शियल वाहनों का पंजीकरण निरस्त 60 चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस किए रद

## परिवहन नियमों की अनदेखी पर बड़ी कार्रवाई, परिवहन अधिकारी ने दी चेतावनी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आरटीओ प्रवर्तन ने नियमों की अनदेखी पर वाहनों को सीज करने दी चेतावनी
- संभागीय परिवहन विभाग ने धारा 86 के अंतर्गत की सख्ती

**अमृत विचार** : संभागीय परिवहन विभाग ने जिले में नियमों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे कमर्शियल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई की है। मोटरयान अधिनियम की धारा 86 के तहत विभाग ने 58 वाणिज्यिक वाहनों का पंजीकरण व परमिट तक निरस्त कर दिया है। इसके अतिरिक्त 60 व्यावसायिक वाहनों के चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस रद्द किए गए हैं। विभाग की इस कार्रवाई से व्यावसायिक वाहन स्वामियों और चालकों में हड़कंप मच गया है।

आरटीओ प्रवर्तन पंकज संदीप ने बताया कि विभाग की ओर से मनमाने ढंग से व्यावसायिक वाहन परमिट के मानक पूरे किए बिना ही चलाए जाए रहे थे। इसको लेकर पहले सभी ऐसे वाहनों की परमिट की जांच कराई गई, जिसमें परमिट के अनुसार सभी मानकों के मुताबिक नियमों के नवीनीकरण प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। इसको लेकर कई बार स्वामियों को नोटिस भी दिए गए थे। लेकिन कोई भी व्यावसायिक वाहनों के मानक को पूरा करने के लिए औपचारिकताएं पूरी नहीं कर रहा था। जिसके बाद ऐसे वाहनों के टीम बनाकर चेकिंग कराई गई। जांच में यह सामने आया कि ये वाहन परमिट के निर्धारित मानकों को पूरा नहीं कर रहे हैं।

> सड़क सुरक्षा और यातायात अनुशासन सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने व्यावसायिक वाहन स्वामियों और चालकों से अपील की है कि वे अपने सभी दस्तावेज समय से नवीनीकरण कराएं। टैक्स समय से जमा करें और परिवहन नियमों का कड़ाई से पालन करें।
> –**पंकज संदीप**, संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन

इनका संचालन नियमानुसार नहीं किया जा रहा था। कई मामलों में चालक बिना वैध लाइसेंस या फिटनेस दस्तावेजों के वाहन चला रहे थे। कुछ वाहनों में ओवरलोडिंग, टैक्स चोरी और नियमों के विपरीत रूट पर संचालन की भी पुष्टि हुई। जिसके बाद कार्रवाई का चाबुक चला और जांच के बाद लगातार निगरानी अभियान चलाया। विभागीय अधिकारियों की दो टीम बनाकर परमिट शर्तों का उल्लंघन, फिटनेस की कमी, टैक्स न चुकाना तथा चालक के लाइसेंस में अनियमितताओं जैसे गंभीर मामलों को चिह्नित किया गया। जिसके बाद धारा 86 के अंतर्गत ऐसे 58 व्यावसायिक वाहनों के पंजीकरण और परमिट निरस्त किए गए। वहीं 60 व्यावसायिक वाहनों के चालकों का लाइसेंस पर रद्द की कार्रवाई की गई, साथ ही जुर्माना की लगाया गया। वाहन मालिकों को परिवहन अधिकारी ने चेतावनी देते हुए कहा कि भविष्य में भी नियमों के उल्लंघन पर बख्शा नहीं जाएगा। यदि कोई वाहन या चालक नियमों के विरुद्ध कार्य करता पाया गया, तो उसके विरुद्ध बिना किसी पूर्व सूचना के लाइसेंस व पंजीकरण रद्द करने जैसी सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई न केवल कानून व्यवस्था को बनाए रखने की दिशा में अहम कदम है, बल्कि सड़क सुरक्षा को लेकर विभाग की गंभीरता को भी दर्शाती है।

## गोवंशों को नहीं मिल रहा इलाज, चिकित्सकों को भेजा नोटिस

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : जनपद की कई गोशालाओं में गोवंश की बदहाल स्थिति सामने आई है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी के बिलारी, कुंदरकी और ठाकुरद्वारा की गोशालाओं के औचक निरीक्षण में गोवंश के इलाज और देखरेख में गंभीर लापरवाही उजागर हुई है। उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

गो सेवा योजनाओं की हकीकत खुद मुख्य चिकित्साधिकारी के गोशालाओं के निरीक्षण में सामने आई। जबकि लाखों रुपये गोवंश संरक्षण व संवर्धन पर खर्च किए जा रहे हैं। कई गोशालाओं में चारा-पानी की कमी, गोवंशों की उपेक्षा और स्टाफ की लापरवाही चल रही है। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी सुनील दत्त ने बिलारी, कुंदरकी, ठाकुरद्वारा में गोशाला का निरीक्षण किया तो न तो छाया और न पानी की व्यवस्था मिली। कई गोवंश इलाज के अभाव में बीमार मिले। मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने नाराजगी जताई। उन्होंने संबंधित पशु चिकित्सकों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

## सांसद इकरा हसन के समर्थन में उतरीं सपा सांसद रुचि वीरा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने पर जताई कड़ी आपत्ति

**अमृत विचार** : कैराना से समाजवादी पार्टी की सांसद इकरा हसन के बारे में सोशल मीडिया पर वायरल हुए आपत्तिजनक वीडियो और संदेश के विरोध में अब मुरादाबाद से सपा सांसद रुचि वीरा उनके समर्थन में उतर आई हैं। सांसद ने इसे बेहद निंदनीय, आपत्तिजनक और महिला गरिमा के खिलाफ बताया।

शनिवार को करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर योगेंद्र सिंह राणा की आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद राजनीतिक गलियारों में उबाल रहा। मुरादाबाद से सपा सांसद रुचि वीरा ने कहा कि इकरा हसन महिला सांसद हैं, और मैं स्वयं भी महिला सांसद हूं। किसी भी महिला के खिलाफ इस तरह की भाषा और वीडियो अस्वीकार्य है। यह सिर्फ एक व्यक्ति नहीं, बल्कि पूरे लोकतंत्र और महिला अस्मिता पर हमला है। इस शर्मनाक हरकत के लिए दोषी पर कार्रवाई होनी चाहिए। करणी सेना के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर योगेंद्र सिंह राणा द्वारा फेसबुक पर आपत्तिजनक वीडियो को लेकर सांसद संसद में इस हरकत को मजबूती से उठाने की बात कह रही है। राणा की यह हरकत महिला समाज का अपमान करने जैसी है। वीडियो में उन्होंने इकरा हसन से निकाह करने की इच्छा जताते हुए आपत्तिजनक और निजी टिप्पणियां उनकी ओछी मानसिकता और उनके परिवार के दिए गए संस्कार का परिचय करा रही है। साथ ही उन्होंने एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी और उनके भाई अकबरुद्दीन ओवैसी को लेकर भी आपत्तिजनक बातें कही है। इस घटना को लेकर राजनीतिक और सामाजिक संगठनों में तीव्र नाराजगी है। इसे महिला गरिमा पर हमला बताते हुए कई संगठनों ने आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। सोशल मीडिया पर भी इस मुद्दे को लेकर तीखी प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है।

# पुलिस को मिलीं रात में ड्रोन उड़ने की 111 शिकायतें

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- एसपी सिटी व सीओ सिविल लाइंस ने गांवों में जानकारी की

**अमृत विचार:** जनपद में गांवों के ऊपर दिन और रात में मंडरा रहे ड्रोन की शिकायत पर पीआरवी पुलिस भी लगातार दौड़ रही है। जिले भर पिछले सात दिनों के अंदर 111 शिकायत लोगों ने 112 नंबर पर फोन करके ड्रोन उड़ने की दर्ज कराई है। शनिवार दोपहर दो बजे से शाम पांच बजे अभियान के तहत पुलिस जिले के सभी गांवों तक पहुंची। ड्रोन उड़ाने वालों को पकड़ने के लिए हर थाना क्षेत्र में दो-दो पुलिस टीम नियुक्त की है। वहीं एसपी सिटी, सीओ सिविल लाइंस पुलिस के साथ कई गांवों में पहुंचे और जानकारी ली।

ड्रोन के मामले अब तक छजलैट, पाकबड़ा और कांठ क्षेत्र के गांवों के ऊपर मंडराने वाले ड्रोन अब मूंढापांडे तक पहुंच गए हैं। शुक्रवार रात मूंढापांडे क्षेत्र के गांव खाइखेड़ा के ऊपर ड्रोन मंडराया तो ईंट भट्ठा संचालक नासिर हुसैन ने अपने मोबाइल से वीडियो बनाई। नासिर हुसैन ने बताया कि लगभग 11 बजे गांव के ऊपर ड्रोन मंडरा रहा था। अक्का डिलारी के ग्राम प्रधान उस्मान अली ने बताया कि दो दिन से गांव के ऊपर ड्रोन मंडरा रहे हैं। गोधनपुर गांव के ग्राम प्रधान विक्की ठाकुर ने बताया कि शुक्रवार रात के ऊपर ड्रोन उड़ता हुआ देखा गया है। इसकी सूचना पुलिस को दी थी। पाकबड़ा क्षेत्र के गांव समातल के ग्राम प्रधान संजीव कुमार ने बताया कि पिछले कई दिनों से गांव के ऊपर ड्रोन उड़ रहे हैं। जैसे ही लोग एकत्र होते हैं तो ड्रोन चला जाता है। आसकपुर गोपाल के ग्राम प्रधान ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि ड्रोन तो कई दिनों से उड़ रहे हैं, लेकिन अब तो संदिग्ध लोग भी दिखाई देने लगे। गांव गिन्दौड़ा के ग्राम प्रधानपति जितेंद्र कुमार ने बताया कि बीते गुरुवार की रात पहले ड्रोन उड़ा और उसके बाद कुछ संदिग्ध लोग दिखाई दिए। ग्रामीणों के साथ मिलकर उनका पीछा किया, लेकिन वह भाग गए। पुलिस ने लोगों से कहा कि कोई भी व्यक्ति कानून हाथ में न लें।

## कई गांवों में दिखा ड्रोन, रात में जागने को लोग मजबूर

**पाकबड़ा, अमृत विचार** : पाकबड़ा समेत आसपास के कई गांवों में भी रात को ड्रोन दिखने से लोग बेचैन हैं। लोग रात भर जाकर पहरेदारी कर रहे हैं। लेकिन अभी तक पुलिस एवं ग्रामीणों की पकड़ से बहुत दूर हैं।

आसपास के कई गांवों में रात में ड्रोन दिखाई दे रहे हैं। लोग अब रात भर जाग कर अपनी सुरक्षा कर रहे हैं। पुलिस भी ड्रोन की तलाश में रातों को गांव-गांव घूम रही है। थाना क्षेत्र के पाकबड़ा कस्बा समेत गुरेठा, लोधीपुर राजपूत, मोढ़ा तैया, पाट वाली मिलक, गिंदोड़ा, समाथल एवं मझोला के गांव उत्तमपुर बहलोलपुर, चौधरपुर, डिडोरा समेत कई गांवों में रातों को ड्रोन दिखाई दे रहे हैं। ड्रोन को देखते ही लोग सतर्क हो जाते हैं। कोशिश करते हैं कि उनका पीछा किया जाए। लेकिन कुछ दूर दिखने के बाद वह ओझल हो जाता है। थाना प्रभारी विनोद कुमार ने बताया जहां भी सूचना मिलती है। पुलिस पहुंचती है लेकिन ड्रोन गायब हो जाते हैं। अभी तक उसकी कोई सूचना नहीं मिल पा रही है न ही कोई ड्रोन अभी पकड़ा गया है।

# कांग्रेसियों ने जिला कार्यालय पर कब्जे की साजिश में पुलिस पर लगाए आरोप

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जिला कार्यालय के संबंध में एसपी देहात को ज्ञापन देते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

- कांग्रेसियों ने एसएसपी को ज्ञापन सौंप कर पुलिस सुरक्षा में कार्यालय की मरम्मत की मांग की

**अमृत विचार** : कांग्रेसियों ने जिला कांग्रेस कार्यालय को कुछ लोगों द्वारा क्षतिग्रस्त करने और पुलिस द्वारा शिकायतों की अनदेखी का आरोप लगाकर शनिवार दोपहर एसएसपी कार्यालय पहुंचकर प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोपियों और कोतवाली पुलिस के दरोगा के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस सुरक्षा में पार्टी कार्यालय की मरम्मत कराने की मांग कराने का ज्ञापन सौंपा।

कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विनोद गुंबर के नेतृत्व में कांग्रेसी एसएसपी कार्यालय पहुंचे और नारेबाजी की। एसएसपी की गैरमौजूदगी में एसपी देहात कुंवर आकाश ने सभी नेताओं को कार्यालय में बुलाकर मामले की जानकारी ली। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि गुरहट्टी चौराहा स्थित पार्टी कार्यालय पिछले 70 वर्षों से कांग्रेस का राजनीतिक केंद्र रहा है, लेकिन कुछ सालों से ज्वेलर्स के मालिक व उनके साथी द्वारा जालसाजी कर कार्यालय पर कब्जा करने की कोशिशें की जा रही हैं। बताया कि ज्वेलर्स सिर्फ नीचे की दुकान का मालिक हैं, लेकिन झूठे दावे कर ऊपरी मंजिल स्थित कांग्रेस कार्यालय पर भी कब्जा जताते हैं। कांग्रेसियों ने बताया रात में कार्यालय के भीतर चोरी-छिपे तोड़फोड़ की जा रही है, जिसकी कई बार शिकायत कोतवाली में दी जा चुकी है, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई। आरोप लगाया कि कंजरी सराय चौकी प्रभारी आरोपियों से मिले हुए हैं। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने एसएसपी से दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि कांग्रेस कार्यालय को पुलिस सुरक्षा में लेकर मरम्मत कराने की मांग की। इस दौरान जुनैद कुरैशी, असलम खुर्शीद, अजय सारस्वत सोनी, असद मौलाई, प्रवक्ता सुधीर पाठक, अमीरुल हसन जाफरी, अनूप दुबे, अजय गोपाल रस्तोगी, मोहम्मद अब्बास, अशरफ अली, राजेश पाल, विजयराज सैनी, सबा सैफी, पूनम कश्यप, सुशीला कश्यप, डॉ. सिराजुद्दीन, शमीम चौधरी, फुरकान लम्बरदार रहे।

## सार-संक्षेप

### मेहनत, अनुशासन से हर मुकाम हासिल करना सरल

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : पंचायत भवन में स्कॉलर्स डेन के तत्वावधान में ओरिएंटेशन कार्यक्रम शनिवार को हुआ। इसमें 12वीं उत्तीर्ण मेडिकल व इंजीनियरिंग की तैयारी कर रहे अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन करना रहा। मुख्य वक्ता स्कॉलर्स डेन के प्रबंध निदेशक विवेक ठाकुर ने छात्रों को सफलता प्राप्त करने के लिए मूल और जरूरी सूत्रों को ज्ञान बांटा। उन्होंने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में छात्रों के सामने सबसे बड़ी चुनौती सही मार्गदर्शन की होती है। स्पष्ट रणनीति,अनुशासन और निरंतर प्रयास से ही लक्ष्य की प्राप्ति संभव है। जेईई, नीट की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए एक प्रश्नोत्तर सत्र का आयोजन किया गया। प्रबंध निदेशक ने इस सत्र में रिवीजन के प्रभावी तरीके, पढ़ाई व नींद में संतुलन, तथा विषयवार समय प्रबंधन के बारे में जानकारी दी। इसमें स्कॉलर्स डेन के कई पूर्व छात्र–छात्राओं को भी आमंत्रित किया गया था। जिन्होंने तैयारी करने वाले छात्रों का मार्गदर्शन किया।

### गाय से टकराया युवक घायल, जिला अस्पताल में भर्ती

**पाकबड़ा, अमृत विचार** : थाना क्षेत्र सिविल लाइंस के गांव लोदीपुर बिशनपुर के निवासी मनु पाकबड़ा के गांव पल्लूपुरा आ रहा था। जैसे ही वह हर्बल पार्क के पीछे का पुल पारकर माता वाली मिलक के पास पहुंचा तभी अचानक से सामने गाय आ गई। जिससे वह टकरा गया। हादसे में मनु गंभीर रूप से घायल हो गया। इससे मौके पर राहगीरों की भीड़ लग गई। पुलिस ने एंबुलेंस से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। हादसे की जानकारी पर घायल के परिजन पहुंच गए थे।

### अखिलेश यादव को सीएम बनाने का लिया संकल्प

**बिलारी, अमृत विचार** : क्षेत्र के ग्राम थांवला में सेक्टर थांवला के बूथों की शनिवार को पीडीए की बैठक हुई। बैठक में 2027 में अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में बिलारी के विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि पीडीए की बढ़ती लोकप्रियता और अपार जनसमर्थन से भाजपा घबराई हुई है। विधायक ने कहा कि भाजपा सरकार की कार्यप्रणाली से जनता खुश नहीं है, प्रदेश की जनता जाग चुकी है और वह 2027 में भाजपा की सरकार को हटाकर सपा की सरकार प्रदेश में बदलवाकर रहेगी। इस अवसर पर मोहम्मद उस्मान, सेक्टर प्रभारी रेहान पाशा, यूथ बिग्रेड के प्रदेश उपाध्यक्ष सौरभ यादव,रिजवान, हिमांशु , रवि, गोपाल कश्यप, रविन्द्र चौधरी, रमाकांत सैनी,अरशद पाशा, मुन्ने, कौशल, पीडीए परिवार के सदस्य मौजूद रहे।

### तेंदुए को पकड़ने के लिए वन विभाग ने लगाया पिंजरा

**कांठ/ छजलैट, अमृत विचार** : कांठ– स्योहारा मार्ग पर नया गांव में बंद पड़ी फैक्ट्री में आएदिन तेंदुए के दिखाई देने से परेशान नागरिकों की मांग पर वन विभाग ने तेंदुआ पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया है। नया गांव में बंद पड़ी नईम अहमद सैफी की फैक्ट्री में प्रतिदिन तेंदुआ दिख रहा है। यह तेंदुआ अब तक तीन कुत्तों को अपना शिकार बन चुका है। इधर से गुजरने वाले नागरिक एवं फैक्ट्री की देखभाल करने वाले चौकीदार काफी दहशत में है। प्रतिदिन तेंदुए की वीडियो बनाकर फैक्ट्री स्वामी एवं ग्रामीणों ने वन विभाग के अधिकारियों को दी थी। डिप्टी वन रेंजर ने फैक्ट्री में पिंजरा लगा दिया है। इसके अलावा छजलैट थाना क्षेत्र के ग्राम शाहपुर अब्दुल बारी में इंतजार हाजी सहित अनेक ग्रामीण यहां प्रतिदिन तेंदुए की आवाजाही से परेशान हैं। इससे ग्रामीण काफी दहशत में हैं और पिंजरा लगवाए जाने की मांग कर रहे हैं। डिप्टी वन डेंजर पुष्पेंद्र सिंह ने ग्रामीणों से दोनों स्थानों पर सतर्कता बरतने का आग्रह किया है।

### सभी 76 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र पाए गए वैध

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : दि बार एसोसिएशन एण्ड लाईब्रेरी के चुनाव में सभी नामांकन पत्र सही मिले। एल्डर्स व चुनाव संचालन समिति की देखरेख में सभी 76 प्रत्याशियों के नामांकन पत्रों की जांच हुई, जिसमें सभी पत्रों को वैध करार दिया गया। तीन दिन चली नामांकन प्रक्रिया के बाद शनिवार को दाखिल हुए नामांकन पत्रों की जांच हुई। जिसमें सभी नामांकन पत्र सही मिले। बार कार्यालय में एल्डर्स कमेटी के सदस्य रमाशंकर, विजय गुप्ता, सुभाष चन्द्र गर्ग, सुधीर गुप्ता व महेश चन्द्र त्यागी की देखरेख में चुनाव समिति के सदस्यों ने नामांकन पत्रों की गहनता से जांच की। कमेटी का कहना है कि जांच में फार्म सही मिलने पर सभी प्रत्याशियों के परचे वैद्य घोषित कर दिए। अध्यक्ष समेत 21 पदों के लिए हो रहे चुनाव में महासचिव, संयुक्त सचिव पदों के लिए प्रत्याशी अधिक है। कमेटी सदस्य सुधीर गुप्ता ने बताया अध्यक्ष पद के लिए दो, महासचिव पद–दस, कोषाध्यक्ष–पांच, वरिष्ठ उपाध्यक्ष–पांच, संयुक्त सचिव पद के लिए 14, कनिष्ट उपाध्यक्ष– छह, सीनियर व जूनियर कार्यकारिणी सदस्य पद हेतु 17 –17 समेत कुल 76 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।

# गले में संक्रमण, बुखार के मरीज बढ़े

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



जिला अस्पताल की ओपीडी में जांच करतीं चिकित्सक। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : बारिश और उमस का असर लोगों की सेहत पर पड़ रहा है। मौसम में उतार-चढ़ाव होने के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। गले और लिवर में इंफेक्शन (संक्रमण) के साथ ही उल्टी दस्त, खांसी, जुकाम और बुखार के मामले भी काफी आ रहे हैं। जिला अस्पताल की ओपीडी के साथ ही सीएचसी और पीएचसी में हर रोज इस तरह की परेशानी को लेकर मरीज पहुंच रहे हैं।

जिला अस्पताल की मेडिसन ओपीडी में शनिवार को 200 से अधिक मरीज पहुंचे। इसमें 40 मरीज गले में संक्रमण और 110 मरीज खांसी, जुकाम, बुखार और उल्टी दस्त के थे। चिकित्सकों के अनुसार सिर्फ बच्चे और बुजुर्ग ही नहीं बल्कि युवा भी इस समस्या से ग्रसित होकर इलाज के लिए आ रहे हैं। वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. आशीष कुमार सिंह ने बताया कि बारिश के मौसम में इस तरह की बीमारियां होती हैं। इस बार बारिश रुक रुककर हो रही है। ऐसे में उमस होने के कारण उल्टी-दस्त, बुखार के तो मरीज आ ही रहे हैं, बल्कि गले में इंफेक्शन के मामले भी काफी आ रहे हैं। इसके पीछे सबसे बड़ा कारण उमस, एसी और ठंडे पेय पदार्थों का सेवन है। बताया कि उमस और गर्मी में लोग राहत पाने के लिए बाजार में फलों का ठंडा जूस, सॉफ्ट ड्रिंक समेत अन्य ठंडे पेय पदार्थ पी रहे हैं। इससे गले का इंफेक्शन बढ़ रहा है।

### ऐसे बरतें सावधानी

- बाहर से आते ही तुरंत ज्यादा ठंडा पेय पदार्थ न पिएं
- बारिश में भीगने से बचें
- बासी खाना और रखे हुए कटे फल न खाएं
- तली भुनी चीजों से परहेज करें
- गले मे इंफेक्शन लगे तो सबसे पहले गुनगुने पानी से गरारे करें।

तीन दिन से ज्यादा दिक्कत हो तो चिकित्सक से परामर्श लें।

## मिलावट रोकने के लिए जनसहभागिता बढ़ाने को तैयार करें रूपरेखा

**मुरादाबाद, अमृत विचार** : प्रमुख सचिव आयुष एवं खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन रंजन कुमार ने शनिवार को मुरादाबाद पहुंचकर विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक में समीक्षा की। उन्होंने गुलाबबाड़ी स्थित मंडलीय खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला का निरीक्षण करने के बाद परिसर में पौधरोपण भी किया। प्रमुख सचिव आयुष एवं खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि समस्त लाइसेंस धारकों का वर्ष में एक बार निरीक्षण अवश्य करा लें। उन्होंने लैब की जानकारी लेकर मिलावट की रोकथाम के लिए जन जागरूकता तथा मिलावट रोकने के लिए जन सहभागिता की विस्तृत रूपरेखा तैयार करने के लिए सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा को निर्देश दिया। सहायक आयुक्त खाद्य सुरक्षा राजवंश प्रकाश श्रीवास्तव,खाद्य विश्लेषक उमेश, प्रशासनिक अधिकारी राकेश वर्मा रहे।

# दिल्ली, कांठ रोड पर शराब की अवैध तरीके से बिक्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- कांवड़ मार्ग की दुकानों पर तिरपाल लगाया, गली-मोहल्लों में बिक्री

**अमृत विचार** : सावन में कांवड़ मार्ग पर खुले में शराब बिक्री न करने के आदेश का पालन कराने के लिए आबकारी विभाग के अधिकारियों ने दिल्ली रोड और कांठ रोड पर दुकानों को तिरपाल से ढकवा दिया है। लेकिन दुकानदारों ने नए ठिकाने बना लिए हैं। आबकारी विभाग के अधिकारी इससे खुद को अनभिज्ञ बता रहे हैं।

प्रदेश सरकार ने सावन से पहले हाईवे और कांवड़ यात्रा के मार्ग पर संचालित शराब की दुकानों पर तिरपाल व पॉलीथिन लगवाकर पर्दा डलवा दिया है। लेकिन महानगर में कांठ रोड हरथला और लाइनपार में खुलेआम शराब की बिक्री जारी है। अवैध बिक्री के अड्डे घनी आबादी के बीच बना लिए गए हैं। शराब कारोबारी आबादी वाले क्षेत्रों के मकानों, दुकानों और गलियों में अड्डा बनाकर वहां से शराब बेच रहे हैं। आबकारी विभाग की जानकारी में होने के बावजूद अधिकारी खुद को अनभिज्ञ बता रहे हैं। लाइनपार के कुछ लोगों ने गुप्त रूप से जिला आबकारी विभाग और संबंधित थाने में शिकायत भी की है लेकिन कोई असर नहीं पड़ा। लोगों का कहना है कि आबादी के बीच शराब की अवैध बिक्री से माहौल खराब हो रहा है। नशे में धुत युवकों के बीच विवाद, झगड़े और अशांति जैसी घटनाएं बढ़ रही हैं।

> महानगर में कहीं भी बिना लाइसेंस के शराब नहीं बिक सकती। यदि कहीं ऐसा हो रहा है तो टीम बनाकर जांच कराएंगे। अवैध ठिकानों से शराब बेचने वालों पर कार्रवाई होगी। –**आरपी सिंह**, जिला आबकारी अधिकारी

## डीएम-एसपी ने निर्माणाधीन सड़क का किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार :** डीएम जोगिंदर सिंह व एसपी विद्या सागर मिश्र ने शहर में होटल रेडियंस से मोदी मॉल तक जाने वाले मुख्य मार्ग के दोनों ओर अतिक्रमण को हटाकर कराए जा रहे सड़क चौड़ीकरण कार्य का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका परिषद को निर्माण कार्य में गुणवत्ता बनाए रखने व मार्ग पर अतिक्रमण न करने निर्देश दिए। मार्ग के किनारे पौधरोपण कराने पर जोर दिया। जल निकासी व्यवस्था को लेकर अजीतपुर क्षेत्र में नाले पर अधिशासी अधिकारी, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने खुदाई कार्य का भी स्थलीय निरीक्षण किया गया। नाले की खुदाई का कार्य शीघ्र पूराकर पानी निकासी की व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

### सावन के दूसरे सोमवार के लिए कांवड़ियों की हाईवे पर बढ़ी आवाजाही, सुरक्षा को लेकर पुलिस सतर्क

# हर-हर महादेव के उद्घोषों से गूंजता रहा हाईवे

कार्यालय संवाददाता,रामपुर

**अमृत विचार :** हाईवे पर हर-हर महादेव, बम-बम भोले के उद्घोष सुनाई दे रहे हैं। कांवड़ियों का जल लेकर लौटने का सिलसिला शुरू हो गया है। शनिवार को हाईवे पर कांवड़िए ही नजर आ रहे थे। देर शाम तक शिव भक्तों की आवाजाही होती रही। सुरक्षा के लिहाज से पुलिस बल भी पूरी तरह से सीमा पर मुस्तैद कर दिया गया है। अधिकारी भी सतर्क हो गए हैं।

दूसरा सोमवार कल है। इसको लेकर हाईवे भगवा रंग में रंगने लगा है। कोसी पुल से लेकर मिलक सीमा तक कांवड़िए ब्रजघाट ओर हरिद्वार से कांवड़ में जलकर लेकर गतव्य की ओर लौट रहे हैं। बहुत से भक्त स्टील के गोल्टे में जलकर लेकर आ रहे हैं। शनिवार को काफी संख्या में कांवड़िए हाईवे से गुजरते रहें। भोले बाबा के भजन बज रहे थे। कांवड़ को कंधे पर रखकर नाचते गाते कांवड़िये माहौल को भक्तिमय बना रहे थे। दूसरे सोमवार को लेकर भक्तों में उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। बाइकों से युवकों की टोलियां शनिवार को जल लेने के लिए हरिद्वार और ब्रजघाट के लिए रवाना हुईं। कांवड़ लेने जाने से पहले उन्होंने ज्वालानगर में भगवा रंग के कपड़ों और झंडों को भी खरीदा।



हाईवे पर तैनात पुलिस बल। ● अमृत विचार



आंबेडकर पार्क में कंधे पर कांवड़ लेकर पहुंचे भक्त। ● अमृत विचार

### वन-वे से गुजरती रहीं बसें

शुक्रवार रात को कांवड़ियों की भीड़ को देखतेहुए भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्ट कर दिया गया था। उसके बाद से पुलिस लगातार भारी वाहनों को शहर के अंदर प्रवेश नहीं दे रही है। शनिवार को भी पुलिस हाईवे पर पूरी तरह से सक्रिय रही। वनवे के सहारे पुलिस रोडवेज और छोटे वाहनों को धीरे धीरे करके निकलवा रही है। इन वाहनों को पुलिस रोककर पहले कांवड़ियों के निकलने के लिए रास्ता बनाती दिखी।

# हाउस टैक्स में बढ़ोत्तरी पर भड़के सभासद

### पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपकर कहा, जरूरत पड़ी तो मामले को कोर्ट में ले जाने से नहीं हटेंगे पीछे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** नगर पालिका की ओर से हाउस टैक्स और वाटर टैक्स बढ़ाए जाने पर शनिवार को सभासद भड़क गए। 32 सभासदों ने बढ़ा हुआ टैक्स वापस लिए जाने की मांग की है नगर पालिका पहुंचे सभासदों ने पालिकाध्यक्ष सना खानम को ज्ञापन सौंपा।

पालिकाध्यक्ष के कार्यालय में सभासदों ने बताया कि सितंबर 2024 में हुई बोर्ड की बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया था कि हाउस टैक्स , व्यापारिक टैक्स में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं की जाएगी। बावजूद शहरी बाशिंदों पर 100 गुना टैक्स बढ़ाकर लागू कर दिया गया है। यह शहरियों पर असहनीय बोझ है। शनिवार को शहर के 43 वार्डों में से 32 वार्ड के सभासदों ने टैक्स बढ़ोत्तरी को विरोध करते हुए इसे वापस करने की मांग की है। अधिशासी अधिकारी दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने कहा कि टैक्स वृद्धि शासनादेश के तहत की गई है। नगर पालिका स्तर पर इसे वापस लेना संभव नहीं है। कहा कि वार्ड व मोहल्ला स्तर पर समीक्षा के बाद पात्र नागरिकों को 40 प्रतिशत तक राहत दी जा सकती है। सभासद मोहम्मद जफर ने कहा कि टैक्स वृद्धि लागू किया जाना आमजन की भावना के विपरीत है। अधिकांश लोग आर्थिक रूप से बेहद कमज़ोर हैं। कई परिवार दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। ऐसे में लाखों रुपये के टैक्स नोटिस भेजना न्यायसंगत नहीं है। कहा कि टैक्स का मामला कोर्ट में ले जाने से भी सभासद पीछे नहीं हटेंगे। सभासदों ने मांग की है कि बढ़े हुए टैक्स को वापस लिया जाए। भविष्य में किसी प्रकार का प्रस्ताव पारित करने से पूर्व बोर्ड की सहमति ली जाए।



पालिका अध्यक्ष को ज्ञापन सौंपने के दौरान मौजूद सभासद। ● अमृत विचार

### यह सभासद रहे शामिल

मोहम्मद जफर, शादाब, गुफरान खां, मोईन अंसारी, वसीम अब्बासी, फहीम अंसारी, शाहवेज अंसारी, मुशाहिद उर्फ गुड्डू खां, यासीन, मुन्ने खां, सरफराज अली, तनवीर खां, खलील अहमद, जमील इनायती, जिया उर रहमान उर्फ बाबू, शाहवेज, नवेद राणा, अलीम खां, मुराद कलीम, आसिफ अली, शहाब खां, राजू, सिकंदर ने ज्ञापन सौंपा है।

### गृहकर और जलकर नोटिस से न डरें न घबराएं : शैलेंद्र शर्मा



**रामपुर, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, ईओ दुर्गेश्वर त्रिपाठी, कर निर्धारण अधिकारी अनिकेत सिंह, राजस्व निरीक्षक के साथ एक बैठक हुई। जिसमें उप्र. उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा ने नगर पालिका की ओर से दी जा रही जलकर, गृहकर नोटिसों के संबंध में चिंता जताई। उन्होंने कहा कि इन नोटिसों से आम व्यापारी समाज और आम जनता में डर, भ्रम और रोष फैल रहा है। जिसे व्यापार मंडल नगर पालिका प्रशासन के साथ मिलकर दूर करना चाहता है। जलकर, गृहकर के संबंध में अपनाई जा रही कार्यप्रणाली को कानूनी प्रक्रिया और उसके मकड़ जाल में आमजन को न फंसाया जाए। केवल जीआईएस सर्वे के आधार पर कर निर्धारित करना उचित नहीं है। दुकान और मकान का सही कारपेट एरिया या उसके अंदर कितनी जगह कर योग्य है, या वह मकान कितना नया, कितना पुराना है। बैठक में तय हुआ, नगर के पांचों जोन क्षेत्रों में सार्वजनिक रूप से प्रत्येक क्षेत्र में शिविर लगाकर लोगों से आपत्तियां स्वीकार की जाएगीं। इसके बाद गृहकर, जलकर लगाया जाएगा। समाधान के प्रत्येक स्तर पर उप्र उद्योग व्यापार को शामिल रखा जाएगा। बैठक में शाहिद शम्सी, शोएब मोहम्मद खान, हारिस शम्सी, प्रदीप खंडेलवाल, चंद्र प्रकाश रस्तोगी, हरीश अरोड़ा, जगन्नाथ चावला, इमरान, सलीम, बिलाल शम्सी, शाकेब अहमद, नसीम खान, राजीव अग्रवाल, नूर मोहम्मद खान नजमी खान, राम गुप्ता पुष्कर अग्रवाल, काशिफ खान, फैसल, हबीब मुराद खान साउद शमसी आदि मौजूद रहे।

## शाहबाद गेट और शहर में बिजली कटौती ने किया परेशान

**रामपुर, अमृत विचार :** शाहबाद गेट क्षेत्र में सुबह 8 से 10 बजे तक बिजलीआपूर्ति बाधित रही। नाहिद सिनेमा की 11 केवी आउटगोइंग वीसीबी के 3 नग क्षतिग्रस्त स्प्राउट्स को बदला गया। इसकी वजह से राजद्वारा रोड, कुतुब मियां का फाटक, तिलक कॉलोनी, चादरवाला बाग, इंदिरा कॉलोनी, सैनी नगर, मोहल्ला खोड़, माला रोड, मिस्टन गंज, घेर जुबैर खां, सेंट्रल बैंक की गली, हनुमान मंदिर, मोहल्ला पटला, चाह सोतियान, जिला अस्पताल, हाथीखाना, केले वाला तालाब, जीन इनायत खां, फुरकानिया स्कूल, जैन मंदिर आदि मोहल्लों में बिजली गुल रही। सुबह बिजली नहीं आने से उपभोक्ताओं को उमस भरी गर्मी में परेशानी उठानी पड़ी।

**बिलासपुर गेट क्षेत्र की 3 घंटे गुल रहेगी बिजली : रामपुर।** बिलासपुर गेट क्षेत्र की रविवार सुबह 7 से 10 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। एसडीओ वकार अहमद ने बताया कि बिलासपुर गेट से चाकू चौराहे तक बिजली की लाइनों पर आ चुकी पेड़ों की टहनियों का कटान होगा। बिलासपुर जौहर बगी फीडर से बिजली सप्लाई ठप की जाएगी।

# पेंशनर्स के सामने चिकित्सा प्रतिपूर्ति की समस्या



समस्या को लेकर पहुंचे विद्युत पेंशनर्स परिषद के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** विद्युत पेंशनर्स परिषद के पदाधिकारियों ने अधीक्षण अभियंता वितरण मंडल से शनिवार को विद्युत पेंशनर्स एवं कर्मचारियों के आवासों पर मीटर स्थापित करने, पेंशनर्स के चिकित्सा प्रतिपूर्ति में समस्या को लेकर वार्ता की। अधीक्षण अभियंता ने आश्वासन दिया कि भविष्य में पेंशनर्स की चिकित्सा प्रतिपूर्ति में बाधा उत्पन्न नहीं होगी।

कहा कि भविष्य में पेंशनर्स की समस्याओं का समाधान नियमानुसार समय से निस्तारण किया जाएगा। इस दौरान देवेश चतुर्वेदी, अकीक उद्दीन, मोहम्मद अली, हामिद राजा, सज्जन खां, छत्रपाल, हबीबुर रहमान, शहादत अली, मंजूर आलम, आरके बंसल आदि शामिल रहे।

## 20 जुलाई से 10 अगस्त तक होगा खाद्यान्न का वितरण

**रामपुर, अमृत विचार :** जिलापूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान ने बताया कि, अंत्योदय एवं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को खाद्यान्न का निश्शुल्क वितरण 20 जुलाई से 10 अगस्त तक किया जाएगा।

इस अवधि में प्रति कार्ड 14 किग्रा गेहूं, 21 किग्रा चावल, खाद्यान्न एवं पात्र गृहस्थी लाभार्थियों को 2 किग्रा गेहूं प्रति यूनिट, 3 किग्रा चावल प्रति यूनिट दिया जाएगा। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन कर सकेंगे। योजना के तहत वितरण की अन्तिम तिथि 10 अगस्त निर्धारित है। आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर पाने वाले उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से वितरण किया जा सकेगा।

# युवाओं और महिलाओं की पंचायत चुनाव में होगी भागीदारी : हरीश

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मिलक के धनेली उत्तरी में शनिवार को आयोजित बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने पंचायत चुनाव को लेकर कार्यकर्ताओं से चर्चा की। कहा कि आगामी पंचायत चुनाव में युवाओं और महिलाओं को पूरी भागीदारी दी जाएगी।

युवाओं और महिलाओं की राजनीति में सकारात्मक भूमिका सुनिश्चित करना है, ताकि गांव व राष्ट्र के विकास में उनका योगदान लिया जा सके। कहा कि सशक्त समाज और सशक्त राष्ट्र के लिए आवश्यक है कि वहां का प्रत्येक नागरिक सशक्त हो। अब तक जहां देखा जाता था कि राजनीति में महिलाओं की संख्या कम रहती थी, लेकिन अब ऐसा नहीं होगा। युवाओं की राजनीति में सक्रिय भूमिका भी बढ़ाई जाएगी, क्योंकि, युवाओं के सामर्थ्य और उनकी ऊर्जा का लाभ लिया जाए। इस दौरान पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार, मंडल अध्यक्ष ममता अत्री, सुरेश पटेल, विकास पाठक, सर्वेश गंगवार, सोमपाल सागर, अमित कुमार, सरदार जीवन नागदा, देवराज, अंकित वाल्मीकि, महेश, विजयपाल, चंद्रपाल, पुष्पेंद्र कुमार, महेंद्र कुमार, चंद्रपाल सिंह, प्रेमपाल सिंह, हिमांशु कुमार, वेदराम राठौर, छत्रपाल सिंह, मोनू सागर, अंशु गंगवार आदि मौजूद रहे।

● **बिना बूथ स्तरीय कार्यकर्ता के पूरा नहीं हो सकता लक्ष्य**



बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार। ● अमृत विचार

बढ़ा दायरा

### जीआईएस सर्वे शुरू होने से पहले 62828 भवनों, संपत्तियों से होती थी टैक्स की वसूली

# जीआईएस सर्वे : संपत्तियों का आंकड़ा 1.46 लाख के पार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● **84 हजार संपत्तियों में इजाफा, अभी 60 हजार और बढ़ने की है संभावना**

● **राजस्व वसूली में 8.10 करोड़ की बढ़ोत्तरी, लक्ष्य से कई गुना वसूली**

**अमृत विचार :** जीआईएस सर्वे में जिले की निकायों में 84 हजार संपत्तियां बढ़ गईं हैं और इसी के साथ यह आंकड़ा बढ़कर 1.46 लाख से पार हो गया है। अभी 60 हजार और संपत्तियों के बढ़ने की संभावना जताई जा रही है। वहीं, राजस्व वसूली भी लक्ष्य से कई गुना ज्यादा हुई है।

स्थानीय निकायों में जीआईएस सर्वे का कार्य शुरू होने से पूर्व 62819 भवनों, संपत्तियों से गृहकर, जलकर की वसूली की जा रही थी। वर्तमान में चल रहे जीआईएस सर्वे के बाद अब तक 1,46,815 सम्पत्तियां बढ़ गई हैं। जबकि जीआईएस सर्वे प्रक्रिया में है। लगभग 60 हजार संपत्तियां और बढ़ने की संभावना है। मसवासी, सैफनी, नरपतनगर, दूंदावाला और दढ़ियाल में जीआईएस सर्वे शत प्रतिशत हो चुका है। रामपुर, स्वार, शाहबाद, मिलक, बिलासपुर, केमरी और टांडा में भी सर्वे कार्य अंतिम चरण में है।

वार्डवार आंकड़ों के मुताबिक स्थानीय निकायों के कुल 231 वार्डों के सापेक्ष 191 वार्डों में जीआईएस सर्वे कार्य हो चुका है। नगरपालिका रामपुर में 70632, स्वार में 8974, टांडा में 10043, मिलक में 9201, बिलासपुर में 12139 सम्पत्तियों को शामिल किया गया है। नगर पंचायत केमरी में 4077, शाहबाद में 8250, मसवासी में 4251, सैफनी में 6748, नरपतनगर दूंदावाला में 4869 और दढ़ियाल की 7631 संपत्तियां शामिल हैं।

### ई-पेमेंट से हो सकेगा टैक्स का भुगतान

डीएम जोगिंदर सिंह ने बताया कि, पारदर्शी और सुनियोजित कर संग्रह प्रणाली को प्रभावी ढंग से लागू करने से आने वाले राजस्व से विकास कार्यों को पंख लगेंगे। जीआईएस सर्वे के आधार पर स्थानीय निकायों की संपत्तियों और भवनों को चिन्हित कराया गया है। ई-पेमेंट के रूप में कर संग्रह की पारदर्शी व्यवस्था भी लागू कराई जा रही है। ई-पेमेंट व्यवस्था के माध्यम से अब नगरीय क्षेत्र के निवासियों, विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठान के संचालकों को कर जमा करने के लिए जाने की आवश्यकता नहीं होगी बल्कि वे ई-पेमेंट व्यवस्था के माध्यम से ही कर जमा कर सकेंगे। नगरीय क्षेत्रों में स्थित पेट्रोल पंप, शराब की दुकान, मॉल समेत अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी चिन्हित करके उन्हें टैक्स के दायरे में लाया जा रहा है।

> शासन से जून 2025 तक के लिए 274.76 लाख रुपये गृहकर, जलकर का राजस्व लक्ष्य निर्धारित था। इसके सापेक्ष 1084.80 लाख रुपये की रिकॉर्ड वसूली हो चुकी है। वार्षिक लक्ष्य 1831,89 लाख रुपये है। मार्च 2026 के अंत तक दोगुनी से अधिक वसूली होने की संभावना है।
>
> **-जोगिंदर सिंह**, डीएम

# महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बनाई गईं मनू सक्सेना



बैठक के दौरान मौजूद पदाधिकारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** सर्व सहयोग एक आस फाउंडेशन की बैठक शनिवार को जिलाध्यक्ष संजीव दयाल सक्सेना के ज्वाला नगर स्थित आवास पर हुई। बैठक में संगठन विस्तार व प्रोजेक्ट हर घर सोलर, घर घर सोलर पर चर्चा की। बैठक में मुकुल सक्सेना को जिला उपाध्यक्ष, मयंक सक्सेना को जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा की जिम्मेदारी सौंपी। महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष मनु सक्सेना को बनाया।

जिलाध्यक्ष संजीव दयाल सक्सेना ने कहा कि संस्था का उद्देश्य केवल सामाजिक सेवा नहीं बल्कि प्रत्येक घर तक सरकारी योजनाओं को पहुंचाना है। बैठक में गोपाल शर्मा, मुकुल सक्सेना, मयंक सक्सेना, मनु सक्सेना, तेन सिंह मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### बैंक का मनाया गया 118वां स्थापना दिवस

**सैदनगर, अमृत विचार :** बैंक ऑफ बड़ौदा का 118वां स्थापना दिवस इमरता शाखा में मनाया। शाखा प्रबंधक देविंद्र सिंह ने कर्मियों के साथ केक काटा। ग्राहकों को मिष्ठान वितरित किए। स्कूली बच्चों को शिक्षा संबंधी सामग्री, चॉकलेट दी। शाखा प्रबंधक ने कहा कि हमने अपने ग्राहकों की लगातार बदलती जरूरतों के अनुरूप खुद को ढालते हुए नवाचार में सबसे आगे रहने का प्रयास किया है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक उजमा बी, सहायक अध्यापक हीना कौसर ने बैंक शाखा प्रबंधक के कार्य की सराहना की। असिस्टेंट मैनेजर अंशुल चौहान, कैशियर शुभम प्रकाश, बैंक मित्र दिनेश कुमार, सद्दाम, प्रशांत सैनी, अरविंद कुमार, महेश कुमार सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### कांग्रेसियों ने मनाई शहीद मंगल पांडे की जयंती

**रामपुर, अमृत विचार :** कांग्रेसियों ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महानायक शहीद मंगल पांडे की जयंती पर गांधी समाधि पर शनिवार की शाम मोमबत्तियां जलाकर श्रद्धांजलि दी। इससे पहले कांग्रेसियों ने गांधी समाधि पर पुष्प अर्पित किए। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक संजय कपूर ने कहा कि जब देश पर ब्रिटिश हुकूमत का शिकंजा कसता जा रहा था, तब मंगल पांडे ने पहला क्रांतिकारी स्वर बुलंद किया। जिलाध्यक्ष प्रमिल कुमार शर्मा निक्कू पंडित ने कहा कि मंगल पांडे सिर्फ एक सिपाही नहीं थे बल्कि वे स्वतंत्रता की पहली मशाल थे। एआईसीसी सदस्य मुतिउर रहमान, शहराध्यक्ष बाकर अली खां उर्फ हारून खां, साहिर रजा खां, मोअज्जम अली खां, शाहवेज खां, शकील मंसूरी, सलीम अहमद, मोहम्मद रफी, शादाब खां, नोमान खां, जमील मियां,अरसलान खां, आसिफ खां, शारिब अली खां, शहजाद शाकिर, ताहिर अंजुम, इमरान आजाद, राम गोपाल सैनी, फरीद खां, चितरंजन प्रसाद श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

### बालिकाओं की टीम ने जीती प्रतियोगिता

**रामपुर, अमृत विचार :** सैदनगर विकासखंड के कम्पोजिट विद्यालय ढक्का हाजी नगर में ईको क्लब फार मिशन लाइफ के तहत नोडल शिक्षक मुख्तार अहमद ने वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिता का विषय बढ़ती जनसंख्या एक अभिशाप या वरदान रहा।। प्रतियोगिता कक्षा 7 और 8 की बालिकाओं और बालकों के मध्य की गई। बालिकाओं की टीम पक्ष और बालकों की टीम विपक्ष में थी। बालिकाओं की टीम ने प्रतियोगिता जीती। समर कैंप में प्रतिभाग करने वाले बच्चों और कैंप के प्रभारी कदीर अहमद और श्यामलाल को विद्यालय के प्रभारी अध्यापक राज्य अध्यापक पुरस्कार शिक्षक दीपक पुंडीर ने सम्मानित किया। वाद विवाद की विजेता और उपविजेता टीम को एआरपी गणित सैदनगर चंचल सिंह ने पुरस्कृत किया। इस दौरान इको क्लब के सह प्रभारी अक्षय कुमार और शिक्षिका इशरत फात्मा मौजूद रहीं।

### त्याग, तप और तत्वज्ञान की अनोखी प्रेरणा हैं शिवः विश्वनाथ



**रामपुर, अमृत विचार :** पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने कहा कि भगवान शिव त्याग, तप और तत्वज्ञान की अनोखी प्रेरणा हैं। उनके बिना न तो जीवन का सार है और न ही कोई महत्व। यदि मनुष्य को भव सागर से पार जाना है तो भगवान शिव की भक्ति में खोना ही होगा। उन्होंने भगवान शिव के मानव कल्याण के महत्व को भी रेखांकित किया। अंतिम दिन कृष्णा विहार कॉलोनी में आयोजित शिवपुराण का शुभारंभ पूर्व मंत्री शिवबहादुर सक्सेना ने पूजन कर किया। पंडित विश्वनाथ प्रसाद मिश्रा ने शिक्षाप्रद जीवन और भगवान शिव की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि सनातम धर्म में भगवान शिव को संहार के देवता के रूप में जाना जाता है, लेकिन उनका जीवन और उनकी कथाएं हमें गहराई से सोचने और आत्मचिंतन करने के लिए प्रेरित करती हैं। वे केवल एक देव नहीं, बल्कि योगरामऔतार रसिक, अंकित शर्मा, भगत, रामदत्त शर्मा, मुरारी लाल शर्मा, अमर सक्सेना, हीरालाल शर्मा, सतेंद्र सक्सेना, सर्वेश बहादुर सक्सेना, सत्यप्रकाश सक्सेना, अखिलेश, ओमेंद्र सिंह, मुकुल सक्सेना मौजूद रहे।

### विहिप कार्यकर्ताओं ने बैठक कर बनाई रणनीति

**मसवासी, अमृत विचार :** शुक्रवार कर शाम सर्वहितकारी इंटर कॉलेज परिसर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल की प्रखंड स्तर की बैठक हुई। जिसमें गांवों में उड़ रहे ड्रोन को लेकर चिंता जताते हुए इससे निपटने की रणनीति बनाई गई। प्रखंड अध्यक्ष अर्जुन गुप्ता ने बताया कि बाहरी क्षेत्र के चोर हमारे क्षेत्र में आते हैं। चोरी की घटना को अंजाम देने की सोचते हैं, जिससे क्षेत्र में भय का माहौल है। कोई भी बाहर का व्यक्ति बाहरी व्यक्ति घूमता मिलता है तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दें। संजय पाल, वेदप्रकाश मौर्य, देवकीनंदन मौर्य, अरुण कश्यप, धर्मेंद्र मौर्य, जितेंद्र, सोरन, कुलदीप, उमेश, विनेश, राहुल, विकास, अभय, उदय प्रकाश, अनुज, निरोत्तम कश्यप, सचिन, रोहित, सचिन कुमार, वीरेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

### स्कूलों में परखी एमडीएम की गुणवत्ता

**रामपुर, अमृत विचार :** मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक के कार्यालय में कार्यरत मंडलीय समन्वयक विवेक शर्मा ने जिला समन्वयक एमडीएम राहुल सक्सेना के साथ नगर क्षेत्र के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय घेर सैफल खां, प्राथमिक विद्यालय इमली झूलेवाली, प्राथमिक विद्यालय पुरानी ईदगाह, कम्पोजिट विद्यालय पब्लिक, प्राथमिक विद्यालय चाह शोर का निरीक्षण किया। एमडीएम की गुणवत्ता को परखा। विद्यालयों में मेन्यू के अनुसार मध्यान्ह भोजन में सब्जी युक्त दाल, चावल का वितरण पाया गया। विद्यालयों के निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने नगर क्षेत्र में कार्यरत स्वयंसेवी संस्था अनम महिला कल्याण समिति के सेंट्रल रसोईघर को भी देखा। रसोईघर में उपलब्ध भोजन के सैंपल के तौर पर सब्जी, दाल, चावल का परीक्षण किया। वह मेन्यू के अनुसार पाया गया। जिसकी गुणवत्ता भी संतोषजनक मिली।

### ग्रामीणों ने चोर को दबोच पुलिस को सौंपा

**दढ़ियाल, अमृत विचार :** शुक्रवार की आधी रात पर्वतपुर गांव में चरण सिंह के घर में चोर घुस गया। घर से घरेलू सामान चोरी करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान लोग जाग गए। ग्रामीण मौके पर पहुंचे और सामान लेकर जा रहे चोर को पकड़ लिया। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। चौकी प्रभारी प्रशांत कुमार ने बताया कि फुरकान निवासी शक्तिखेड़ा थाना भगतपुर रामपुर को बर्तन के साथ पकड़ा गया है। नगर के मोहल्ला फत्तावाला , मिलक, गांव रामपुर धम्मन, पर्वतपुर, कैथोला, महुआ खेड़ा, सिटला आदि गांव में ड्रोन उड़ता देख लोगों ने जागकर रात काटी। अपना दल एस के जिला महासचिव मोहम्मद वकील ने एसपी से चोरी की बढ़ती घटनाओं, ड्रोन कैमरा उड़ाकर रेकी करने के मामले में कार्रवाई की मांग की है।

### समस्याओं को लेकर किसानों ने किया प्रदर्शन

**रामपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक की पंचायत शनिवार को आंबेडकर पार्क में हुई। किसानों ने कहा कि इमरता में स्थित मंदिर में प्रकाश का कोई प्रबंध नहीं है।। कब्रिस्तान का रास्ता खराब है। किसानों के बिजली केबिल भी ज्यादा आ रहे हैं। जिसको लेकर पंचायत में मुद्दा उठा। इसके बाद किसानों ने प्रदर्शन भी किया। बाद में किसान कलेक्ट्रेट पहुंचे। प्रशासनिक अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

### फर्जी अस्पतालों पर कार्रवाई की उठाई मांग

**रामपुर ,अमृत विचार :** राष्ट्रीय लोकदल अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने फर्जी अस्पतालों पर कार्रवाई की मांग की है। प्रदेश महासचिव मोहम्मद उस्मान बबलू शनिवार को सीएमओ कार्यालय पहुंचे। सीएमओ को संबोधित ज्ञापन डिप्टी सीएमओ संतोष कुमार को सौंपा। कहा कि काफी संख्या में फर्जी अल्ट्रासाउंड, अस्पताल और फर्जी पैथोलॉजी लैब चल रही हैं। सख्त कार्रवाई की मांग की। नगर महासचिव मंजू खान, मुनाजिर हुसैन, भूरा, महफूज खान मौजूद रहे।

### समिति ने तीन मामलों में कराया समझौता

**रामपुर, अमृत विचार :** महिला थाने पर परिवार परामर्श केंद्र का आयोजन किया गया। परामर्शदाता, काउंसलर अवतार सिंह, नीना साहनी,मीना सिंह, परवेज खां, अलका जैन उपस्थित रहे। काउंसलिंग के दौरान 15 मामलों को समिति ने सुना। तीन मामलों समझौता करा दिया गया। 2 मामले निरस्त हुए ।

### निबंध प्रतियोगिता में रहनुमा प्रथम

**रामपुर, अमृत विचार :** राजकीय जुल्फिकार बालिका इंटर कॉलेज में शहीद मंगल पांडे की 198वीं जयंती के अवसर पर पोस्टर प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता हुई। पोस्टर प्रतियोगिता में अदीबा खान प्रथम, अलीना द्वितीय, राधिका तृतीय स्थान पर रहीं। निबंध प्रतियोगिता में रहनुमा रहमान प्रथम ,सोबीन, द्वितीय, नूरैन फातिमा तृतीय रहीं। भाषण प्रतियोगिता में इफरा प्रथम ,जजैला द्वितीय ,मुस्कान तृतीय स्थान पर रहीं। प्रधानाचार्य डॉ. शालू कौशल ने विजयी छात्राओं को पुरस्कृत किया। शमीम खान ,रेणु देवी, प्रगति गोयल, पूजा ,तबस्सुम, नाजिया खान,राकेश कुमार, सुरेंद्र कुमार, नितिन कुमार मौजूद रहे।

## एक नजर

### घर में शराब बनाते एक गिरफ्तार

रामपुर, अमृत विचार : बिलासपुर पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने सूचना पर एक घर में छापा मारकर शराब बरामद की। आरोपी ने उत्तराखंड में पंचायत चुनाव में खपाने के लिए शराब बनाने की बात कुबूल की है। बिलासपुर पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने सूचना मिलने पर कोटा अलीनगर के जसपाल सिंह के घर दबिश दी। पुलिस की गिरफ्त में आए आरोपी ने अपना नाम आकाश दीप उर्फ अर्जुन सिंह बताया। जसपाल सिंह निवासी कोटा अलीनगर के घर में किराये पर वह रहता है। कमरे में रखी तरल पदार्थ, बोतल, ढक्कन बरामद किया। पुलिस ने मौके से शराब की 16 बोतलों समेत अन्य सामान भी बरामद किया है। एसपी विद्या सागर मिश्र ने बताया कि मामले में कड़ी कार्रवाई की गई है। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### हमले में फरार आरोपी गिरफ्तार

भोट, अमृत विचार : थाना क्षेत्र के धनुपुरा गांव में 29 जून को रंजिश को लेकर बाबू उर्फ नईम, जमील, मुस्तकीम, टूमर उर्फ मोहम्मद उमर, बाबू और रफी ने धारदार हथियार से गांव के ही राशिद पर धारदार हथियार से हमला किया था। बचाव में राशिद के भाई शाकिर, उस्मान घायल हो गए थे। पुलिस आरोपियों को तलाश कर रही थी। शनिवार को पुलिस ने आरोपी टूमर उर्फ मोहम्मद उमर को थाना क्षेत्र के ही मिलक बादुल्ला गांव को जाने वाले रास्ते के पास से तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया।

# खुद को घिरता देख बदमाशों ने की फायरिंग, युवती जख्मी

## छर्रे लगने से युवती घायल, टांडा इलाके में हुई घटना, पुलिस कर रही इनकार, ग्रामीण इलाकों में ड्रोन दिखने से दहशत में हैं लोग

संवाददाता, टांडा



भोट के तालकपुर गांव में लोगों को जागरूक करती पुलिस। ● अमृत विचार



घर में बैठकर चर्चा करते लोग। ● अमृत विचार



हाथ में लगे छर्रे को दिखाती युवती।

**अमृत विचार :** टांडा इलाके के एक गांव में शुक्रवार की रात चोरी के इरादे से घुसे बदमाशों ने खुद को घिरता देख फायरिंग कर दी, इससे युवती घायल हो गई। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। पुलिस घटना से इनकार कर रही है। वारदात के बाद से लोग दहशत में हैं।

टांडा क्षेत्र के गांव तार का मझरा निवासी इरशाद हुसैन की पत्नी शुक्रवार की रात नित्यक्रिया के लिए उठी थी। बताते हैं कि, इस दौरान कुछ लोगों की आहट सुनाई दी। दीवार के पीछे जाकर देखने पर तीन लोग दिखे। महिला ने पति को जगाया। इरशाद को भी लोग खड़े दिखे। उसने परिवार के कई लोगों को जगाकर बदमाशों की घेराबंदी के लिए खेत की ओर बढ़े। इस दौरान इरशाद की बेटी ने परिवार वालों को ज्यादा दूर न जाने के लिए आवाज लगाई। आवाज सुनकर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। नगमा के हाथ में छर्रे लगने से वह घायल हो गई। सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। घायल का अस्पताल में इलाज कराया गया। सूचना कोतवाली में दे दी गई है। कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार ने इस तरह की किसी घटना से अनभिज्ञता जाहिर की है।

> देहात क्षेत्रों से ड्रोन के उड़ने की सूचनाएं आ रही हैं। पुलिस मामले में गंभीरता से जुटी है। लोग अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस मामले में छानबीन कर रही है।
> –विद्या सागर मिश्र, एसपी

वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि रात में उन्होंने ड्रोन भी देखे हैं। इसकी वजह से वे देर रात तक जागते रहे। उनका कहना है चोर ड्रोन के जरिए रेकी कर रहे हैं।

**रात को उड़ रहे ड्रोन, बने चर्चा का विषय :** जिले भर के लोग शिकायत कर रहे हैं कि दस बजे के बाद चोर ड्रोन से अब रैकी कर रहे हैं, जो भी परिवार सोता मिलता है। उसके घर को निशाना बना रहे हैं। यह मामला रामपुर के देहात क्षेत्रों में चर्चा का विषय बन गया है। छोटे बच्चों से लेकर हर किसी की जुबान पर ड्रोन उड़ने की चर्चा है। पटवाई थाना क्षेत्र में भी शुक्रवार रात को कई गांव में ड्रोन उड़ते हुए देखे गए। कोतवाली थाना क्षेत्र के कई गांव में ड्रोन उड़ने की बात सामने आई है। लोग लगातार शिकायत कर रहे हैं, मगर पुलिस ध्यान नहीं दे रही है। खौद, स्वार, मसवासी सभी स्थानों पर ड्रोन उड़ने से लोग दहशतजदा हैं।

### ड्रोन की सूचना पर रात भर दौड़ी पुलिस

भोट, अमृत विचार : शुक्रवार रात में भोट व तालकपुर के साथ ही आसपास के गांवों में ड्रोन देखे जाने की सूचना से लोग जाग गए। लाठी डंडे लेकर लोग घरों से बाहर निकल आए। सूचना पर पुलिस टीम भी गांव पहुंची। थानाध्यक्ष अमर सिंह राठौर ने बताया कि आसमान में ड्रोन उड़ाए जाने का पुराना वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर अफवाह फैलाई जा रही है। क्षेत्र में कहीं भी रात में ड्रोन नहीं उड़ाया गया है और न ही किसी ने देखा है। उन्होंने कहा कि लोग अफवाहों पर ध्यान न दें।

### अजीमनगर में भी ग्रामीणों में भय का माहौल

सैदनगर, अमृत विचार : क्षेत्र के लालपुर, सींगनखेड़ा और कुम्हारिया आदि गांवों के बाद शुक्रवार रात अजीम नगर थाना क्षेत्र के देवरनिया, जिठनिया और पैंदानगर के जंगल में चोरों के होने की सूचना, ड्रोन उड़ते देखे जाने से लोगों में दहशत है। धार्मिक स्थलों से लाउडस्पीकर से अनाउंसमेंट कर लोगों से जागने की अपील की गई। बीती रात जिठनिया गांव में तीन संदिग्ध ड्रोन उड़ते देखे जाने के बाद लोगों ने छतों पर जागकर रात गुजारी। ग्रामीण टोलियां बनाकर रात जागकर घरों की रखवाली करने को मजबूर हैं।

### ड्रोन की अफवाह पर ध्यान न देने की अपील की

टांडा, अमृत विचार : कोतवाली प्रभारी प्रदीप कुमार ने शनिवार शाम क्षेत्र के लोगों से ड्रोन से जुड़ी अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि ड्रोन वाली अफवाहें अब लगातार बढ़ती जा रही हैं। इस पर ध्यान न दिया जाए। संदिग्ध की सूचना पुलिस तक पहुंचाई जाए। लोगों का कहना है कि चोर ड्रोन से रेकी कर रहे हैं। कोतवाली प्रभारी ने कहा है कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के साथ मारपीट करने या कानून को अपने हाथ में लेने की कोशिश न करें।



ग्रामीणों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील करती पुलिस ● अमृत विचार

## पेट्रोल भराकर भाग रहे कार सवारों को दबोचा, पिटाई

**बिलासपुर, अमृत विचार:** पंप से पेट्रोल भराकर भाग रहे कार सवार युवकों को लोगों ने दबोच लिया। दोनों की पिटाई कर दी गई। घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया।

● कई बार पेट्रोल भराकर बिना पैसे दिए भाग चुके थे युवक

मामला कोतवाली क्षेत्र में एक पंप का है। कुछ दिनों से कार सवार दो युवक पंप पर आते हैं और अपने कार में पेट्रोल डलवाते हैं। ऑनलाइन भुगतान की बात कहकर बारकोड मांगते हैं। पंप कर्मी स्केनर लेने जाते हैं, इसी दौरान कार सवार मौके से फरार हो जाते हैं। लंबे समय से सिलसिला चल रहा था। शुक्रवार की शाम दोनों युवक हाईवे स्थित पंप पर फिर पहुंच गए।

उन्होंने कार में दो हजार रुपये का पेट्रोल भरवाया और फरार हो गए। पंप कर्मियों ने दोनों को आगे जाकर रोक लिया और उनकी पिटाई कर दी। विवाद का वीडियो किसी ने 0 मोबाइल में कैद कर लिया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो वायरल होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया। सीओ रविन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज के लिए विवाहिता की हत्या का प्रयास

कार्यालय संवाददाता रामपुर

● पिता की तहरीर पर पति समेत चार लोगों पर केस दर्ज
● सिविल लाइन थाना क्षेत्र का मामला, जांच में जुटी पुलिस

**अमृत विचार :** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में शादी के ढाई महीने बाद ही विवाहिता को जान से मारने का प्रयास करने का मामला सामने आया है। विवाहिता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत चार लोगों पर केस दर्ज कर लिया है।

पटवाई थाना क्षेत्र के रहटगंज निवासी जसपाल शर्मा ने बताया कि बेटी अंजलि का विवाह 5 मई 2025 को सिविल लाइन थाना क्षेत्र के इंद्रप्रस्थ कॉलोनी निवासी राहुल शर्मा से किया था। हैसियत के अनुसार शादी में दान-दहेज दिया था, मगर उससे ससुराल के लोग खुश नहीं थे।

आरोप लगाया कि विवाह के बाद से ससुरालीजन दहेज में कार और दो लाख रुपये की मांग करने लगे। आरोप है कि 17 जुलाई की शाम अंजलि को उसके ससुरालीजनों ने पीटा और मारने की नियत से गला दबा दिया। पिता के अनुसार, वे मौके पर पहुंचे तो दरवाजा नहीं खोला गया। पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा खुल सका। जसपाल ने बताया कि बेटी घर की दूसरी मंजिल पर बेहोशी की हालत में मिली। पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति राहुल शर्मा, सास मुन्नी देवी, ससुर बाबूराम, ममेरे ससुर राजेश शर्मा के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस जांच कर रही है।




## किसानों को परेशान कर रहे तहसील के बाबू

**रामपुर, अमृत विचार :** जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर तहसील के बाबुओं पर आरोप गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि तहसील सदर के लेखपाल, कानूनगो, नायब तहसीलदार व बाबुओं की ओर से आमजन से बिना रिश्वत लिए कोई काम नहीं किया जाता है। किसान हो या गरीब अपने काम के लिए तहसील आते हैं। राशन कार्ड, स्थायी निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, खतौनी, नक्शा और पैमाइश के लिए कर्मचारियों से मिलते हैं, लेकिन काम नहीं हो पाता है। जब तक किसान रिश्वत नहीं देता, उसको कर्मचारी टालते रहते हैं। तहसील में रिपोर्ट लगाने के नाम पर लेखपाल, कानूनगो, नायब तहसीलदार व तहसीलदार किसानों को परेशान कर रहे हैं। किसानों को नियमों के अनुसार ही मुआवजा मिल रहा है फिर भी बाबू और कर्मचारी मुआवजे में कमीशन खोरी कर रहे हैं।

# कांवड़ की सामग्री लेने जा रहे युवक की सड़क हादसे में मौत

संवाददाता, शाहबाद



जिला अस्पताल में मौजूद मृतक के परिवारीजन। ● अमृत विचार

● शाहबाद थाना क्षेत्र के करीमगंज में शुक्रवार रात हुआ हादसा

**अमृत विचार:** शुक्रवार देर रात शाहबाद-बिलारी मार्ग पर स्थित मित्तरपुर अहरौला के निकट ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। हादसे में कांवड़ की सामग्री लेने जा रहे युवक मौत हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।



मृतक का फाइल फोटो

कोतवाली क्षेत्र के करीमगंज निवासी मुलायम सिंह (20) शुक्रवार की रात को बाइक पर सवार होकर कांवड़ की सामग्री लेने जा रहा था, इस बीच रास्ते में मित्तरपुर गांव के पास उनकी बाइक और ई-रिक्शा में टक्कर हो गई, इससे युवक की मौत हो गई। शाहबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के परिजन बेसुध हैं। घर में मातम पसरा हुआ है। परिजनों बताया कि वह पांच भाइयों में तीसरे नंबर था। अविवाहित मुलायम राजस्थान में ट्रैक्टर चलाने का काम करते थे। एक माह पहले ही राजस्थान से घर आया था।

परिजनों और दोस्तों के साथ शनिवार को कांवड़ लेने जाने की तैयारी थी। इसीलिए कांवड़ की सामग्री ले जाने के लिए जा रहे थे।

# संपूर्ण समाधान दिवस : 102 शिकायतों में 18 ही निपटीं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● बिलासपुर में डीएम और एसपी ने सुनीं लोगों की समस्या, समाधान का दिया गया आश्वासन

**अमृत विचार:** शनिवार को सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। बिलासपुर में डीएम और एसपी ने समाधान दिवस में पहुंचकर लोगों की शिकायतें सुनीं। बिलासपुर में 24 शिकायतों में 5 का निस्तारण मौके पर हुआ, जबकि जिले भर में कुल 102 शिकायतें में 18 शिकायतों का ही निस्तारण हो सका।

बिलासपुर में संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान बिजली विभाग, नगर पालिका, विकास खंड कार्यालय, पुलिस विभाग, पेयजल विभाग समेत अन्य विभागों से जुड़े 24 मामले आए। 5 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया। डीएम जोगिंदर सिंह ने अधिकारियों को शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों को पारदर्शिता, प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। एसपी विद्या सागर मिश्र ने कानून व्यवस्था से संबंधित शिकायतों की समीक्षा करते हुए थाना प्रभारियों को नियमित रूप से गश्त करने, जनता की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने के निर्देश दिए। मिलक में सीडीओ नंद किशोर कलाल की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 14 शिकायतों में 2 का निस्तारण हुआ।

तहसील स्वार में एडीएम फाइनेंस अंबरीश कुमार बिंद की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में 12 शिकायतों में 2 का निस्तारण हुआ। तहसील शाहबाद में एडीएम प्रशासन की अध्यक्षता में 15 शिकायतों में 2 का मौके पर निस्तारण हुआ। टांडा में 18 शिकायतों में 4, सदर तहसील में 19 शिकायतों में 3 का मौके पर निस्तारण हो सका।

### किसानों ने बिजली घर पर दिया धरना

रामपुर, अमृत विचार : भारतीय किसान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेश शर्मा की अगुवाई में किसान एकत्रित होकर मिलक के पीपला बिजली पहुंचे, जहां पर समस्या को लेकर धरना दिया। उन्होंने कहा कि ग्राम तरव्वा में एचटी लाइन के नंगे तार खिचे हैं। जिसकी चपेट में आने से एक किसान घायल हो चुका है। आगे भी बड़ी घटना होने की आशंका है। ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली 18 घंटे आनी चाहिए, लेकिन बिजली बहुत कम आ रही है। जबकि बिजली का बिल बहुत आ रहा है। कर्मचारी सुनने को तैयार नही है। उसके बाद सभी लोग अधिशासी अभियंता प्रथम पीके के शर्मा के कार्यालय पहुंचे। उन्होंने समस्या के निस्तारण का आश्वासन दिया। इस मौके पर अरविंद कुमार, आशीष कुमार, घनश्याम कुर्मी, रामबहादुर, भगत, मिंटू तिवारी, अरुण, विमल शर्मा, यशपाल श्रीवास्तव, धर्मेंद्र गंगवार, अनमोल राणा मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### मांगों को लेकर भड़के अधिवक्ताओं ने किया प्रदर्शन

रामपुर, अमृत विचार : शनिवार को बार एसोसिएशन के अधिवक्ता सभागार में एकत्र हुए। इसके बाद कलेक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। बार अध्यक्ष सतनाम सिंह मट्टू ने कहा कि उत्तर प्रदेश राज्य में इलाहाबाद हाईकोर्ट प्रयाग राज में स्थित है। एक बेंच लखनऊ में है। पश्चिमी यूपी के सभी 22 जिलों का क्षेत्राधिकार इलाहाबाद हाईकोर्ट को दिया गया है, मगर सहारनपुर से प्रयागराज, हाईकोर्ट की दूरी 850 किमी. है। प्रयागराज से सबसे नजदीक जिला रामपुर व आगरा पड़ते हैं। उनकी भी दूरी 500 किमी. से अधिक है। ऐसे में वादकारियों को मामले में इलाहाबाद जाकर पैरवी करना मुश्किल हो रहा है। जबकि पश्चिम की सीमा से सटा दिल्ली हाईकोर्ट है। कहा कि अधिवक्ताओं व वादियों के साथ अन्याय हो रहा है। अधिवक्ताओं की सुरक्षा के लिए एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट बनाया जाए। सुगमता से शस्त्र लाइसेंस आत्मरक्षा के लिए देने की मांग की। महासचिव ठाकुर कौशलेंद्र सिंह, नीलकमल राजपूत, अरविद कुमार सैनी, रोहित कुमार, राहुल गुप्ता, फारूक अहमद, रोहित कुमार शर्मा, रईस अहमद, रिजवान अली, जाहिद अली आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

### उदयपुर फाइल्स फिल्म पर रोक लगाने की मांग

रामपुर, अमृत विचार : अखिल भारतीय अल्पसंख्यक अधिवक्ता एसोसिएशन के अध्यक्ष मोहम्मद रेहान खां कार्यकर्ताओं के साथ शनिवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। कहा कि मेरठ निवासी निर्देशक उदयपुर फाइल्स नामक फिल्म बना रहे हैं। यह फिल्म समाज के लिए घातक होगी। हिंदू-मुस्लिम एकता एवं राष्ट्र की अखंडता के लिए फिल्म घातक है। फिल्म रिलीज पर रोक लगाने की मांग की। इस मौके पर साजिद अली, जाहिद अली, फईम, उवैस अली, फजले रसूल, अनफ खां, तुलसीराम मौजूद रहे।

### पीलीभीत की घटना के विरोध में कर्मचारियों का प्रदर्शन

रामपुर, अमृत विचार : पीलीभीत के जिला कृषि अधिकारी की पिटाई के विरोध में कर्मचारियों ने काली पट्टी बांधकर शनिवार को प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री को संबोधित चार सूत्री ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट संदीप वर्मा को सौंपा। राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद और अधीनस्थ कृषि सेवा संघ के पदाधिकारी शनिवार की शाम कृषि भवन परिसर में एकत्र हुए। इसके बाद राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के तत्वावधान में एक संघर्ष समिति गठित हुई। धरना प्रदर्शन करने के बाद सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा। कर्मचारियों ने कहा कि पीलीभीत के जिला पंचायत सभागार में बोर्ड बैठक के दौरान जिला कृषि अधिकारी के साथ अभद्र व्यवहार, गाली-गलौज, मारपीट और जान से मारने की धमकी दी गई। घटना से विभाग की प्रतिष्ठा बहुत धूमिल हुई है। कर्मचारियों ने आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस दौरान उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह, जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा, संघर्ष समिति के संरक्षक विश्वबन्धु, जिलाध्यक्ष फतेह सिंह, प्रशांत कुमार, योगेश पाल, मनोज कुमार, निर्मल सिंह यादव, राम बाबू शर्मा, जगदीश पटेल, मुराद अली खां, दिलशाद अली पाशा, नरेंद्र कुमार, अमरपाल, कमलदीप सिंह, शुभम कुमार, परवेज खान आदि मौजूद रहे।

## एक नजर

### युवक से मारपीट, तीन आरोपी गिरफ्तार

**बबराला, अमृत विचार :** जुनावई निवासी अंकित पुत्र हंसराज शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जमीन संबंधी शिकायती पत्र देने के बाद तहसील गेट से बाहर निकल रहा था। विपक्षी पप्पू पुत्र लाखन निवासी महराजपुर व हरिओम पुत्र मुलायम निवासी लहरा नगला श्याम ने अंकित को पकड़कर जमीन पर गिरा दिया और मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने तीनों को शांति भंग में गिरफ्तार कर लिया।

### चार दंपतियों ने विवाद किया समाप्त

**बहजोई, अमृत विचार :** पुलिस परिवार परामर्श केंद्र पर महिला सेल की प्रभारी इंस्पेक्टर पूनम आनंद ने बताया कि 13 पत्रावली का निस्तारण किया गया है। चार दंपतियों ने विवाद समाप्त करते हुए साथ रहने का फैसला किया। वहीं 6 पत्रावली न्यायालय में होने के कारण बंद कर दी गई। काउंसलर लवमोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, बबीता शर्मा, सीमा आर्य, श्वेता गुप्ता, अखिलेश अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### बच्ची को 3 घंटे में खोज कर परिजनों को सौंपा

**बहजोई, अमृत विचार :** बहजोई के गांव चितनपुर निवासी आरिफ की 4 वर्षीय पुत्री आयजा लापता हो गई। माता रेशमा तथा पिता आरिफ कोतवाली बहजोई पहुंचे और बेटी के गायब होने का प्रार्थना पत्र दिया। कोतवाल हरीश कुमार के नेतृत्व में पुलिस नेबच्ची की तलाश शुरू कर दी। 3 घंटे बाद बहजोई से ही पुलिस ने बच्ची को बरामद कर लिया और माता-पिता के लिए सुपुर्द कर दिया। कोतवाल हरीश कुमार ने बताया कि बच्ची को तलाश कर माता-पिता के सौंप दिया गया गया है।

### सांसद धर्मेन्द्र यादव ने कार्यकर्ताओं संग किया संवाद

**बबराला, अमृत विचार :** आजमगढ़ से सपा सांसद धर्मेन्द्र यादव का शनिवार को बबराला में कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। पूर्व मंत्री प्रदीप यादव, पूर्व विधायक राजेश यादव, विधानसभा अध्यक्ष अमित यादव सहित बड़ी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। सांसद धर्मेन्द्र यादव ने कार्यकर्ताओं से भेंट कर उनकी समस्याएं सुनीं और कहा, "बदायूं लोकसभा क्षेत्र से मेरा भावनात्मक जुड़ाव है। कार्यक्रम में सपा नेता सुमित यादव, रूप किशोर यादव, लड्डन मियां, गुड्डू चौधरी, लकी उस्मानी, अख्तर अली, वीर सिंह, रामू यादव, सत्य प्रकाश यादव, रविंद्र सिंह सहित अन्य पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# ट्रैक्टर ने बाइक रौंदी, कांवड़िये की मौत, तीन घायल

## भड़के कांवड़ियों ने हंगामा कर सड़क पर लगाया जाम, सीओ ने किया शांत, कांवड़ लेने हरिद्वार जा रहे थे

कार्यालय संवाददाता, संभल/मनोटा

**अमृत विचार:** जल भरने लेने हरिद्वार जा रहे कांवड़ियों की बाइक में ट्रैक्टर ने टक्कर मार दी। एक कांवड़िये की मौत हो गई जबकि तीन घायल हैं। एंबुलेंस व पुलिस के देर से पहुंचने को लेकर नाराज कांवड़ियों ने सड़क पर डीजे लगाकर जाम लगाने का प्रयास किया। सीओ असमोली ने किसी तरह कांवड़ियों को समझाकर शांत किया।


मृतक अरविंद।

संभल के मोहल्ला लाडम सराय से शनिवार को बाइकों पर सवार होकर लगभग 30 कांवड़िये कांवड़ लाने के लिए हरिद्वार रवाना हुए थे। कांवड़ियों का जत्था असमोली थाना क्षेत्र में संभल- जोया मार्ग पर मातीपुर गांव के नजदीक पहुंचा तभी अचानक एक ट्रैक्टर ने कांवड़ियों की बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक पर सवार 25 वर्षीय अरविंद के साथ ही सुनील (19) अजय (20) व रोहित (16) लहूलुहान होकर सड़क पर गिर पड़े। चालक ट्रैक्टर वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गया। कांवड़ियों ने पुलिस व एम्बुलेंस को सूचना दी। पुलिस और एम्बुलेंस को पहुंचने में करीब 45 मिनट लग गये। भड़के कांवड़ियों ने डीजे सड़क पर खड़ा कर हंगामा शुरु कर दिया। इस बीच सीओ असमोली कुलदीप सिंह व थाना प्रभारी राजीव बालियान ने मौके पर पहुंचकर कांवड़ियों को समझाकर शांत किया। तीनों कांवड़ियों को जिला अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने अरविंद को मृत घोषित कर दिया।


हादसे के बाद मौके पर जानकारी लेते सीओ कुलदीप सिंह। ● अमृत विचार


कांवड़िया अरविंद की मौत के बाद बिलखते परिवारीजन। ● अमृत विचार

### अरविंद की मौत से मचा कोहराम

कांवड़ियों की बाइक को ट्रैक्टर द्वारा टक्कर मारने की घटना की जानकारी मिलने के बाद कांवड़ियों के परिजन जिला अस्पताल पहुंच गये थे। एम्बुलेंस से लहूलुहान हालत में अरविंद, अजय व रोहित नीचे उतारे गये तो परिजन बेहाल हो गये। डाक्टर ने अरविंद को मृत घोषित कर दिया तो परिजनों के रोने बिलखने की आवाजें दूर तक सुनाई देने लगीं। अरविंद की पत्नी शिवानी का रो रोकर बुरा हाल था। अरविंद की शादी चार साल पहले हुई थी और उसकी एक साल की बेटी है।

### दो कांवड़ियों की हरिद्वार में दुर्घटना में मौत

**संभल/बबराला, अमृत विचार :** संभल जनपद के गुन्नौर तहसील इलाके से कांवड़ लेने गये दो युवकों की हरिद्वार के चंडी पुल के पास सड़क हादसे में मौत हो गई। यह हादसा शुक्रवार रात उस वक्त हुआ, जबकि युवकों की बाइक अनियंत्रित होकर फिसल गई। दुर्घटना इतनी भीषण थी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव शाहजहांनाबाद निवासी भगवान स्वरूप के 26 वर्षीय बेटे सुरेश व थाना कैलादेवी के गांव चकरपुर निवासी सोमपाल के 30 वर्षीय बेटा अरविंद शुक्रवार दोपहर एक ही बाइकसे कांवड़ लाने हरिद्वार गए। रात में दोनों हरिद्वार के चंडी पुल क्षेत्र में पहुंचे तो अनियंत्रित होकर बाइक फिसल गई। दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस दोनों को अस्पताल लेकर गई जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया।


मृतक सुरेश।


मृतक अरविंद।

# गर्भवती हुई बच्ची तो खुली ईंट भट्ठा मुंशी की दरिंदगी की पोल

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

- असमोली थाना क्षेत्र की 11 साल की बच्ची के साथ दो माह पहले मुंशी ने किया था दुष्कर्म
- अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट से चला गर्भवती होने का पता, परिजनों ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र के गांव में ईंट भट्ठे के मुंशी ने बकरी चराने गई 11 साल की बालिका के साथ दुष्कर्म किया। डर के कारण बच्ची ने घर पर कुछ नहीं बताया। बच्ची की हालत बिगड़ने पर परिजनों ने अल्ट्रासाउंड कराया तो बच्ची के गर्भवती होने की बात सामने आई। परिजनों ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी की 11 साल की बेटी की तबीयत कई दिन से खराब थी। गांव में इलाज से फायदा नहीं हुआ तो परिजन मुरादाबाद ले गये और डॉक्टर की सलाह पर उसका अल्ट्रासाउंड कराया। अल्ट्रासाउंड रिपोर्ट देखकर डॉक्टर ने बच्ची के डेढ़ माह की गर्भवती होने की बात बताई तो परिजनों के होश उड़ गये। बच्ची से पूछा गया तो उसने ईंट भट्ठा मुंशी के वहशीपन की करतूत बताई। बच्ची ने बताया कि दो माह पहले वह ईंट भट्ठे के नजदीक बकरियां चरा रही थी। तब ईंट भट्ठा का मुंशी मुनव्वर उसे बहला फुसलाकर भट्ठे में ले गया और दुष्कर्म किया। पिता बेटी को लेकर थाना असमोली पहुंचा। पिता ने जो बताया उसे सुनकर पुलिस कर्मी भी सकते में आ गए। पिता की तहरीर पर पुलिस ने ईंट भट्ठा मुंशी मुनव्वर पर रिपोर्ट दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। कोतवाल राजीव बालियान ने बताया कि जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।


# मस्जिद का अतिक्रमण खुद तोड़ने में जुटे

कार्यालय संवाददाता, संभल

- मोहल्ला चौधरी सराय की फूल वाली मस्जिद का 8 फिट हिस्सा अतिक्रमण के रूप में चिन्हित

**अमृत विचार:** मस्जिद का आठ फिट हिस्सा प्रशासन ने अतिक्रमण के रूप में चिन्हित किया है। प्रशासन की बुलडोजर कार्रवाई से पहले ही मस्जिद कमेटी से जुड़े लोगों ने अतिक्रमण तोड़ना शुरू कर दिया है। सड़क किनारे बनी दो कब्रों को लेकर अभी स्थिति साफ नहीं है कि उन्हें कौन और कैसे हटायेगा।

संभल-बहजोई मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण की कवायद के चलते प्रशासन मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करने में लगा है। इसी के तहत जहां हयातनगर में कई दुकानों पर बुलडोजर चला।सड़क किनारे बनी मस्जिद को भी तोड़ा गया। दरगाह को कमेटी के लोग खुद पीछे हटा रहे हैं। पिछले दिनों हुई नापजोख में चौधरी सराय में नाले से सटी फूल वाली मस्जिद का आठ फिट हिस्सा अतिक्रमण के रूप में चिन्हित किया था। मस्जिद कमेटी से कहा गया था कि खुद अतिक्रमण तोड़ लें नहीं तो बुलडोजर कार्रवाई की जाएगी।शनिवार को कमेटी ने मस्जिद के अतिक्रमण के रूप में चिन्हित हिस्से को तुड़वाने का काम शुरु किया। सुबह से ही मजदूर निर्माण तोड़ने के काम में जुट गये। दोपहर तक निर्माण का काफी हिस्सा तोड़ लिया गया था। मस्जिद कमेटी के मोहम्मद मुनाजिर ने बताया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए मस्जिद का 8 फिट हिस्सा अतिक्रमण मानकर वहां निशान लगाया था। वह इसे तुड़वा रहे हैं।


मस्जिद का अतिक्रमण तोड़ते लोग।

### सड़क से सटी दो कब्रों को लेकर स्थिति साफ नहीं

सड़क के किनारे बनी फूल वाली मस्जिद के आठ फिट हिस्से को अतिक्रमण मानकर तोड़ा जा रहा है लेकिन इस हिस्से से पहले सड़क की तरफ दो कब्रें भी हैं, उन कब्रों को कौन और कैसे तोड़ेगा यह बात अभी साफ नहीं है। मस्जिद कमेटी के लोगों का दबी जुबान से कहना है कि हमने मस्जिद का हिस्सा तोड़ लिया लेकिन कब्रों का क्या करना है यह प्रशासन ही जाने।

# न्यायालय ने 3 दोषियों को सुनाई 5-5 वर्ष की सजा

- 15-15 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया गया

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** न्यायालय एवं सत्र न्यायाधीश ने धारा 308 में 3 दोषियों को 5-5 वर्ष सश्रम कारावास व 15-15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामला थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव नसीरपुर का है।

जिला शासकीय अधिवक्ता राहुल दीक्षित ने बताया कि अर्जुन सिंह निवासी गांव नसीरपुर थाना बनियठेर ने थाने में तहरीर दी कि 24 जून 2012 की सुबह 8 बजे उसके ताऊ तारा सिंह का पुत्र ओमपाल सिह घास लेकर खेत से रहा था। तभी गांव के तेजपाल के बच्चों से किसी बात को लेकर मारपीट हो गई थी। उसी दिन ताऊ के पुत्र ओमपाल व उसकी पत्नी मंजू गांव को नरेश, तेजपाल व धीरेंद्र ने लात-घूसों व लाठी डंडों से जमकर पीटा। घटना में ओमपाल सिंह के माथे पर चोट आई। पुलिस ने नरेश, तेजपाल व धीरेंद्र के विरुद्ध धारा 308 सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना शुरू कर दी। घटना के विवेचना पूरी होने के बाद पुलिस ने चार्जशीट न्यायालय में दाखिल कर दी। उक्त मुकदमें की सुनवाई न्यायालय एवं सत्र न्यायाधीश दुर्ग नारायन सिंह की न्यायालय में हुई। न्यायालय ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की बहस सुनने के बाद तीनों को दोषी पाया। न्यायालय ने नरेश, तेजपाल व धीरेंद्र ने 5-5 वर्ष का सश्रम कारावास व 15-15 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

## सार-संक्षेप

### विद्यालय में किया गया प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन



**चन्दौसी, अमृत विचार :** एबीसी मांटेसरी स्कूल में प्रोजेक्ट प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। साथ ही बच्चों ने विद्यालय के आसपास पौधरोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। शनिवार को एबीसी मांटेसरी स्कूल में छात्र-छात्राओं ने गर्मी की छुट्टियों में दिए गए प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी का आयोजन किया। बच्चों के मॉडल आकर्षण का केंद्र रहे। जिसमें बच्चों ने न्यूज की फाइल बनाई तो कुछ बच्चों ने फैमिली ट्री बनाए व कुछ बच्चों ने इवेंट की स्क्रैपबुक बनाई। इसके बाद बच्चों ने पौधरोपण कर पर्यावरण को सुरक्षित रखने का संकल्प लिया। विद्यालय संचालिका संगीता भार्गव बताया कि हम हर बार बच्चों के बनाए मॉडल की प्रदर्शनी लगाते हैं, जिससे बच्चों की प्रतिभा को निखारा जा सकते। इस दौरान काजल, मीनू, प्रिया, शालू, निशा, इशिता, दीक्षा, सिल्की, नेहा, सोनल, सरिता, रुपाली, संतोष, पारुल आदि शिक्षिकाएं मौजूद रहीं।

### आजादी के लिए मंगल पांडे ने दिया बलिदान



**संभल, अमृत विचार :** जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी संभल द्वारा प्रथम स्वतंत्रता संग्राम 1857 की क्रांति के महायोद्धा मंगल पांडे की जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया। मंगल पांडे के जीवन और प्रथम स्वतंत्रता संग्राम के दौरान किए गए अथक प्रयासों और बलिदान पर प्रकाश डाला गया। जिला अध्यक्ष आरिफ तुर्की ने कहा कि मंगल पांडे का जीवन नौजवानों के लिए आदर्श है। शहर अध्यक्ष शिव किशोर गौतम ने कहा कि मंगल पांडेय का बलिदान बताता है कि हमें असत्य और अत्याचार के सामने नहीं झुकना चाहिए। कौस्तुभ रस्तोगी, सलमान तुर्की, हाजी अशरफ अंसारी, दाउद पाशा, मोहम्मद कलीम, मोअज़्ज़म , डॉक्टर मरगूब, नोमान अली, फिरोज आलम, मोहम्मद यासीन,मोहम्मद मुशर्रफ, खदीजा बैगन आदि उपस्थित रहे।

### प्रभारी मंत्री ने अस्पताल का किया निरीक्षण



**बबराला, अमृत विचार :** जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने पुरूष चिकित्सालय में इमरजेंसी, औषधि भंडार और महिला विंग में लैब और ऑपरेशन थियेटर आदि का निरीक्षण किया। अस्पताल में भर्ती महिला प्रसूताओं से संवाद कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति और मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। चिकित्सकों और स्टाफ को निर्देश दिए कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण इलाज और सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। कहा कि सरकार आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए प्रतिबद्ध है।स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एसडीएम डॉ. वंदना मिश्रा, सीएमओ डॉ. तरूण पाठक, सीएचसी अधीक्षक डॉ. राजकिशोर आदि मौजूद थे।

### एसपी रेलवे ने किया जीआरपी थाने का निरीक्षण



**चन्दौसी, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक रेलवे आशुतोष शुक्ला ने शनिवार की सुबह जीआरपी थाने का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मालखाना, कार्यालय व महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण किया। इसके बाद रेलवे स्टेशन का भ्रमण कर यात्रियों से जानकारी ली। उन्होंने थाना प्रभारी को निर्देश देते हुए कहा कि कांवड़ यात्रा चल रही है, इसलिए किसी भी कांवड़िये को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। रेलवे स्टेशन पर ठहरने वाले कांवड़ियें की सुरक्षा की जिम्मेदारी जीआरपी की है। रेलवे स्टेशन पर अगर यात्रियों की भीड़भाड़ अधिक है, तो ज्यादा सावधानी बरतने की आवश्यकता है। ताकि किसी भी यात्री को ट्रेन में चढ़ने व उतरने में परेशानी न हो। दिन व रात को रेलवे स्टेशन पर चेकिंग अभियान चलाया जाए।

# शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए: डीएम


संपूर्ण समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम राजेंद्र पैंसिया। ● अमृत विचार

**संभल, अमृत विचार:** गुन्नौर में संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने शिकायतकर्ताओं की समस्याएं सुनकर अधिकारियों को निर्देश दिए कि शिकायतों को गम्भीरता से लिया जाये। शिकायत का निस्तारण गुणवत्ता एवं प्राथमिकता के आधार पर किया जाए।

समधान दिवस में कुल 110 शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें 3 शिकायतों का तत्काल निस्तारण किया गया। शेष के लिए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी गुन्नौर वंदना मिश्रा, क्षेत्राधिकारी गुन्नौर दीपक तिवारी एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। वहीं संभल में एसडीएम विकास चंद्र की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया।

# ईओ की मां के कुंडल खींच ट्रेन से कूदा झपटमार

**बबराला, अमृत विचार:** धनारी रेलवे स्टेशन पर झपटमार ने ट्रेन में सवार अमरोहा के अधिशासी अधिकारी की माता के कान से सोने के कुंडल नोच लिये और चलती ट्रेन से कूदकर फरार हो गया।

अमरोहा नगर पालिका में अधिशासी अधिकारी सलिल भारद्वाज की माता सुधा शर्मा अलीगढ़ के अतरौली में बिजली विभाग में कार्यरत हैं। सुधा अलीगढ़-बरेली पैसेंजर से अपने घर बहजोई लौट रही थीं। ट्रेन धनारी रेलवे स्टेशन से धीरे-धीरे चलने लगी। उसी दौरान एक झपटमार ने अचानक सुधा शर्मा के एक कान से सोने का कुंडल नोच लिया और चलती ट्रेन से उतरकर भाग गया। सुधा ने शोर मचाया, लेकिन तब तक आरोपी फरार हो चुका था। घटना की सूचना जीआरपी को दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# एसीएमओ पर अभद्रता का आरोप लगा धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ता

संवाददाता, बहजोई

**अमृत विचार:** आशा कार्यकत्री का अनुभव प्रमाण पत्र बनवाने को लेकर भाकियू टिकैत के कार्यकर्ताओं तथा एसीएमओ में नोकझोंक हुई। कार्यकर्ताओं ने एसीएमओ पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए सीएमओ दफ्तर पर धरना आरंभ कर दिया। एसीएमओ को हटाए जाने की मांग उठाई।

भारतीय किसान यूनियन टिकैत कार्यकर्ता सीएमओ दफ्तर पर एक आशा कार्यकत्री का अनुभव प्रमाण पत्र बनवाने पहुंचे। प्रमाण पत्र को लेकर एसीएमओ डा. पंकज बिश्नोई से वार्ता चल रही थी। किसी बात पर नोकझोंक के बाद जमकर हंगामा हुआ। एसीएमओ की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामल शांत कराया।


एसीएमओ कार्यालय पर प्रदर्शन करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- आशा कार्यकर्ता के अनुभव प्रमाण पत्र को लेकर हुई नोकझोंक

इसके बाद जिलाध्यक्ष मनपाल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ता सीएमओ दफ्तर पर धरने पर बैठ गए। एसीएमओ पर अभद्रता का आरोप लगाकर जमकर नारेबाजी की। एसीएमओ को हटाने की मांग करने लगे। देर शाम तक एसीएमओ तथा कार्यकर्ताओं में वार्ता हुई लेकिन बात नहीं बन पाई। प्रदेश सचिव उदयवीर सिंह, मंडल प्रवक्ता चंद्रपाल सिंह, मंडल महासचिव मुकेश यादव, मंडल सचिव राजपाल सिंह, पुरंदर सिंह, केपी यादव, अमर सिंह राजपूत, महेश यादव, राजू यादव, मुनेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

# बिहार में बीजेपी-जेडीयू गठबंधन की होगी हार

संवाददाता, बहजोई(संभल)

- बहजोई में एक निजी कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे सपा महासचिव रामगोपाल यादव बोले
- प्रदेश सरकार से स्कूलों को मर्ज करने के फैसले पर पुनर्विचार को कहा

**अमृत विचार:** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व राज्यसभा सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने कहा कि बिहार में विपक्ष वोट काटने का आरोप लगा रहा है वह सही है। इसके बावजूद बिहार में बीजेपी और जेडीयू गठबंधन की करारी हार होगी।

बहजोई में एक निजी कार्यक्रम में पहुंचे राज्यसभा सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए कहा कि सरकार को स्कूलों को विलय करने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। यह कानून गरीबों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी की विधानसभा चुनाव 2027 के लिए पूरी तैयारी है। अगर चुनाव आयोग आज चुनाव कराए तो पूरी तैयारी से चुनाव लड़ा जाएगा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि सरकार के खिलाफ जो भी बोलता है उसके खिलाफ एफआईआर हो जाती है। इसी तरह रोज लोगों के खिलाफ एफआईआर हो रही है। कहा कि बिहार में इलेक्शन कमीशन पर जो आरोप लगाए जा रहे हैं वह बिल्कुल सही हैं। वहां पर गरीबों के वोट काटने का काम किया जा रहा है। इन सब के बावजूद बिहार में बीजेपी और जेडीयू गठबंधन की करारी हार होगी।


पार्टी नेताओं के साथ सपा महासचिव व राज्यसभा सांसद प्रोफेसर रामगोपाल यादव। ● अमृत विचार

चुनाव आयोग जिस तरह से अब बिहार में कर रहा है। फिर चुनाव आते ही कर्नाटक में करेगा। बंगाल में करेगा और 2027 में उत्तर प्रदेश में करेगा। हम सब लोग इसका सामना करेंगे। ऐसा नहीं होने देंगे। इस दौरान बदायूं सांसद आदित्य यादव, आजमगढ़ सांसद धर्मेंद्र यादव, राज्यसभा सांसद जावेद अली खा, संभल विधायक इकबाल महमूद, असमोली विधायक पिंकी यादव,गुन्नौर विधायक राम खिलाड़ी सिंह यादव, बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम, सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी, महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार, शोभित कुमार काका, सद्दाम कुरेशी आदि मौजूद रहे।

# बार चुनाव में अध्यक्ष व सचिव सहित 5 पदों पर होगा मतदान


कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

- वरिष्ठ उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष का हुआ निर्विरोध निर्वाचन

**अमृत विचार:** चन्दौसी बार एसोसिएशन की चुनाव प्रक्रिया के तहत शनिवार को नाम वापसी, नामांकन पत्रों की जांच व प्रत्याशियों की अंतिम सूची का प्रकाशन किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष व कोषाध्यक्ष का एक-एक प्रत्याशी रहने पर उन्हें निर्विरोध निर्वाचित कर दिया गया।

एल्डर कमेटी के चेयरमैन अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर मोहम्मद सलीम व उपाध्यक्ष कनिष्ठ खंड पर विशाल कुमार ने नाम वापस ले लिए। अब 5 पदों पर चुनाव होगा। अध्यक्ष पद पर राजेश कुमार यादव व विनोद कुमार सिंह, उपाध्यक्ष वरिष्ठ खंड के 2 पदों पर अरविंद कुमार, बलराम सिंह व मोहम्मद नूर नवाज खान तथा उपाध्यक्ष कनिष्ठ खंड पर तेजराम सिंह, विकास सागर, अमिर खान व अम्बर कुमार के मध्य मुकाबला है। जबकि सचिव पद पर मुकेश कुमार शर्मा, बीएल सागर व तीरथ राज यादव चुनाव मैदान में है। इसके अलावा सहसचिव के 3 पदों पर कविता चौहान, सुभाष चंद्र, शुभम प्रताप सक्सेना, कृष्णानंद व अमोल कुमार के बीच मुकाबला होगा। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पर विपिन कुमार सिंह व कोषाध्यक्ष पद पर अमरीश कुमार शर्मा को निर्विरोध चुना गया। गर्वनिंग कौंसिल वरिष्ठ खंड के 6 पदों विकास कुमार राघव, नीलम, प्रेम नारायण गुप्ता, इफ्तेदार हुसैन पाशा, प्रवीन कुमार व उमाकांत गुप्ता को निर्विरोध निर्वाचित किया गया। इस दौरान एल्डर कमेटी के सदस्य शकील अहमद वारसी, मोहम्मद सगीर सैफी, राज बहादुर, लोकेंद्र शर्मा मौजूद रहे।

# विचार अभिव्यक्ति की मर्यादा



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

संगीत, कला, काव्य और साहित्य सहित सभी सृजन विचार स्वातंत्र्य में ही खिलते हैं। आधुनिक विश्व के सभी देशों में इनका सम्मान है। लेकिन भारत और शेष विश्व में इनके उद्देश्यों में मौलिक अंतर है। भारतीय संगीत, कला, काव्य और साहित्य का लक्ष्य लोकमंगल है। यहां जो लोकमंगल नहीं साधता वह साहित्य नहीं हो सकता।

अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता महत्वपूर्ण है। संविधान निर्माताओं ने सच्चे लोकतंत्र की स्थापना के लिए अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को मौलिक अधिकार बनाया है, लेकिन अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का यह अधिकार असीम नहीं है। इसकी सीमा है। संविधान के अनुच्छेद 19 में यह अधिकार स्पष्ट है। कहा गया है, "सभी नागरिकों को वाक् स्वातंत्र्य और अभिव्यक्ति स्वातंत्र्य का अधिकार होगा।" वहीं इसी अनुच्छेद के खण्ड 2 में इस अधिकार की मर्यादा बताई गई है। आगे कहा गया है कि, "भारत की संप्रभुता, अखण्डता, सुरक्षा, विदेशी राज्यों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध, लोकव्यवस्था, शिष्टाचार या सदाचार के हितों में अथवा न्यायालय अवमान के संबंध में विद्यमान विधि के प्रवर्तन पर फर्क नहीं पड़ेगा।" बीते कुछ समय से अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के इस अधिकार का दुरुपयोग बढ़ रहा है। इस पर राष्ट्रीय बेचैनी है। सर्वोच्च न्यायालय ने कई मामलों में स्पष्ट किया है कि विचार अभिव्यक्ति की यह स्वतंत्रता निरपेक्ष नहीं है।

दरअसल सोशल मीडिया में सक्रिय एक बड़े वर्ग द्वारा आभासी आक्रमण दंगा भड़काने वाले पोस्ट डाले जा रहे हैं। अश्लील चित्र और अवैध संबंधों का महिमामण्डन किया जा रहा है। ऐसे में सोशल मीडिया जैसे विशाल मंच के दुरुपयोग की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। देश चिंतित है। सांप्रदायिक संघर्ष भड़काने वाली झूठी सूचनाएं भी राष्ट्रीय एकता और आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरनाक बताई जा रही हैं। सुप्रीम कोर्ट ने विकलांग व्यक्तियों पर आपत्तिजनक टिप्पणियों को गंभीरता से लिया है। सर्वोच्च न्यायपीठ ने अटॉर्नी जनरल से सोशल मीडिया के लिए दिशा निर्देश तैयार करने की अपेक्षा की है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का निरंकुश दुरुपयोग राष्ट्र के लिए अच्छा नहीं है। एक अन्य मुकदमे में सर्वोच्च न्यायपीठ ने कहा है कि, "अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता मूल्यवान है। आखिरकार देश के नागरिक स्वयं अपना नियमन क्यों नहीं कर सकते?" भारत विश्व प्रतिष्ठित देश है। हम भारत के लोग अपने परिजनों/देशवासियों से शब्द संयम की न्यूनतम अपेक्षा तो कर ही सकते हैं। यह बात सही है कि विचार अभिव्यक्ति आवश्यक है, लेकिन इससे भी ज्यादा यह बात आवश्यक है कि अभिव्यक्ति का सौंदर्य और उसका प्रवाह अश्लील अभद्र और आक्रामक न हो। संप्रति सोशल मीडिया में सदाचार और अभद्र आचरण को भी जाति वर्ग में बांटने का प्रचार चल रहा है। आखिरकार विचार अभिव्यक्ति का अर्थ क्या है? अस्तित्व सत्य है, अस्तित्व सुंदर है और शिव भी है। हमारे उद्भव का स्रोत अस्तित्व है। अस्तित्व प्रतिपल अभिव्यक्त हो रहा है। सत्य, शिव और सुंदर को प्रकट करना और राष्ट्र को आनंद आपूरित करना अभिव्यक्ति का उद्देश्य है।

संगीत, कला, काव्य और साहित्य सहित सभी सृजन विचार स्वातंत्र्य में ही खिलते हैं। आधुनिक विश्व के सभी देशों में इनका सम्मान है। लेकिन भारत और शेष विश्व में इनके उद्देश्यों में मौलिक अंतर है। भारतीय संगीत, कला, काव्य और साहित्य का लक्ष्य लोकमंगल है। यहां जो लोकमंगल नहीं साधता वह साहित्य नहीं हो सकता। यहां श्रीकृष्ण भी बांसुरी वादक हैं और शिव नटराज। ऋग्वेद में अग्नि देवता व बृहस्पति को भी कवि बताया गया है। यहां विचार अभिव्यक्ति का लक्ष्य किसी की भावनाओं को चोट पहुंचाना नहीं था। भारतीय भाषाओं के सबसे लोकप्रिय कवि तुलसीदास ने रामचरित मानस लिखी थी। यहां पहले से ही इस्लामी शासन था लेकिन उनकी रामकथा में इस्लाम या तत्कालीन शासकों पर कोई टिप्पणी नहीं है। संविधान निर्माता सजग थे। उन्होंने विचार अभिव्यक्ति का स्वातंत्र्य दिया, साथ ही मर्यादा के बंधन भी लगाए। संविधान सभा (1.12.1948) में प्रो. के.टी. शाह ने बंधनों का विरोध किया, कहा कि "यहां मुख्य प्राविधान के बजाय अपवादों पर अधिक जोर दिया गया है, वास्तव में दांए हाथ से जो कुछ दिया गया है उसे तीन, चार बार बांए हाथों से छीन लिया गया है।" शाह ने समाचार पत्रों को अधिकार देने की मांग की। कहा "संयुक्त राष्ट्र संघ के घोषणा पत्र में समाचार पत्रों की स्वाधीनता को प्रमुख स्थान दिया गया है। हमारे मसौदाकारों ने इसे क्यों छोड़ा?" दामोदर स्वरूप सेठ ने भी कहा कि "इस अनुच्छेद में जिन अधिकारों को दिया गया है उनका उसी अनुच्छेद की धारा से खण्डन हो जाता है।" अनेक तर्क हुए लेकिन अंततः बंधनों पर ही सहमति हुई। समाचार पत्रों को इसी अधिकार में सम्मिलित माना गया। मर्यादाओं की सूची में 'अपराध प्रेरण, शिष्टाचार, सदाचार, न्यायालय अवमान, आदि शब्द रखे गए थे। लेकिन चीनी हमले के समय वामपंथी समूहों ने राष्ट्रीय संप्रभुता को भी चुनौती दी। तब 'भारत की संप्रभुता और अखण्डता' को प्रभावित करने वाली अभिव्यक्ति पर मर्यादा की बात 1963 के 16वें संविधान संशोधन में जोड़ी गयी। राष्ट्र का संवर्द्धन हरेक नागरिक का कर्तव्य है। संविधान का अनुच्छेद 51क (42वां संविधान संशोधन) मूल कर्तव्यों का है। प्रख्यात संविधानविद् न्यायमूर्ति डी.डी.बसु की टिप्पणी पठनीय है कि "मूल कर्तव्य न्यायालय द्वारा प्रवर्तनीय नहीं है। इनका उल्लंघन भी दण्डनीय नहीं है लेकिन न्यायालय ऐसे व्यक्ति की प्रेरणा पर मूल अधिकार का प्रवर्तन करने से इंकार कर सकता है जिसने संवैधानिक कर्तव्यों में से किसी एक का उल्लंघन किया है।" इस सूची में संविधान का पालन, संवैधानिक संस्थाओं, राष्ट्रध्वज व राष्ट्रगान का आदर, राष्ट्र की संप्रभुता, एकता, अखण्डता का सम्मान, समानता व भाईचारा बढ़ाने, सांस्कृतिक परंपरा का सम्मान और परिरक्षण आदि 11 संवैधानिक कर्तव्यों का पालन किए जाने की अपेक्षा की गई है। लेकिन अनेक लोग विचार अभिव्यक्ति के अधिकार का प्रयोग करते समय संवैधानिक कर्तव्यों का ध्यान नहीं रखते। भारत संघ बनाम नवीन जिंदल मामले (2004) में न्यायालय ने राष्ट्रध्वज के लहराने को भी विचार अभिव्यक्ति मानकर अनुच्छेद 19(1) की परिधि में मौलिक अधिकार बताया था। वाक् स्वातंत्र्य का अधिकार बड़ा है। शब्द सत्ता बड़ी है-शब्द संयम में प्रीति होती है, रस होता है। शब्द दुरुपयोग में उत्तेजना है, भावना और आस्था पर आक्रमण है।

विश्वविख्यात कलाकार एम.एफ. हुसैन ने सरस्वती व सीता के अश्लील चित्र बनाए थे। इसे विचार अभिव्यक्ति कहेंगे या विकार अभिव्यक्ति? सोशल मीडिया में आपत्तिजनक सामग्री की आंधी है। शब्द संयम में ही सौन्दर्य प्रकट होता है और शब्द अनुशासनहीनता में अश्लीलता। सर्वोच्च न्यायालय ने 2005 में मौन रहने को भी अनु. 19(1क) के अधीन विचार अभिव्यक्ति का अधिकार बताया था। राजनीति शब्दों का ही खेल है। लेकिन राजनीतिक शब्दकोष से शालीनता के तत्व गायब हैं। यहां आरोप-प्रत्यारोप हैं। संसद और विधानमण्डल में बोले गए शब्दों पर न्यायालय कार्यवाही नहीं कर सकते। इसलिए संसदीय शब्द अराजकता अपनी सीमा पार कर गई है। वाक् स्वातंत्र्य के अधिकार का सदुपयोग सामाजिक परिवर्तन में होना चाहिए। वाद-विवाद में मधुमय सम्वाद की प्राचीन संस्कृति को बढ़ाना चाहिए। समाज के छोटे से हिस्से की भी भावनाओं को आहत करने वाले शब्दों का प्रयोग अभिव्यक्ति की आजादी का दुरुपयोग है। इसी तरह बात बे बात किसी विचार, संगीत, कला, काव्य या फिल्म को लेकर हल्ला बोलना भी स्वतंत्र समाज के लिए बहुत घातक है। राष्ट्र राज्य अपना कर्तव्य निभाए और नागरिक अपना।

# शिक्षा में समानता और दोहरे न्याय का स्कूल वर्जन




सरकारी विद्यालय को हर दिशा-निर्देश का पालन करना है-चाहे वह समय पर प्रार्थना हो, पोषण मापक हो, टीकाकरण हो, दस्तावेजी सबूत हो या बार-बार बदले जाने वाले पोर्टल। वहीं निजी विद्यालय चाहें तो छुट्टियों में पढ़ाएं, फीस मनचाही लें, पाठ्यक्रम से हटकर किताबें पढ़ाएं और मनमाने मूल्यांकन करें-कोई पूछने वाला नहीं।



प्रवीण त्रिवेदी
फतेहपुर

बात सिर्फ सरकारी या निजी स्कूल की नहीं है, बात उस दोहरे मापदंड की है जो शिक्षा के मंदिरों को बाजार और बेड़ियों में बांट रहा है। मान्यता दोनों को उसी सरकार से, उन्हीं नियमों और शर्तों पर मिलती है, लेकिन मानना सिर्फ सरकारी स्कूलों की मजबूरी बनती है, जबकि निजी स्कूलों को मिली है खुलेआम मनमानी की छूट।

सरकारी विद्यालय को हर दिशा-निर्देश का पालन करना है-चाहे वह समय पर प्रार्थना हो, पोषण मापक हो, टीकाकरण हो, दस्तावेजी सबूत हो या बार-बार बदले जाने वाले पोर्टल। वहीं निजी विद्यालय चाहें तो छुट्टियों में पढ़ाएं, फीस मनचाही लें, पाठ्यक्रम से हटकर किताबें पढ़ाएं और मनमाने मूल्यांकन करें-कोई पूछने वाला नहीं। अपनी सुविधा से जब चाहे छुट्टी, जब चाहे क्लास, जब चाहे विद्यालय का समय अपने अनुकूल कर लें।

निजी विद्यालय तय करता है कौन पढ़ेगा, कितनी फीस देगा, कब छुट्टी होगी, और किस माध्यम से पढ़ाई होगी-स्मार्ट क्लास हो या विदेश यात्रा। जबकि सरकारी विद्यालय को हर बच्चा लेना है, चाहे वह पढ़ने को इच्छुक हो या नहीं, हर गैर शैक्षणिक गतिविधि करनी है, चाहे शिक्षण समय बर्बाद हो या नहीं, और हर आदेश का पालन करना है, चाहे वह व्यावहारिक हो या नहीं। निजी स्कूल अगर परीक्षा न लें तो 'ऑल्टर्नेट असेसमेंट', सरकारी स्कूल न लें तो 'शिथिलता'। क्या ये शिक्षा में समानता है या दोहरे न्याय का स्कूल वर्जन? ऊपर से अगर कोई परिणाम न निकले, तो सवाल सिर्फ शिक्षक से- जवाबदेही सिर्फ सरकारी व्यवस्था से।

अगर शिक्षा में वास्तव में सुधार चाहिए, तो दोनों को समान नियम, समान आज़ादी और समान ज़िम्मेदारी दी जाए। सरकारी स्कूलों को भी उतनी ही स्वतंत्रता मिले जितनी निजी स्कूलों को मिली है-नामांकन चयन की, पाठ्यक्रम पद्धति की, अनुशासन व्यवस्था की और शिक्षण प्रयोग की। तब होगी असली प्रतिस्पर्धा -ईमानदार, असरदार और बराबरी पर खड़ी। नहीं तो अभी तो ये एकतरफा मुकाबला है जिसमें सरकारी शिक्षक से वही चमत्कार मांगा जा रहा है जो एक हाथ बांधकर युद्ध जीतने जैसा है, इसलिए या तो तदनुसार बदलाव हो या फिर यह तय हो कि आखिर सरकारी स्कूलों से अपेक्षा क्या है?

# नदियों के संरक्षण से निकलेगा भूगर्भ जल का समाधान



डॉ.जितेंद्र शुक्ला
वन्य जीव विशेषज्ञ

यहां यह भी समझना आवश्यक है कि नदियां केवल पहाड़ों से नहीं निकलतीं। बहुत-सी नदियां धरती के भीतर से निकलती हैं, जिन्हें "धरातलीय जलधाराएं" कहा जाता है।

पृथ्वी पर जीवन की कल्पना जल के बिना अधूरी है। जल ही जीवन का आधार है और इसका सबसे महत्वपूर्ण स्रोत भूगर्भ जल है, जिसे हम सामान्यतः कुंओं, नलकूपों, हैंडपंपों के माध्यम से उपयोग करते हैं। यह जल वर्षों की प्राकृतिक प्रक्रिया द्वारा धीरे-धीरे धरती की परतों में संग्रहित होता है और समय आने पर हमें जीवन देता है। परंतु विडंबना यह है कि आज हम इस अमूल्य धरोहर का अत्यधिक दोहन कर रहे हैं, जिससे न केवल जल संकट उत्पन्न हो गया है, बल्कि पर्यावरणीय असंतुलन भी गंभीर होता जा रहा है। इस संकट का यदि कोई सबसे प्रभावी और स्थायी समाधान है, तो वह है-नदियों का संरक्षण।

भारतवर्ष, जहां गंगा, यमुना, ब्रह्मपुत्र, नर्मदा, कृष्णा, गोदावरी, ताप्ती, कावेरी जैसी पवित्र नदियां बहती हैं, वहां आज जल के लिए त्राहि-त्राहि मची है। यह कैसी विडंबना है कि नदियों की गोद में पले-बढ़े हम आज उसी जल के एक-एक बूंद के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कारण स्पष्ट है -हमने नदियों को जीवनदायिनी समझने के बजाय मात्र एक संसाधन समझ लिया, उन पर बांध बनाए, उनका मार्ग बदला, उनके तटों पर कंक्रीट के जंगल उगाए, उनमें कचरा बहाया, और अब जबकि वे कराह रही हैं, तो हम स्वयं भी सूखती धरती और गिरते जलस्तर के बीच अपनी सांसें गिन रहे हैं।

आज भारत के लगभग 718 जिलों में से 256 जिले ऐसे हैं जहां भूजल स्तर अत्यंत गंभीर स्थिति में पहुंच चुका है। अनेक क्षेत्रों में जलस्तर 200 फीट से नीचे चला गया है। उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्य सबसे अधिक प्रभावित हैं। केन्द्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्टों में यह सामने आया है कि भारत की 60 प्रतिशत से अधिक भूमि पर जलस्तर खतरनाक गति से गिर रहा है और यदि यही स्थिति रही, तो आने वाले 20 वर्षों में देश के अनेक हिस्सों में भूजल पूरी तरह समाप्त हो सकता है।

यह संकट केवल पीने के पानी तक सीमित नहीं है। खेती, पशुपालन, उद्योग, ऊर्जा उत्पादन, पारिस्थितिकी और जीव-जंतुओं का अस्तित्व-ये सब जल पर निर्भर हैं। जब जल नहीं होगा, तो अनाज नहीं होगा, जब अनाज नहीं होगा, तो जीवन नहीं बचेगा। इसलिए भूजल का संरक्षण कोई विकल्प नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुका है।

अब प्रश्न उठता है कि भूजल का स्तर क्यों गिर रहा है? इसका प्रमुख कारण है-वर्षा जल का भूमिगत पुनर्भरण न हो पाना। जब वर्षा होती है और उसका जल भूमि में समा नहीं पाता, तब वह बहकर नालियों, नदियों और अंततः समुद्र में चला जाता है। यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब नदियां सूख चुकी होती हैं या उन पर इतना अतिक्रमण हो चुका होता है कि वे जल को समाहित नहीं कर पातीं।

नदियां भूजल पुनर्भरण की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं। जब नदियां अपने स्वाभाविक रूप में बहती हैं, तो उनके किनारे की भूमि वर्षा जल को सोख लेती है। यह जल धीरे-धीरे धरती की परतों में जाकर भूजल भंडार को भरता है। वैज्ञानिकों ने यह सिद्ध किया है कि एक किलोमीटर लंबी और सौ मीटर चौड़ी नदी यदि सालभर बहती रहे, तो वह आसपास के दस किलोमीटर क्षेत्र में भूजल स्तर को संतुलित बनाए रख सकती है। लेकिन जब वही नदी सूख जाती है या उसका जल कचरे और प्रदूषण से भर जाता है, तब वह पुनर्भरण प्रक्रिया थम जाती है और जलस्तर गिरने लगता है।

यहां यह भी समझना आवश्यक है कि नदियां केवल पहाड़ों से नहीं निकलतीं। बहुत-सी नदियां धरती के भीतर से निकलती हैं, जिन्हें "धरातलीय जलधाराएं" कहा जाता है। ये नदियां भूजल से ही पोषित होती हैं। जब भूजल घटता है, तो ये नदियां सूख जाती हैं और जब ये सूख जाती हैं, तो भूजल और अधिक गिरता है-यह एक दुःखद चक्र बन जाता है। इसका समाधान तभी संभव है जब हम नदियों को पुनर्जीवित करें।

देश के कई हिस्सों में जब नदियों को पुनर्जीवित किया गया, तो परिणाम चमत्कारी रहे। राजस्थान के अलवर जिले में पर्यावरणविद् राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों सूखी नदियों को पुनर्जीवित किया गया, जिनके चलते लगभग 1200 गांवों में जल संकट समाप्त हो गया। वहां के कुएं फिर से भरने लगे, खेतों में हरियाली लौट आई और पशुओं को पानी मिलने लगा। महाराष्ट्र में "जलयुक्त शिवार" योजना के अंतर्गत 2014 से 2019 के बीच 16 हजार से अधिक गांवों में नालों और नदियों का गहरीकरण और चौड़ीकरण किया गया, जिससे 20 फीट से अधिक भूजल स्तर में सुधार हुआ। तमिलनाडु के वेल्लोर, कर्नाटक के बीदर, उत्तर प्रदेश के ललितपुर और बुंदेलखंड क्षेत्र में नदियों के पुनर्जीवन से न केवल भूजल स्तर बढ़ा, बल्कि वहां के किसान फिर से दो फसलों की खेती करने लगे। ये उदाहरण बताते हैं कि नदियां केवल जल की धार नहीं हैं, वे धरती की धड़कन हैं, जो सूख जाएं, तो सब कुछ सूख जाता है।

अब आवश्यकता है कि हम नदियों के संरक्षण को राष्ट्रीय अभियान के रूप में अपनाएं। इसके लिए निम्नलिखित उपाय अत्यंत आवश्यक हैं-सबसे पहले नदियों के जलग्रहण क्षेत्रों को सुरक्षित किया जाए। वहां वृक्षारोपण हो, अवैध निर्माण पर रोक लगे, रेत खनन नियंत्रित किया जाए और नालों की दिशा नदी की ओर मोड़ी जाए। वर्षा जल संचयन को अनिवार्य किया जाए। प्रत्येक भवन, विद्यालय, अस्पताल और उद्योग में वर्षा जल को भूमिगत टैंकों या जलधारण गड्ढों के माध्यम से जमीन में पहुंचाया जाए।

हमें पारंपरिक जल संरक्षण तकनीकों को फिर से अपनाना चाहिए। समाज को जल संरक्षण और नदियों के पुनर्जीवन में सक्रिय भागीदार बनाया जाना चाहिए। यह भी ज़रूरी है कि नदियों के किनारे जैविक खेती को बढ़ावा दिया जाए ताकि रासायनिक उर्वरकों और कीटनाशकों का नदी जल में प्रवाह कम हो। नदी तटों पर 100 मीटर के क्षेत्र में वृक्षारोपण और चारागाह विकास से नदी की पारिस्थितिकी को स्थिर किया जा सकता है। जल न केवल जीवन का स्रोत है, बल्कि संस्कृति, आस्था, समाज और अर्थव्यवस्था का भी मूल है। यदि जल नहीं बचा, तो सभ्यता भी नहीं बचेगी।

# जड़ता से चैतन्यता की ओर



बीना नयाल
लेखिका, अल्मोड़ा

प्रायः हम जड़ता को भौतिक वस्तुओं से संदर्भित करते हैं और चैतन्यता को जीवन से परंतु आध्यात्मिक अर्थों में चैतन्यता का तात्पर्य महज जीवन से नहीं वरन पूर्ण जागृत अवस्था में जीवंतता से है। ऐसी अवस्था जहां अपनी वास्तविक सत्ता का बोध हो, संसार में आने का औचित्य सिद्ध हो और त्याग, समर्पण, दया, समानता अपरिग्रह का निर्मल भाव अंतर्मन में निरंतर प्रवाहमान हो।

नाशवान मनुष्य द्वारा अपने सद कर्मों से सांसारिक आसक्ति रूपी जड़ता को ज्ञान, निष्काम कर्म व भगवत प्रेम से तोड़ना ही चैतन्य अवस्था की ओर अग्रसर माना गया है जिसका आग्रह हमारे मनीषियो और धर्मग्रंथो में भी किया गया है, जो कि सनातन का प्राण तत्व है।

अनंत काल से प्रकृति के समस्त तत्वो का उद्देश्य अपनी जड़ अवस्था को तोड़कर मानवता को लाभान्वित कर निरंतर चैतन्य अवस्था को प्रदर्शित करना रहा हैं। हमारे शास्त्रों में जीवनदायिनी नदियों को चैतन्य माना गया है क्योंकि पूरे जीवन काल वे सभ्यता और मानवता को सींचते, संरक्षण, संवर्धित करते हुए जीवन के अंत काल में अपने अस्तित्व को अनंत सागर में विलीन कर देती है जिससे पुनः जल जल चक्र के माध्यम से झरने, ताल, नदी के रूप में धरती में प्रवाहित होता है। यदि प्रकृति भौतिक दृष्टि से जड़ होने के बावजूद इतनी प्रबुद्ध, त्यागी, संयमी और दयालु व्यवहार प्रदर्शित करती है तो मनुष्य भौतिक दृष्टि से हृदय, चेतना व मेघा से संपन्न होने के बावजूद क्यों पतंगे की भांति सांसारिक लोभ, तृष्णा और संग्रह में आसक्त रहता है और निरंतर 84 की योनि में चक्कर लगाने के बावजूद अपनी जड़ता से बंधा रहता है।

मनुष्य परम सत्ता का अंश है जो कि पूर्ण है और अंश में पूर्णता के सभी संस्कार बीज रूप में समाहित रहते हैं। बस आवश्यकता है उसे उपयुक्त वातावरण की, भीतर से आत्म चेष्टा, निरंतर ज्ञान, वैराग्य और त्याग के अभ्यास की जिससे बीज की सुषुप्त अवस्था की जड़ता टूटे व मूल दिव्य संस्कार पौध के रूप में फलित होकर छायादार व फलदार वृक्ष के रूप में परिपक्वता ग्रहण कर प्रकृति व मानवता का हित करें। ईश्वरीय अंश होने के कारण यह मनुष्य जन्म का परम हेतु भी है और सार्थकता भी कि हम चैतन्य जागृत अवस्था को अनुभूत करें।

# मीरा का संदेश

मीरा की अन्तरशक्तियों के जागरण का यह परिणाम रहा कि वह जहर को अमृत की तरह पी तो गईं ही, साथ ही समुद्र के खारापन को दूर करने के लिए मीठी सरिता का मिलन करा दिया।



सलिल पांडेय
वरिष्ठ लेखक

भक्तिकाल की कवयित्री तथा संतों की सूची में 'मीराबाई' का नाम शामिल है। मीरा थीं तो राजघराने की लेकिन मीरा की स्थिति-परिस्थिति देखकर तो प्रतीत होता है कि उनमें शिवत्व का वास था, क्योंकि धर्मग्रंथों में विष का संबंध या तो देवाधिदेव शिव से मिलता है या मीरा से। जहां देव-समूह की रक्षा के लिए शिवजी बड़े आह्लाद के साथ विषपान करते हैं, वहीं कृष्ण की भक्ति के बल पर उन्हें विष दिया गया तो उसे उसमें देव-तत्व का अमृत मिलाकर मीरा पी गईं।

मीरा के जीवन का इतिहास है कि उच्चस्तरीय परिवार में उनका विवाह हुआ। राजमहल में रहने वाली मीरा पर जन्म-जन्मांतर की भक्ति का असर था लिहाजा वह जोगन (योगी) बन गईं। इस कथ्य पर गौर किया जाए तो मनुष्य का शरीर किसी राजमहल से कम नहीं है। इस महल में दस द्वार और सात झरोखे हैं। द्वार के रूप में दस ज्ञानेंद्रियां और कर्मेन्द्रियां हैं तो सात झरोखों में मूलाधार, स्वाधिष्ठान, मणिपुर, अनहत, विशुद्ध, आज्ञा और सहस्रार चक्र शामिल है। मीरा का जोगन बनना यह प्रमाणित करता है कि वाह्यजगत के बजाय अन्तर्जगत में स्थित होकर इन चक्रों को उन्होंने जागृत कर लिया। योगदर्शन में इन चक्रों को साधने को ही कुंडलिनी जागरण भी कहते हैं। मीरा के अत्यंत प्रचलित भजन में एक पद 'महलों में पली बन के जोगन चली, मीरा गली गली हरि गुण गाने लगी...' का उल्लेख है। जिसका सीधा अर्थ है कि मीरा ने अन्तर्जगत से में स्थित आह्लाद रूप में स्थित ईश्वरीय शक्तियों से जब संबंध बनाया तो शरीर कीनस-नाड़ियों के रूप में जितनी गलियां हैं, सब से गोविंद शब्द स्वतः निकलने लगा। योग की सिद्धि में रोम-रोम से 'ऊँ' और 'राम' की गूंज होने लगती है। इसी 'राम' गूंज को डाकू जीवन जी रहे रत्नाकर को महर्षि नारद ने बताया और इसकी साधना कराई तो डाकू प्रवृत्ति छूट गई तथा ऋषित्व भाव जागृत हो गया। फिर तो वाल्मीकि होकर रामायण की रचना की तथा प्रथम कवि कहलाए।

मीरा की अन्तरशक्तियों के जागरण का यह परिणाम रहा कि वह जहर को अमृत की तरह पी तो गईं ही, साथ ही समुद्र के खारापन को दूर करने के लिए मीठी सरिता का मिलन करा दिया। 'मीरा सागर में सरिता समाने लगी..' का आशय है कि जहां भी खारापन हो, विराट होने का दम्भ हो, वहां मृदुता भर देना तथा अहंकार के खारेपन को दूर कर देना। सागर का खारापन जिंदगी में काम-क्रोध, मद-लोभ आदि प्रपंचों की ओर इंगित करता है। समुद्र में अहंकार का ही परिणाम था कि लंका जाते समय भगवान श्रीराम ने भी समुद्र की हठवादिता को नष्ट कर उसे विनयी होने का आदेश दिया। इसे एक प्रतीक रूप में जीवन के अहंकार से जोड़ा जाना चाहिए। मीरा का जीवन हर मानव के लिए अनुकरणीय है। इन भावों को जो भी आत्मसात करेगा वह नकारात्मकता के जीवन-समुद्र को सरिता (नदी) से मृदुल बना सकता है।

# धामी के सपनों में कैसे फिट होगा उत्तराखंड



अर्चना राजहंस
पत्रकार

सरकार जहां एक तरफ इनवेस्टर्स को प्रदेश में इनवेस्ट करने के लिए सहूलियत मुहैया करा रही है वहीं प्रदेश में किसी भी तरह के भ्रष्टाचार से निबटने के लिए सरकार ने जीरो टोलरेंस की नीति भी अपनाई है।

जब एक व्यक्ति कोई ख्वाब देखता है, तो उसे पूरा करने के लिए दिन रात एक कर देना होता है। शायद इसीलिए कहा जाता है कि आंखों को सपने जरूर देखने चाहिए ताकि उसे पूरा करने के लिए आपके पैर दौड़ लगा सके। भारत का एक बहुत छोटा सा राज्य है उत्तराखंड, जो नया भी है और युवा भी और युवाओं को सपने देखने चाहिए। अच्छी बात ये है कि पिछले 4 बरसों से इस प्रदेश के मुखिया एक युवा हैं और वो भी जम कर सपने देखते हैं। इसी सपनों की कड़ी में एक सपना था उत्तराखंड को आर्थिक तौर पर मजबूत करने का और इसके लिए युवा मुख्यमंत्री ने एक बड़ी पहल की जिसमें दुनिया भर के इनवेस्टर्स आए। लेकिन कहते हैं ना कि जरूरी नहीं कि जमीन में बोया गया हर बीज एक पलदार वृक्ष का स्वरूप ले ही। इस वैश्विक निवेशक सम्मेलन (8-9 दिसंबर 2023) के दो वर्ष पूरे होते-होते सरकार ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। जहां आमतौर पर सरकार की ज्यादातर योजनाएं धरातल से ऊपर नहीं उठ पाती है वहां अगर धामी सरकार इस विश्वस्तरीय सम्मेलन को करा पाने में सफल हुई जिसमें की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर देश-विदेश के बड़े-बड़े इनवेस्टर्स शामिल हुए जिसमें विभिन्न क्षेत्र (स्वास्थ्य, लॉजिस्टिक्स, उच्च शिक्षा, पर्यटन, फिल्म, उर्जा) में करीब-करीब साढ़े तीन लाख करोड़ के इनवेस्टमेंट (मेमोरेंडा ऑफ अनडर्स्टैंडिंग) की बात थी और एक लाख करोड़ की ग्राऊंडिंग संभव हो पाई है। उत्तराखंड सरकार का उद्देश्य जहां एक तरफ उत्तराखंड को भारत का नया इनवेस्टमेंट डेस्टिनेशन बनाना है वहीं इसके नेपथ्य में जाएं तो पता चलता है कि सरकार के लिए पलायन वो कोढ़ बन चुका है जिससे निबटारा पाने का यह रामबाण रोडमैप हो सकता है। एक आंकड़े के मुताबिक अभी तक हुए इनवेस्टमेंट में करीब 5 से 10 हजार स्थानीय लोग इसका सीधे तौर पर लाभ उठा पाएंगे। निवेशक बेधड़क राज्य में इनवेस्ट कर सके इसके लिए सरकार ने लचीला कानून के साथ-साथ पारदर्शिता पर अधिक जोर दिया है। सरकार जहां एक तरफ इनवेस्टर्स को प्रदेश में इनवेस्ट करने के लिए सहूलियत मुहैया करा रही है वहीं प्रदेश में किसी भी तरह के भ्रष्टाचार से निबटने के लिए सरकार ने जीरो टोलरेंस की नीति भी अपनाई है। चाहे अधिकारी हों या नौकरशाह, भ्रष्टाचार में सम्मिलित होने की भनक मात्र से राज्य सरकार कड़ी कार्रवाई कर रही है। मुख्यमंत्री हर संभव प्रदेश की छवि को साफ-सुथरा रखने की कोशिश करते हैं। इस बीच पिछले 4 सालों में सरकार ने केंद्र की मदद से कई योजनाएं प्रदेश में लागू की हैं जिससे आधी आबादी को ठोंस फायदा पहुंचा है। आज उत्तराखंड में महिलाएं स्वरोजगार से काफी लाभान्वित हुई हैं। कई गांवों में जहां महिलाएं होम स्टे के जरिये घर बैठे कमा रही हैं और दूसरे गांवों के लिए भी मिसाल बन रही हैं वहीं लखपति दीदी जैसी योजनाओं के माध्यम से महिलाएं कुटीर उद्योग चला रही हैं। दिल्ली टू देहरादून ऑल वेदर रोड भी इसी कड़ी का हिस्सा है। पहले जहां पहाड़ में यात्रा करना बेहद मुश्किलों भरा होता था वहीं आज घंटों में सफर तय किया जा सकता है। इसका जीता-जागता उदाहरण है चार-धाम यात्रा में भक्तों की बेतहाशा वृद्धि।

धामी सरकार ने इनवेस्टर समिट में खुद भी कम दौड़ नहीं लगाई है। वो इनवेस्टर्स को मनाने और रिझाने के लिए लंदन और दुबई तक स्वयं गए और परिणाम स्वरूप इन देशों के उद्योगपतियों के अलावा स्पेन, क्यूबा, ग्रीस, आस्टा, जापान, साऊदी अरब, नेपाल से भी उद्यगपति सम्मेलन नज़र आए। बड़ी बात ये है कि सरकार ने सिर्फ इनवेस्टर समिट कराके झंडे नहीं गाड़े, धरातल पर इसे लागू करने में भी सफलता हासिल की है। सरकारी आंकड़े के मुताबिक तीन लाख, सत्तावन हजार, छह सौ तिरानवे करोड़ का एमओयू साइन हुआ जिनमें करीब-करीब एक लाख करोड़ के एमओयू की ग्राऊंडिग हो चुकी है और इस हिसाब से करीब-करीब 80 हजार स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध हुआ है। जिनमें उर्जा के क्षेत्र में करीब साढ़े 8 हजार, इंडस्ट्रीज में 44 हजार, टूरिज्म में 46 सौ, हाईयर एडुकेशन में 44 सौ तथा अन्य क्षेत्र में 14 हजार लोगों को रोजगार मिले हैं। यानी कि उत्तराखंड की धामी सरकार ने जो वादा किया था उसमें खरा उतरने की कोशिश की है और देर-सबेर इसके परिणाम भी सामने आ रहे हैं। लेकिन सवाल अब भी वही है कि क्या जो लोग पलायन कर चुके हैं उनके लिए धामी की ये कारीगरी कारगर हो पाएगी। क्या प्रदेश छोड़कर परदेश जा चुके युवा यहां वापसी का मन बनाएंगे और अगर युवाओं की वापसी में किसी तरह की शिथिलता दिखती है और वे वापसी का मन नहीं बना पाते हैं तो धामी क्या करेंगे? प्रदेश को हर तरह से सिक्योर करने में लगे हैं चाहे वो भ्रष्टाचार हो कि क्राइम। हालांकि, किसी बाहरी कंपनी या इंडस्ट्री या किसी भी अन्य तरीके के इनवेस्टमेंट की बात करें तो ये भी जगजाहिर है कि उन्हें भ्रष्टाचार और क्राइम वाले स्थान पर इनवेस्ट करने में दिक्कत होती है तो इस लिहाज से भी धामी का ये सारगर्भित कदम माना जाएगा। आने वाले समय में प्रदेश में चुनाव भी है ऐसे में धामी पर दबाव तो काफी रहेगा, देखने वाली बात ये होगी वो इन सब के बीच अपने सपनों को साकार करने के लिए और क्या करते हैं और क्या उनके सपनों के उत्तराखंड में युवाओं की घर वापसी होगी?

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## एक नजर

### शिक्षिका और छात्रा की आत्मा की शांति को हुई प्रार्थना

**हसनपुर, अमृत विचार :** स्कूल वैन और पिकअप की भिड़ंत में शिक्षिका एवं छात्रा की हुई मौत के बाद उनकी आत्मा की शांति के लिए शनिवार को नगर की राजपूत कॉलोनी स्थित रामसरन एवं सुशीला आनंद हाई स्कूल के प्रांगण में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोकसभा के दौरान दोनों दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। इस मौके पर विद्यालय के अध्यक्ष पंडित रविशंकर शर्मा, सुशील चंद्र सक्सेना, निशांत त्यागी, सोमवती कश्यप, अंशु त्यागी, लक्ष्मी रस्तोगी, नीलम सक्सेना, भावना सक्सेना, अतुल मथुर, सीमा वर्मा, स्वाती, चरन सिंह, परविंदर आदि रहे।

### श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज का चुनाव स्थगित

**हसनपुर, अमृत विचार :** कस्बे के श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज की सोसाइटी का चुनावी कार्यक्रम प्राधिकृत नियंत्रक द्वारा स्थगित कर दिया गया है। इस संबंध में प्राधिकृत नियंत्रक डॉक्टर धर्म सिंह ने बताया कि श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज की चुनाव प्रक्रिया 20, 21 एवं 27 जुलाई को होनी थी। जिसके लिए पुलिस प्रशासन की भी आवश्यकता थी। प्रभारी निरीक्षक हसनपुर द्वारा 18 जुलाई को पत्र के माध्यम से अवगत कराया कि दिनांक 20, 21 एवं 27 जुलाई को कांवड़ ड्यूटी होने के कारण चुनाव के लिए पुलिस बल उपलब्ध करना संभव नहीं है। शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को देखते हुए श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज की चुनाव प्रक्रिया को स्थगित कर दिया गया है।

### मनोरोगी को चोर समझ कर ग्रामीणों ने पीटा

**हसनपुर, अमृत विचार :** मंगरौली गांव में शुक्रवार की रात्रि को ग्रामीणों ने मंदबुद्धि युवक को चोर समझ कर पकड़ लिया। उसकी पिटाई कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। जांच की तो पता चला कि युवक मंदबुद्धि है। पुलिस ने ग्रामीणों को फटकार लगाई। कहा कि भविष्य में फिर इस तरह की हरकत की तो कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### देवर ने भाभी को पीटकर किया घायल, दी तहरीर

**हसनपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गुलामपुर निवासिनी जगवती ने बताया कि उनके देवर हरिश्चंद्र पर रुपये थे। जब उन्होंने रुपये मांगे तो हरिश्चंद्र नाराज हो गया और लाठी डंडे से हमला बोल दिया, जिससे वह घायल हो गईं। पीड़िता ने थाना में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

### चोरों के भय से दहशत

**सैदनगली, अमृत विचार :** इस्लामी स्कूल के पास रहने वाली शबनम पत्नी इसरार ने बताया कि शुक्रवार रात को तीन लोग उनके घर में घुस आए थे। डर के कारण उन्होंने दरवाजा अंदर से बंद कर लिया था। बदमाशों ने दरवाजा तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन विफल हो गए। पीड़िता ने बताया कि उसके पति नहीं है। उसे पांच बच्चों की जान का खतरा सता रहा है।

# केसरिया रंग में सड़कों पर उमड़ा आस्था का सैलाब

## हर हर महादेव के जयकारों से भक्तिमय हुआ वातावरण

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** राष्ट्रीय राजमार्ग शनिवार को केसरिया रंग में रंगा नजर आया। ब्रजघाट से जल भरकर कांवड़िये डीजे की धुन में झूमते गाते जा रहे थे। बम भोले और हर हर महादेव के जयकारों से पूरा मार्ग शिव भक्ति और श्रद्धा से सराबोर हो गया। शिव भक्त सोमवार को शिव मंदिरों में जलाभिषेक करेंगे।

नेशनल हाईवे पर शिव भक्तों का कांवड़ लेकर आना जाना जारी है। भोलेनाथ के भजनों पर झूमते हुए कांवड़िये हरिद्वार और ब्रजघाट से लगातार वापस आ रहे हैं। वहीं आसपास के क्षेत्रों के कांवड़िये जल लेने के लिए रवाना हो रहे हैं। सड़क पर डीजे पर बज रहे भजनों के चलते माहौल भक्तिमय हो गया। बोलबम के जयघोष से पूरा वातावरण शिवमय बना रहा। जगह जगह कांवड़ यात्री विश्राम करते नजर आए। दोपहर तक मार्ग पर कांवड़ियों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने लगी। हाईवे पर कांवड़ यात्रियों का दबाव बढ़ने से यातायात ठहरने लगा। कहीं कहीं जाम की स्थिति बनती नजर आई। जाम खुलवाने के लिए पुलिस दिन भर जूझती नजर आई।



हरिद्वार से जल लेकर आता कांवड़ियों का जत्था। ● अमृत विचार

### डीएम, एसपी ने किया निरीक्षण, पुलिस कर्मियों को दिए निर्देश

**अमरोहा, अमृत विचार :** डीएम निधि गुप्ता और एसपी अमित आनंद ने शनिवार को कांवड़ यात्रा के चलते बिजनौर और संभल रोड का निरीक्षण किया। दोनों अधिकारियों ने पुलिस कर्मियों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। रूट डायवर्जन भी लागू है। बड़े वाहनों को रोक दिया गया है। वहीं छोटे वाहनों को वनवे ट्रैफिक प्लान के तहत निकाला जा रहा है। डीएम और एसपी ने पुलिस कर्मियों को निर्देशित किया है कि वे लोग किसी तरह की लापरवाही न बरतें। शनिवार को बिजनौर मार्ग पर पुलिस ने जगह-जगह नाकाबंदी की गई है। सीओ, एसडीएम व थाना प्रभारी लगातार भ्रमणशील हैं।



पुलिस कर्मी को दिशा निर्देश देतीं डीएम निधि गुप्ता व एसपी अमित आनंद।

### कांवड़िये को बाइक सवार ने मारी टक्कर, लगाया जाम

**हसनपुर, अमृत विचार :** बाइक सवार ने एक कांवड़िये को टक्कर मार दी, जिससे वह घायल हो गया। इसके बाद कांवड़ियो ने सड़क पर कांवड़ रख दीं और बैठ गए। इससे जाम लग गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कांवड़ियों को समझाकर मामला शांत कराया और कार्रवाई का आश्वासन दिया। पुलिस के आश्वासन के बाद कावड़िये रोड से हट गए तब जाम खुल सका। बुलंदशहर के मलकपुर गांव निवासी शीशपाल और संदीप अपने साथियों के साथ शनिवार को डीजे लेकर हरिद्वार से जल लेकर वापस आ रहे थे। मनौटा चौकी के पास तेज गति से आ रही बाइक ने जत्था में शामिल एक कांवड़िये को टक्कर मार दी। हादसे के बाद कांवड़ियों ने बाइक सवार को पकड़ लिया और उससे उठक बैठक लगवाई। घटना के बाद कांवड़िये उत्तेजित हो गए और कार्रवाई की मांग करते हुए सड़क पर बैठ गए। जिससे जाम लगने लगा। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। तब कांवड़ियों ने देर से आने पर आक्रोश जताया। इसके बाद थाना प्रभारी ने बाइक सवार के खिलाफ कार्रवाई का आश्वासन दिया। तब कांवड़िये रोड से हटे। बाइक सवार को पुलिस ने कोतवाली भेज दिया। कोतवाली प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। कांवड़ियों से शांति बनाए रखने और कानून का पालन करने की अपील की।

- सड़क पर कांवड़ रखकर किया हंगामा
- पुलिस ने समझाकर शांत कराया मामला



घायल शिव भक्त।



टक्कर लगने के बाद विरोध जताते कांवड़िये। ● अमृत विचार

## कांवड़ियों का मोबाइल चोरी, पुलिस ने पकड़ा आरोपी



पीड़ित शिव भक्त। ● अमृत विचार

**हसनपुर, अमृत विचार:** आदमपुर थाना क्षेत्र के गांव रूपानागल निवासी राहुल, सचिन, जगपाल, अभिषेक, रवि और गांव पीतमपुर निवासी राहुल 9 जुलाई को हरिद्वार से कलशों में 51 लीटर गंगा जल भर कर ला रहे थे। शुक्रवार की रात कांवड़िये संभल अड्डे के निकट स्थित एक पेट्रोल पंप पर रात्रि विश्राम करने के लिए रुक गये थे। कांवडिया राहुल, सचिन व राहुल ने अपने मोबाइलों को अपने विश्राम कक्ष में पेट्रोल पंप स्थित चार्जिंग करने के लिए लगा दिये थे। शनिवार की सुबह करीब 5:30 बजे एक युवक ने तीनों मोबाइल चोरी कर लिए। जैसे ही शिव भक्तों की आंख खली और देखा तो उनके मोबाइल गायब थे। मोबाइल चोरी होने के बाद कांवड़ियों ने हंगामा करना शुरू कर दिया। जानकारी मिलने पर सीओ दीप कुमार पंत और थाना प्रभारी दिनेश कुमार मौके पर पहुंचे। पुलिस ने सीसीटीवी की मदद से कुछ ही देर में मोबाइल चोर को हिरासत में ले लिया।

# समाधान दिवस में चार शिकायतों का किया निस्तारण

संवाददाता अमरोहा/मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** मंडी धनौरा तहसील सभागार में शनिवार को जिलाधिकारी निधि गुप्ता और एसपी अमित आनंद ने शिकायतों को सुना। समाधान दिवस में 25 शिकायतकर्ता पहुंचे। इनमें से चार का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

समाधान दिवस में डीएम ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लोग शिकायतों का समय से निस्तारण करें। आईजीआरएस पोर्टल को नियमित जांच करें। शिकायतों का निस्तारण न होने से जनपद की रैंकिंग प्रभावित हो रही है। समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 14, विद्युत विभाग की 2, विकास विभाग की 1, वन विभाग की1, नगर पालिका की 1, कृषि विभाग की 1, पूर्ति विभाग की 2 तथा पुलिस विभाग की 3 शिकायतें सहित कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 4 शिकायतों का डीएम ने मौके पर ही निस्तारण करा दिया। शेष शिकायतों को जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभागीय अधिकारियों को जल्द समाधान करने के निर्देशित दिए। वही समाधान दिवस में 16 जुलाई से 22 जुलाई तक चल रहे भू जल सप्ताह के अंतर्गत डीएम और एसपी ने भूजल संरक्षण की शपथ दिलाई। इस मौके पर सीएमओ, पीडीडीआरडीए अम्बरीष कुमार, डीडीओ सरिता द्विवेदी, एसडीएम विभा श्रीवास्तव सहित तहसील स्तरीय कर्मचारी मौजूद रहे।



समाधान दिवस में शिकायतें सुनतीं डीएम निधि गुप्ता व एसपी अमित आनंद।

### विभिन्न मांगों को लेकर किसानों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन (शंकर) ने संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का निस्तारण न किया गया तो वे उग्र आंदोलन को मजबूर होंगे। यूनियन के मंडल अध्यक्ष हरि सिंह सैनी के नेतृत्व में किसान नगर के विकासखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित समाधान दिवस में एकत्र हुए और जमकर नारेबाजी की। यूनियन पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी पुष्करनाथ चौधरी को सौंपा। ज्ञापन में बताया कि हर घर जल योजना के तहत लगवाई गईं टंकी पूरी तरह भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ चुकी हैं। सड़कें भी टूट गईं हैं, जिससे लोगों को निकलने में दिक्कत होती है। बिजली आपूर्ति न मिलने से लोगों को दिक्कत हो रही है। अन्य कई समस्याओं से संबंधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा इस मौके पर राजपाल सिंह, बबीता रानी, गीता चौधरी, रमेश चौधरी, कविता चौधरी, लखमीचंद्र, खुशमुद्दीन आदि रहे।

### 30 शिकायतों में तीन का ही हो सका निस्तारण

**हसनपुर, अमृत विचार :** संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम बृजेश त्रिपाठी ने लोगों की समस्याओं को सुना। समाधान दिवस में कुल 30 फरियादी पहुंचे। इनमें से तीन लोगों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। जबकि शेष शिकायतों के लिए जांच के निर्देश दिए है। शनिवार को ब्लॉक सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में राजस्व विभाग की 10, पुलिस विभाग की 8, विकास विभाग की 3, विद्युत विभाग की 6, चकबंदी विभाग की 2 एवं अन्य विभागों की 1 कुल मिलाकर 30 शिकायतें दर्ज हुई। जिसमें से अधिकारियों ने मौके पर ही 3 शिकायतों का निस्तारण कर दिया गया, शेष 27 शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के अधिकारियों को जांच करने के निर्देश दिए हैं। संपूर्ण समाधान दिवस में उप जिला अधिकारी पुष्करनाथ चौधरी, पुलिस क्षेत्र अधिकारी दीप कुमार पंत, अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, वन क्षेत्र अधिकारी नरेश कुमार सहित संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## दुकान का शटर तोड़कर लाखों का सामान ले गए चोर

**गजरौला, अमृत विचार:** मंडी धनौरा मार्ग पर स्थित स्टेशनर्स एवं जनरल स्टोर की दुकान के शटर का ताला तोड़कर चोर लाखों का सामान ले गए। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। मोहल्ला कविनगर निवासी विमल गुप्ता ने बताया कि मंडी धनौरा मार्ग पर उनकी स्टेशनरी और जनरल स्टोर की दुकान है। शुक्रवार रात को वह दुकान बंद करके चले गए। रात को चोरों ने शटर का ताला तोड़ दिया और दुकान में रखे 40 हजार रुपये व लाखों की कीमत का सामान ले गए। सीसीटीवी में चोरी की घटना कैद हो गई। सीसीटीवी में पांच चोर चोरी करते दिखाई दे रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

### किशोरी से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**हसनपुर, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में एक किशोरी से युवक ने दुष्कर्म किया। रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस ने आरोपी बिलाल सैफी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पीड़िता ने बताया कि आरोपी उसे बहानेबाजी करके होटल में ले गया। वहां उसके साथ दुष्कर्म किया। इंस्पेक्टर दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

## सार-संक्षेप

### नाला न बनने को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन



**हसनपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर के ग्रामीणों ने नाला न बनने पर शनिवार को प्रदर्शन किया। लोगों ने बताया कि बारिश के दिनों में रास्ते पर पानी भर जाने और मिट्टी का ढेर जमा होने से निकलने में दिक्कत होती है। खासकर स्कूल जाने वाले बच्चों को आवागमन में अधिक समस्या होती है। कई बार शिकायत करने के बाद भी नाले की सफाई नहीं हुई है और न ही नया नाला बनवाया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नाला बनवाने और रास्ते की सफाई कराने की मांग की है। चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुई तो वह जिला अधिकारी कार्यालय पर धरना प्रदर्शन करेंगे। प्रदर्शन करने वाले में मुख्तियार, आसिफ, मुजाहिद खान, अफसर खान, ताहिर खान, असलम खान, सैफुल्लाह खान, अंसार खान सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

### पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण को एसबीआई की सराहनीय पहल



**हसनपुर, अमृत विचार :** भारतीय स्टेट बैंक क्षेत्रीय कार्यालय मुरादाबाद ने अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत शाखाओं द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत कुल 1500 फलदार और छायादार वृक्षों का पौधारोपण अभियान चलाया है। भारतीय स्टेट बैंक की हसनपुर शाखा ने विभिन्न ग्राम पंचायतों, स्कूलों आदि में पौधारोपण कराया। क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने और इनकी सुरक्षा की अपील की। इस अवसर पर क्षेत्रीय प्रबंधक संतोष कुमार, मुख्य प्रबंधक नवनीत गौड़, प्रबंधक एचआर मानस राय, फील्ड ऑफिसर अंकित जोशी, चीफ एसोसिएट मनोज कुमार अग्रवाल, धीरेंद्रपाल सिंह आदि उपस्थित रहे।

### एसआरएस स्कूल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**गजरौला, अमृत विचार :** एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में शनिवार को गरिमामय अलंकरण समारोह के आयोजन में सीबीएसई बोर्ड परीक्षा 2024-25 में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह का शुभारंभ स्कूल चेयरमैन जीबी सिंह व मैनेजिंग डायरेक्टर वीरेंद्र सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। समारोह में अदिति गुप्ता, साक्षी सिरोही, अहम खान, कृष्णकांत त्रिवेदी, भरत सिंह चहल, नैंसी चौधरी, तनिष चौधरी, शिवांगी यादव, दिव्यार्थ चौधरी, लक्ष्य चौहान, आदित्य कुशवाहा तथा स्कूल टॉपर्स की श्रेणी में मानविक कौशिक, वैदिक सक्सेना, दिव्यांशु ढिल्लों, गरिमा, दक्ष शर्मा, अक्षत चौधरी को सम्मानित किया गया। इस मौके प्रधानाचार्य डीके चतुर्वेदी, साक्षी सिंह मौजूद रहे। चेयरमैन ने सभी छात्र-छात्राओं को के उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि इसी तरह मेहनत करते रहे और मंजिल पर पहुंचो।

# कार की टक्कर से महिला की मौत, पति घायल

संवाददाता हसनपुर

- गजरौला मार्ग पर हुआ हादसा

**अमृत विचार:** गजरौला मार्ग पर कार ने साइकिल सवार दंपति को टक्कर मार दी। हादसे में महिला की मौत हो गई। जबकि उसका पति गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक कार लेकर भाग गया।

कोतवाली क्षेत्र के गांव मछरई निवासी गुड्डू अपनी पत्नी भगवती (50) के साथ अपने भतीजे को अस्पताल में देखने के लिए शनिवार को गया था। भतीजे को देखने के बाद गुड्डू ने नई साइकिल खरीदी। उसी साइकिल से वह पत्नी को लेकर वापस घर जा रहा था। तभी रास्ते में दीपपुर गेट के बाद तेज गति से आ रही कार ने साइकिल को टक्कर मार दी। हादसे में भगवती की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गया। महिला की मौत से परिजनो का रो रोकर बुराहाल है। बताया जाता है कि बावनखेड़ी में कार को पकड़ लिया गया है।



भगवती

### टीचर और छात्रा की मौत के मामले में पिकअप चालक पर रिपोर्ट

**हसनपुर, अमृत विचार :** स्कूली वैन और पिकअप की भिड़ंत एक छात्रा व शिक्षिका की मौत के मामले में पुलिस ने तहरीर के आधार पर पिकअप चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। सहसौली स्थित आईपीएस स्कूल की वैन और पिकअप की शुक्रवार को गजरौला-हसनपुर रोड पर टक्कर हो गई थी। हादसे में स्कूल की शिक्षिका निशा और छात्रा अनाया की मौत हो गई थी। जबकि दो शिक्षिकाओं, 12 बच्चों और चालक समेत 14 लोग घायल हो गए थे। पुलिस ने मृतक शिक्षिका निशा के भाई विशाल की तहरीर पर आरोपी पिकअप चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कोतवाल दिनेश कुमार शर्मा ने बताया कि तहरीर के आधार पर अज्ञात पिकअप चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच जारी है।

## सीएमओ ने किया धनौरा सीएचसी का निरीक्षण

**धनौरा, अमृत विचार:** शनिवार को धनौरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण सीएमओ डॉ सतपाल सिंह ने किया। इस मौके पर उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सीएमओ के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र धनौरा के अधीक्षक डॉ. राहुल कुमार, बीपीएम अभिषेक वर्मा से टीकाकरण आदि के बारे में विस्तार से जाना। सीएचसी में टीवी रोगियों की जांच मशीन न मिलने पर नाराजगी जताई।

गजरौला सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात दो मशीनों में से एक मशीन को तुरंत स्वास्थ्य केंद्र पर शिफ्ट करने के निर्देश दिए। एक्सरे मशीन जल्द इंस्टाल कराने के निर्देश दिए। डॉ. राहुल कुमार बीपीएम अभिषेक वर्मा राजू यादव, विशेष कुमार, विवेक कुमार, अनुपम सिंह, ममतेश कुमारी मौजूद रहे।

## बदमाशों ने दंपती को गन प्वाइंट पर लेकर सोने के आभूषण लूटे

**हसनपुर, अमृत विचार:** कोतवाली क्षेत्र के गांव शेखूपुर झकड़ी निवासी रवि शर्मा अपनी पत्नी प्रीति के साथ शनिवार की दोपहर खेत में खड़ी फसल की सिंचाई कर रहा था। इस दौरान तीन नकाबपोश बदमाश वहां पहुंच गये और दोनों को गन प्वाइंट पर ले लिया। इसके बाद आरोपियों ने प्रीति के गले में पड़ी सोने की चेन, सोने के कुंडल व सोने की लौंग लूट ली। विरोध करने पर बदमाशों ने पति-पत्नी की पिटाई कर दी। बदमाश जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गये। पीड़िता ने थाना में तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराने की मांग की है।

# रोगियों को पालिका अध्यक्ष ने लिया गोद, दी पौष्टिक आहार की पोटली

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार:** शनिवार को पालिका सभागार में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल की अध्यक्षता में स्वास्थ्य कर्मचारियों संग बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें टीबी से बचाव को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में पालिकाध्यक्ष ने 20 टीबी रोगियों को गोद लिया गया। रोगियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। इससे पूर्व क्षय रोगियों को पौष्टिक आहार की पोटली का वितरण किया गया। जिला क्षय रोग अधिकारी विशाल त्रिवेदी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ राहुल कुमार, अभिषेक वर्मा, सभासद राजू बादशाह, आदि मौजूद रहे। उधर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर शहर के इस्माईल हॉस्पिटल संचालक डॉ इस्माईल सैफी के द्वारा 50 टीबी के मरीजों को गोद लिया गया।



टीबी रोगियों को पौष्टिक आहार की पोटली वितरित करते नगर पालिका अध्यक्ष।

## बाइक चलाते समय करें हेलमेट का प्रयोग

**हसनपुर, अमृत विचार:** क्षेत्र के गांव नगलिया मुंशी निवासी होशियार सिंह के आवास पर शुक्रवार को राष्ट्र सेवी संगठन की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अपील की गई कि बाइक सवार हमेशा हेलमेट का प्रयोग करें, नशा न करें। ट्रैफिक नियमों का पालन करें। उन्होंने कांवड़ यात्रियों से अपील की है कि वे लोग भी अपनी सुरक्षा का ध्यान रखते हुए बाइक से या पैदल चलें। बैठक में बिजली आपूर्ति अधिक करने की मांग की गई। इस मौके पर महिपाल सिंह, होशियार सिंह, रूपचंद चौहान, रघुवीर सिंह, खड़क सिंह, करन सिंह सभापति सहकारी संघ कुंदरखी भूड़, नरेश सिंह आदि रहे।

# अफवाहों पर ध्यान न दें ग्रामीण: सीओ

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के मगरौली गांव में शुक्रवार रात सीओ दीप कुमार पंत और थाना प्रभारी दिनेश कुमार शर्मा ने गांव के लोगों के साथ बैठक की। सीओ ने लोगों से अपील की है कि वे लोग ड्रोन की अफवाहों पर ध्यान न दें और न ही कानून हाथ में लें।

हसनपुर क्षेत्र में ड्रोन उड़ाकर रेकी करने की अफवाहें लगातार फैल रही हैं। इससे देहात क्षेत्र के लोगों में चोरों को लेकर दहशत है। अफवाहों के चलते कई गांवों में लोगों ने चोर समझकर सही लोगों को पीट दिया। इस संबंध में बैठक कर सीओ दीप कुमार पंत ने ग्रामीणों को जागरूक किया। उन्होंने अपील की कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति पकड़ा जाता है, तो उसकी पूरी जांच पड़ताल के बाद उसे पुलिस को सौंपें और मारपीट न करें। यदि कहीं संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देता है तो पुलिस को सूचित करें। इस दौरान हल्का दरोगा उमेश कुमार, परविंदर सिंह, ग्राम प्रधान जसवीर सिंह, उमर आदि रहे।



बैठक में ग्रामीणों से वार्ता करते सीओ दीप कुमार पंत। ● अमृत विचार

## एक नजर

### कंरट लगने से इलैक्ट्रिशियन की मौत

**चांदपुर, अमृत विचार** :चांदपुर में घर पर लाइट का काम कर रहे इलैक्ट्रिशियन की करंट से मौत हो गई। इलेक्ट्रीशियन पारस पुत्र राजकुमार निवासी मोहल्ला सराय एक घर में लाइट का काम करने गया था जहां कंरट की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई का आरोप है कि पारस के करंट की चपेट में आने पर मकान मालिक चुपचाप घर बंद करके चले गए। दबाव डालने के बाद वह घर पहुंचे तब पता लगा कि पारस की करंट से मौत हो चुकी है। पूर्व विधायक कमलेश सैनी तथा प्रमोद सिंह ने परिवार को सांत्वना दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कार्रवाई करने की बात कही है।

### किशोरी के साथ युवक ने किया दुष्कर्म

**संभल,अमृत विचार** : संभल कोतवाली क्षेत्र के एक मौहल्ले में युवक ने झांसा देकर 15 साल की किशोरी के साथ दुष्कर्मकिया। पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। किशोरी के पिता का कहना है कि मोहल्ले में ही रहने वाले युवक ने उनकी 15 साल की बेटी को बहला फुसलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। युवक के परिवार को कानूनी कार्रवाई किये जाने की जानकारी हुई तो उन्होंने किशोरी के साथ युवक की शादी करने का आश्वासन देकर मामला खत्म कराने का प्रयास किया लेकिन युवती के पिता ने साफ इंकार कर दिया। शनिवार को आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

### दिल्ली हाईवे पर भारी वाहनों का रूट डायवर्ट

**गजरौला,अमृत विचार** : दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर भारी वाहनों का रूट डायवर्ट कर हल्के वाहनों के आवागमन के लिए ट्रैफिक वन-वे कर दिया गया है। शुक्रवार देर रात दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर दौड़ रहे सभी वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया गया। हापुड़ से रूट डायवर्ट होने पर काफी संख्या में भारी वाहन अमरोहा की सीमा में घुस गए। पुलिस ने सभी वाहनों को हाईवे से संपर्क मार्गों की तरफ मोड़ दिया व हल्के वाहनों के संचालन के लिए ट्रैफिक वन-वे कराया। एक तरफ की सड़क कांवड़ियों के लिए खाली छोड़ दी गई। शहर के इंदिरा चौक से ट्रैफिक को डायवर्ट कर खाद गुर्जर मार्ग की तरफ से बिजनौर की दिशा में भेजा गया।

# जमीनी स्तर पर विकास योजनाओं को उतारा जाए

## प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने विभागवार अधिकारियों के साथ योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

संवाददाता,बहजोई

**अमृत विचार:** जिला योजना समिति की बैठक में जनपद के प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने जनपद के विकास कार्यों की विभाग बार समीक्षा की। बैठक में जहां जनप्रतिनिधियों ने समस्याएं उठाईं तो वहीं विधायकों ने सहकारी समितियों पर डीएपी की समस्या उठाई। प्रभारी मंत्री ने जनप्रतिनिधियों तथा अधिकारियों के सामंजस्य के साथ जनपद का विकास कराने का आह्वान किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक में प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने अधिकारियों से विभाग भारत समीक्षा की। उप कृषि निदेशक अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा विभाग के अंतर्गत चलने वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। खाद्य सुरक्षा के तहत तिलहन उत्पादन बढ़ाने के लिए जनपद में किया जा रहे कार्यों तथा उनके बीच वितरण तथा प्रधानमंत्री सम्मान निधि को लेकर चर्चा की। प्रभारी मंत्री ने योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने के निर्देश दिए। जिला गन्ना अधिकारी ने योजनाओं की जानकारी दी। पशुधन विभाग के तहत जनपद में संचालित गो आश्रय केंद्र के विषय में अवगत कराया। संभल के विधायक इकबाल महमूद ने बंदरों की समस्या,निराश्रित गोवंश एवं कुत्तों की समस्या समिति के सामने रखा। विधायक राम खिलाड़ी यादव ने डीएपी की किल्लत को लेकर समस्या उठाई। जिस पर जिला कृषि अधिकारी ने डीएपी बिना खतौनी के नहीं दिए जाने की जानकारी दी। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिन स्थानों पर पौधारोपण किया गया है उन पौधों की देखभाल भी हो। लोगों को पर्यावरण के प्रति जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि पॉलीथिन के प्रयोग से बचना होगा। इसके लिए जागरूक किया जाए। सभी योजनाओं को जमीन स्तर पर उतर जाए।

समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया, सीडीओ गोरखनाथ भट्ट, एडीएम प्रदीप वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. अनामिका यादव, राज्यसभा सांसद जावेद अली खान, बिलारी विधायक मोहम्मद फहीम इरफान सहित जनपद के सभी अधिकारी मौजूद रहे।




बहजोई में जिला योजना समिति की बैठक में चर्चा करते प्रभारी मंत्री धर्मवीर प्रजापति। ● अमृत विचार

- जनप्रतिनिधियों ने डीएपी की किल्लत तथा निराश्रित गोवंश की उठाई समस्याएं

# हिमश्वेता ने दौड़ में जीते 2 कांस्य पदक

**चन्दौसी, अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप में डॉ. हिमश्वेता अग्रवाल ने 2 कांस्य पदक जीत नगर का नाम रोशन किया है।

एसएमटीएफए ट्रैक एंड फील्ड अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन 12 व 13 जुलाई को सिंगापुर में हुआ था। इसमें सिंगापुर, श्रीलंका, भारत, हांगकांग, जापान सहित 10 देशों के खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। चन्दौसी से डॉ. हिमश्वेता अग्रवाल ने टीम मैनेजर के रूप में 21 सदस्यीय टीम का नेतृत्व कर 40 वर्ष से अधिक श्रेणी में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने 100 मीटर व 3 हजार मीटर पैदल दौड़ में 2 कांस्य पदक हासिल कर नगर का नाम रोशन किया है।




डॉ. हिमश्वेता अग्रवाल।

# फुट ओवरब्रिज के लिए लिया गया 3 घंटे का ब्लॉक, दो ट्रेनें प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** रेलवे स्टेशन पर प्लेटफार्म नंबर 1 व 2 के बीच फुट ओवरब्रिज को लेकर गार्डर रखने का कार्य शनिवार को भी किया गया जिससे 3 घंटे का ब्लॉक रहा। दो यात्री ट्रेनें प्रभावित रहीं।

रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री अमृत योजना के तहत कायाकल्प किया जा रहा है। प्लेटफार्म को ऊंचा कराने के साथ फुट ओवरब्रिज, लिफ्ट व रेलवे स्टेशन के स्वरूप को बदला जा रहा है। शुक्रवार को प्लेटफार्म नंबर 1 व 2 के बीच फुट ओवरब्रिज के लिए गार्डर रखने का कार्य कराया गया। शुक्रवार को ठेकेदार की ओर से सुबह 9.20 से दोपहर 12.20 बजे तक ब्लॉक लिया था। शनिवार को गार्डरों को कसने व अन्य कार्य के लिए सुबह 9.20 बजे से दोपहर 12.20 बजे तक ब्लॉक लिया जिससे दिल्ली से टकनपुर के बीच चलने वाली 12076 जनशताब्दी एक्सप्रेस सुबह 11 बजे के स्थान पर 12.40 बजे पहुंची। जबकि बरेली से अलीगढ़ जाने वाली 54354 पैसेंजर ट्रेन 11.30 बजे के स्थान पर दोपहर 12.50 बजे प्लेटफार्म पर पहुंची। यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा।



प्लेटफार्म के बीच गार्डर पर कार्य करते मजदूर। ● अमृत विचार

# आदेश 39 अस्थायी व्यादेश के बारे में बताया

- चन्दौसी बार एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन कुमार का स्वागत किया
- जिला न्यायालय स्थित बार रूम में हुई अधिवक्ता परिषद ब्रज की बैठक

कार्यालय संवाददाता, चन्दौसी

**अमृत विचार:** अधिवक्ता परिषद ब्रज की बैठक जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया गया। सचिन शर्मा को मंत्री चुना गया। चन्दौसी बार एसोसिएशन का निर्विरोध वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुने जाने पर विपिन कुमार सिंह का स्वागत किया। साथ ही सिविल प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत आदेश 39 अस्थायी व्यादेश के मामलों को बताया गया।

मुख्य वक्ता दीपक राठौर ने बताया कि सिविल प्रक्रिया संहिता के अंतर्गत आदेश 39 अस्थायी व्यादेश मामलों पर किन परिस्थितियों में अस्थायी व्यादेश के वाद न्यायालय में लाए जा सकते हैं। यह आदेश न्यायालय को यह सुनिश्चित करने का अधिकार देता है कि संपत्ति को नष्ट या स्थानांतरित न किया जाए और वादी को उसके अधिकारों से वंचित न किया जाए। अस्थायी निषेधाज्ञा अदालत का आदेश है जो किसी पक्ष को किसी विशेष कार्य को करने से रोकता है या करने के लिए बाध्य करता है, जब तक कि मुकदमें का निपटारा नहीं हो जाता। अस्थायी निषेधाज्ञा देने से पहले कुछ शर्तों को पूरा करना आवश्यक है। जिसमें प्रथम दृष्टया मामला वादी के पक्ष में और प्रतिवादी के खिलाफ है, वादी को अपूरणीय क्षति होने की संभावना है, जिसकी भरपाई धन के रूप में नहीं की जा सकती है। राजीव शर्मा, विकास कुमार मिश्रा, विष्णु शर्मा, राहुल चौधरी, प्रवीण गुप्ता, विभोर बंसल, रमेश सिंह, चंद्र शेखर, कुणाल, शुभम प्रताप सिंह, रजनी शर्मा, अमरीश कुमार, राहुल रस्तोगी, श्यामेंद्र सिंह, सचिन शर्मा, सुनील कुमार आदि मौजूद रहे।



वरिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन कुमार सिंह का स्वागत करते साथी। ● अमृत विचार

# पीएचसी में डॉक्टर नदारद, स्टाफ नर्स ने दी दवाएं

**चन्दौसी /कुढफतेहगढ, अमृत विचार:** पीएचसी कुढफतेहगढ़ में शनिवार को डॉक्टर न होने पर स्टाफ नर्स ने मरीजों को दवा दी।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कुढ फतेहगढ़ में डॉ. मौहम्मद साजिद अली, स्टाफ नर्स शिल्पी, लैब टेक्नीशियन नेत्रपाल, वार्ड बॉय अमित कुमार तैनात हैं। शनिवार को 11 बजे चिकित्सक की कुर्सी खाली पड़ी थी बराबर में दूसरी कुर्सी पर स्टाफ नर्स शिल्पी मरीजों को दवाएं दे रही थी। 10 दिन पहले ही पीएचसी कुढफतेहगढ़ में चिकित्सक की तैनाती हुई है। दवा लेने आए राजेन्द्र सिंह ने बताया कि वह शुक्रवार को भी दवा लेने आया था तब भी चिकित्सक नहीं थे। डिप्टी सीएमओ डा. विश्वास अग्रवाल ने कहा कि पीएचसी में अगर आज चिकित्सक उपस्थित नहीं थे तो उनसे जानकारी की जायेगी और अनाधिकृत रुप से अनुपस्थित पाये जाने पर कार्यवाही की जायेगी।

# समाधान दिवस में 75 में 10 शिकायतों का निस्तारण



समाधान दिवस में शिकायतें सुनते अधिकारी। ● अमृत विचार

**चन्दौसी, अमृत विचार:** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एडीएम व एएसपी ने पहुंच फरियादियों की शिकायतें सुनी। जिसमें 75 शिकायतों में से 10 शिकायतों का निस्तारण मौके पर कर दिया।

शनिवार को तहसील सभागार में आयोजित किए गए संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम प्रदीप वर्मा व एएसपी राजेश श्रीवास्तव ने फरियादियों की शिकायतें सुनी। जिसमें राजस्व विभाग की 22, पुलिस की 15, चकबंदी की 8, विकास की 6, खाद्य एवं रसद विभाग व समाज कल्याण की 2-2 तथा 20 अन्य शिकायतें आए। कुल 75 शिकायतों में मौके पर 10 का निस्तारण कर दिया गया। शेष बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों के सुपुर्द कर शीघ्र निस्तारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एसडीएम आशुतोष तिवारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# जेल में बंदियों के बीच झगड़ा, एक की मौत

- हत्या का केस दर्ज, प्रशासनिक अफसरों ने लिया जायजा

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

**अमृत विचार:** जिला कारागार में शनिवार को दो कैदियों में खाना खाने के दौरान हुए विवाद में एक बंदी की मौत हो गई। इसके बाद जेल प्रशासन में खलबली मच गई। एसपी सिटी व अन्य अधिकारी जांच के लिए पहुंचे।

उत्तराखंड के काशीपुर निवासी आशु चौहान (25) अमरोहा के थाना डिंडोली क्षेत्र में चोरी के मामले में न्यायिक हिरासत में जेल में बंद था। खाना खाने के दौरान किसी बात पर आशु की झड़प गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध जाकिब से हो गई। दोनों के बीच कहासुनी के बाद हाथापाई हो गई। झगड़े के दौरान आशु गिर गया और बेसुध हो गया। जेल प्रशासन ने तुरंत उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

एएसपी सिटी संजीव बाजपेई, एडीएम प्रशासन विनय सिंह व सीओ सिटी राकेश वशिष्ठ मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। जेल प्रशासन ने आरोपी जाकिब के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जेल प्रशासन घटना की विस्तृत जांच कर रहा है।



एसपी सिटी संजीव बाजपेई।

# 'व्हाट्स अंडर माई स्किन' का आगाज

- दिल्ली में खुशी खंडेलवाल की सोलो कला प्रदर्शनी में कलाकृतियां प्रदर्शित

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार:** नई दिल्ली में शुक्रवार को एआईएफएसीएस गैलरी में उभरती कलाकार खुशी खंडेलवाल की सोलो कला प्रदर्शनी ''व्हाट्स अंडर माई स्किन का उद्घाटन समारोह हुआ। खुशी की कलाकृतियां 24 जुलाई तक प्रदर्शन के लिए उपलब्ध हैं।

व्हाट्स अंडर माई स्किन महज एक प्रदर्शनी नहीं, बल्कि यह कलाकार की आंतरिक चुनौती है। अपने संग्रह के साथ खुशी ने इस बात पर गौर किया कि किस तरह से परतें चुपचाप उन चीजों, जैसे कि चिंता, नाजुकता और मनोवैज्ञानिक जोखिम की सतह के नीचे घूम रही हैं, जिनके साथ ज्यादातर लोग रहते हैं। खुशी ने कहा कि वह इतने लोगों और इन सभी वास्तविक प्रतिक्रियाओं से बहुत प्रभावित हैं। लोगों को मेरी कलाकृतियों से जुड़ते देखना और उन लोगों को कहानियां मेरे साथ साझा करते हुए सुनना, मेरे लिए बहुत भावुक कर देने वाला अनुभव रहा है। बताया कि मूल कृतियां और चयनित प्रिंट बिक्री के लिए उपलब्ध हैं।



लोगों को प्रदर्शनी के बारे में जानकारी देतीं खुशी खंडेलवाल। ● अमृत विचार

### कई वैश्विक कार्यक्रमों में कर चुकीं प्रतिभाग, मिले सम्मान

खुशी खंडेलवाल (20) सिंगापुर के लासाले कॉलेज ऑफ आर्ट्स से फाइन आर्ट्स में बीए (ऑनर्स) की पढ़ाई कर रही हैं। वह सिंगापुर में वर्ष 2024 में आयोजित हुई एवरीथिंग इन बिटवीन और 2025 में आयोजित हुई क्रम्ब्स में भाग ले चुकी हैं। 2023 में वेलहम गर्ल्स स्कूल में कला में उत्कृष्टता के लिए सुरेश खन्ना ट्रॉफी जीती। जिसने कला-निर्माण के रचनात्मक कार्य के प्रति उनकी दिशा और प्रतिबद्धता को मान्यता दी और कला में उत्कृष्टता के लिए एक स्थान प्रदान किया।

# महिला मेट को फर्जी भुगतान की शिकायत की

**असमोली,अमृत विचार:** असमोली विकासखंड की ग्राम पंचायत सतूपुरा में महिला मेट को कार्य बंदी के दिन का भी भुगतान किये जाने की शिकायत खंड विकास अधिकारी से की गई है। दूसरी महिला मेट ने शिकायत कर कार्रवाई की मांग उठाई है।

ग्राम पंचायत सतूपुरा की महिला मेट काजल त्यागी की और से कह गई शिकायत में कहा गया है कि जिस दिन कार्य बन्द रहता है उस दिन का भुगतान भी टीए द्वारा कराया जा रहा है। जबकि ब्लाक की सभी महिला मेटो को जिस दिन कार्य चलता है उसी दिन का भुगतान किया जाता है। कहा गया है कि महिला मेट लाशु को 6 दिन का फर्जी भुगतान किया गया है। यदि यह सब किसी नियम के अनुसार किया जा रहा है तो इस का लाभ ब्लाक असमोली की सभी महिला मेटों को दिया जाए।

## सार-संक्षेप

### रजपुरा थानाध्यक्ष को जारी किया समन

**संभल/बबराला, अमृत विचार** : न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. नाजिम अकबर की अदालत ने थाना रजपुरा के थानाध्यक्ष निशान्त कुमार राठी के खिलाफ अदालत के आदेशों की बार बार अनदेखी को लेकर समन जारी कर तलब किया किया है। सीओ को व्यक्तिगत रूप से समन तामील कराने के साथ ही थाना प्रभारी को 30 जुलाई को उपस्थित होकर जवाब देने का निर्देश दिया है।अदालत द्वारा समय-समय पर थानाध्यक्ष को समन, वारंट, कुर्की आदि न्यायिक आदेशों की समयबद्ध तामील सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया था। परंतु बार-बार चेतावनी देने के बावजूद थानाध्यक्ष निशान्त राठी की कार्यशैली में कोई सुधार नहीं हुआ। न्यायालय ने पाया कि 5 जुलाई 2025 तक छह प्राचीन पत्रावलियों में से किसी में भी आदेश समय पर न्यायालय को प्राप्त नहीं हुए। न्यायालय ने इस स्थिति को न्यायालय की अवमानना, न्याय प्रणाली के प्रति गंभीर असंवेदनशीलता और उत्तरदायित्वहीनता का प्रतीक माना है। सख्त रुख अपनाते हुए अदालत ने प्रभारी निरीक्षक के खिलाफ समन जारी कर अंतिम अवसर दिया है।

### अधिवक्ता शहीर परवाज के निधन पर जताया शोक

नजीबाबाद, अमृत विचार मशहूर शायर जलीश नजीबाबादी के पुत्र शहीर परवाज एड .का हृदय गति रुक जाने से निधन हो गया। उनके निधन से अधिवक्ताओं,सामाजिक संगठन, राजनैतिक लोगों एवं नगर में शोक की लहर दौड़ गई। नगर के मोहल्ला पठानपुरा स्थित आवास पर अंतिम दर्शन करने को काफी संख्या में लोगों की संख्या रही। शनिवार को नाले वाले कब्रिस्तान में उनको सपुर्द खाक किया गया। नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमदनगर,नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मुअज्जम खान,पूर्व अध्यक्ष मौज्जम खान,सपा नेता जमील अंसारी, आसिफ मुत्तकी , बार संघ नजीबाबाद के पूर्व अध्यक्ष अबरार आलम ,महबूब अहमद एड . डॉक्टर इरफान खान, शहजाद खान,लड्डन खान,हसीन खान,बब्बू खान,रफीक अंसारी,साबिर अल्वी,कांग्रेस नगर अध्यक्ष संजर तय्यब,डॉक्टर सुलेमान, डॉक्टर रहमान तसलीम,मुजीब खान,डॉक्टर शाकिर, नफीस खान, नईम सिद्दीकी, पत्रकार एजाज अहमद, इरफान अंसारी समेत तमामा लोग मौजूद रहे।

### ग्रामीणों की नींद उड़ा रहे ड्रोन, पुलिस जांच में जुटी

**बिजनौर, अमृत विचार** : कई ग्रामीण इलाकों में बीती रात ड्रोन देखे जाने से अफरा-तफरी मच गई। नूरपुर, चांदपुर और स्योहारा क्षेत्र के गांवों में लोगों ने रात लगभग 11 बजे आसमान में तेज रोशनी वाले उड़न यंत्रों को देखा, जो ड्रोन प्रतीत हो रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि ड्रोन की चमकती लाइटें देखकर कई लोग छतों पर चढ़ गए और स्थिति को समझने की कोशिश करने लगे। कुछ युवाओं ने डर और जिज्ञासा के चलते पत्थर फेंके, लेकिन ड्रोन की ऊंचाई अधिक होने के कारण वे कुछ कर नहीं सके। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। ग्रामीणों को आशंका है कि इन ड्रोनों का इस्तेमाल चोर गिरोह कर रहे हैं ताकि रात के अंधेरे में मकानों की संरचना, लोगों की गतिविधियों और संपत्ति की जानकारी एकत्र की जा सके। बिजनौर एसपी ने पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के आदेश दिए हैं। पुलिस टीमें ड्रोन उड़ाने वालों की पहचान और मंशा जानने में जुटी हैं। इसी प्रकार की गतिविधियां पहले मुरादाबाद और अमरोहा जनपदों में भी देखने को मिली हैं।

### मैंथा कारोबारियों ने मांगे औद्योगिक गलियारे में प्लाट

**संभल,अमृत विचार** : प्रशासन द्वारा संभल शहर में संचालित मैंथा फैक्ट्रियों को शहर की आबादी से बाहर ले जाने के दबाव के बीच मैंथा कारोबारियों ने फैक्ट्रियों को बाहर ले जाने के लिए औद्योगिक गलियारे में प्लाट आवंटित कराने की मांग रखी है। शनिवार को मैंथा कारोबारी सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार से मिले। कहा कि वह अपनी फैक्ट्रियों को आबादी से बाहर ले जाने के लिए तैयार हैं लेकिन उसके लिए शहर से बाहर सुरक्षित व सुविधाओं से युक्त जमीन की आवश्यकता है। कहा गया कि खिरनी के नजदीक सरकार औद्योगिक गलियारे की स्थापना कर रही है तो इसी में छोटे प्लाट मैंथा कारोबारियों को दे दिये जायें।

### मंगल पांडे को जयंती पर किया याद

चन्दौसी,अमृत विचार : महापुरुष स्मारक समिति व सर्वसमाज जागरुकता अभियान की ओर से क्रांतिकारी मंगल पांडे की जयंती का आयोजन छोटे लाल कालोनी में किया गया। मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने कहा कि मंगल पांडे ने आजादी की पहली लड़ाई का बिगुल फूंका और ब्रिटिश हुकूमत को अपने निडर व्यक्तित्व से भारतीयों की ताकत का अहसास कराया। मंगल पांडे द्वारा शुरू किए गए विद्रोह के कारण सभी भारतीयों के मन में आजादी पाने की आस भड़क उठी थी। मंगल पांडे को 18 अप्रैल 1857 को फांसी की सजा सुनाई लेकिन 10 दिन पहले ही उन्हें बैरकपुर में फांसी दे दी गई। अलका सक्सेना, राजेश कुमार, शुभम, वाणी वार्ष्णेय, ममता मौर्य, विपाशा, भूमिका वार्ष्णेय, यशोदा भारद्वाज, आरती श्रीवास्तव, करिश्मा, भावना, रेनू आदि मौजूद रहे।

### बाइकों की भिड़ंत में युवक गंभीर घायल

**चन्दौसी, अमृत विचार** : बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव बहजोई रोड पर गांव आटा के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में एक बाइक सवार युवक घायल हो गया। जनपद रामपुर के गांव वुभरा निवासी सुनील दिवाकर, अपनी मां कमलेश व पुत्र अभि के साथ बहजोई थाना क्षेत्र के गांव बिसारू अपने मामा के घर बाइक से जा रहा था। थाना बनियाठेर क्षेत्र के गांव आटा पर मॉल के पास सामने से आ रही दूसरी बाइक ने सुनील की बाइक को टक्कर मार दी। हादसे के बाइक सवार तीनों लोग गिर गए जिसमें सुनील गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची 108 एंबुलेंस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहां युवक की हालत गंभीर होने पर हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल की मां ने बताया कि दूसरी बाइक सवार गति दिशा में आने से बाइकों की टक्कर हो गई। घटना की सूचना पर घायल के परिजन भी सीएचसी पहुंच गए।

### सिरसी में निकाला गया मातमी जुलूस

**सिरसी,अमृत विचार** : नगर पंचायत सिरसी के मोहल्ला शर्की में हजरत इमाम हुसैन के बेटे और शियाओं के चौथे इमाम हजरत इमाम सज्जाद का शबीहे जुलजनहा निकाला गया। आजादारों ने जियारत की। शनिवार के शाम 6 बजे मरहूम शाकिर हुसैन दीवान के मकान पर मजलिसे अजा शुरू हुई। जिसमें मर्सिया खानी खावर रज़ा ने पढ़ी। उनके हमनवा ने मजलिस को खिताब फरमाया। मौलाना एहतेशाम हुसैन नकवी ने मजलिस में जब इमाम सज्जाद का वो कुफाओ शाम में प्यादा सफर को बयान किया गया तो आजादार फूट फूट कर रोने लगे। मजलिस के बाद शबीहे जुलजनहा हजरत इमाम सज्जाद बरामद किया गया। जिसमें सवारी वाकर मेंहदी ने पढ़ी। सवारी के बाद मुकामी अंजुमनों ने नोहा खानी की। जुलूस अपने निर्धारित रास्तों से होता हुआ इमाम बारगाह सादात में जाकर संपन्न हुआ।

### कार्यालय पर हुआ किसान चौपाल का आयोजन



**गजरौला, अमृत विचार** : भारतीय किसान यूनियन संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यालय चौधरी चरण सिंह नगर में शनिवार को किसान चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश चौधरी ने कहा बिहार की सरकार और बिहार की पुलिस दोनों किसानों को बदमाश बता रही है। सरकार के मुख्यमंत्री को इस्तीफा माफी मांगनी चाहिए। बिहार के एडीजी किसानों को बदमाश बता रहे हैं। एडीजी किसानों के भोलेपन का फायदा न उठाएं। लखीमपुर खीरी में खाद लेने गए किसान को पुलिस ने लाठियों से पीटा। यूनियन इसका भी विरोध करती है। चोरों को पकड़ने में पुलिस नाकाम है। इस मौके पर अमित चीमा को युवा प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया गया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह, कामिल चौधरी, राहुल सिद्धू कैलाश नाथ, नितिन चौधरी, नरेंद्र चौधरी, अंकुर चौधरी,डॉक्टर प्रेम सिंह आदि किसान नेता मौजूद रहे।

### चेयरमैन राजपाल सैनी ने किया निरीक्षण

हसनपुर, अमृत विचार : आगामी महाशिवरात्रि पर्व को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी ने ने शिवाला मंदिर का निरीक्षण कर खराब पड़ी लाइट को सही कराया। निरीक्षण के दौरान मंदिर गेट पर लगी लाइट खराब मिली। जिसे उन्होंने तुरंत सही कराया। उन्होंने नगर पालिका कर्मियों को निर्देश दिए कि मंदिरों के आसपास सफाई व्यवस्था पर विशेष रूप से ध्यान दें।

## एक नजर

### बाजरे की संकर प्रजाति के बीज पर अनुदान

**अमृत विचार, लखनऊ :** बाजरा श्रीअन्न की प्रमुख फसल है। प्रदेश में धान, गेहूं एवं मक्का के पश्चात लगभग 10 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में बाजरा की खेती की जाती है। बाजरा के दानों में भरपूर पौष्टिकता होती है। योगी सरकार इन्हीं गुणों को देखते हुए बाजरा किसानों को प्रोत्साहित कर रही है। बाजरे की संकर प्रजाति के बीज पर अनुदान उपलब्ध है। प्रदेश के 29 जनपदों में औसत से कम वर्षा के कारण धान की खेती नहीं की जा सकती, किसानों के लिए उन क्षेत्रों में बाजरा की फसल लेना लाभदायक सिद्ध होगा। बाजरा की संकर प्रजाति 86एम84, बायो-8145, एन.बी.एच.-5929 के साथ संकुल प्रजाति धनशक्ति की उत्पादन क्षमता 35-40 क्विंटल प्रति हेक्टेयर तक है। योगी सरकार राजकीय कृषि बीज भंडारों के माध्यम से बाजरे की संकर प्रजाति के बीज पर अनुदान उपलब्ध करा रही है।

### इटहिया का सावन मेला पर्यटन को दे रहा बढ़ावा

**अमृत विचार, लखनऊ :** महराजगंज में निचलौल तहसील में इटहिया मेला 11 जुलाई से शुरू हो चुका है, जो 9 अगस्त तक चलेगा। भारत-नेपाल सीमा पर बसा यह क्षेत्र सावन के महीने में आस्था, सांस्कृतिक उत्सव और ग्रामीण पर्यटन का जीवंत स्वरूप प्रस्तुत करता है। यहां रोजाना आने वाले हजारों श्रद्धालु और पर्यटकों के ठहरने के लिए इटहिया गांव में होम-स्टे की व्यवस्था की गई है। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शनिवार को दी। उन्होंने बताया कि पर्यटन विभाग द्वारा इटहिया गांव में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 10 होमस्टे चिह्नित किए गए हैं, जिनमें से चार होमस्टे संचालित हैं और अन्य छह का विकास कार्य प्रगति पर है। पर्यटक गांव के परिवारों के बीच रहकर यहां की जीवनशैली को करीब से अनुभव कर सकते हैं। स्वयंभू शिवलिंग के दर्शन के लिए भारत और नेपाल दोनों देशों के यहां जलाभिषेक करने पहुंचते हैं।

# लंबा खिंच रहा भाजपा सरकार और संगठन में बदलाव का इंतजार

अजय दयाल, लखनऊ

- संगठन के बाद मंत्रिमंडल में भी होना है परिवर्तन
- विकल्प हैं तमाम फिर भी मंथन में लग रहा समय

**अमृत विचार :** मिशन-2027 (विधानसभा चुनाव) से पहले उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार और संगठन में बदलाव तय है। लेकिन इस बदलाव की अवधि निकट होने के बजाय लंबे इंतजार के चलते विकट होती जा रही है। पहले संगठन में शीर्ष पद पर बदलाव होगा और फिर योगी मंत्रिमंडल में परिवर्तन की नौबत आएगी। लेकिन कब तक और किस रूप में, इस पर हाईकमान स्तर से अंतिम फैसले तक पहुंच पाना इतना आसान नहीं बन पा रहा?

दरअसल, लोकसभा चुनाव में यूपी से अपेक्षानुरूप परिणाम न मिलने के बाद भाजपा फूंक-फूंक कर कदम बढ़ाना चाहती है। जिस यूपी में भाजपा ने सभी 80 सीटें जीतने का लक्ष्य रखा था, वहां सपा-कांग्रेस के गठबंधन ने एनडीए को पछाड़ दिया और इंडिया गठबंधन ने भाजपा को 240 सीटों पर रोक दिया था। ऐसे में भाजपा में मंथन इस सवाल का जवाब तलाशने को लेकर है कि क्या लोकसभा चुनाव के बाद यूपी का मूड कुछ बदला है। क्या अब भी कांग्रेस और सपा के गठबंधन में इतनी ताकत है कि भाजपा के लिए उसे पछाड़ना कठिन होगा?

इतना तो साफ है कि भाजपा उत्तर प्रदेश में नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त करना चाहती है। यह काम पिछले साल अक्टूबर में ही करना था लेकिन अब तो आठ महीने का समय गुजर गया। हाल ही में गृह मंत्री अमित शाह की लखनऊ यात्रा और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ उनकी दिल्ली में मुलाकात के बाद इस नियुक्ति पर अंतिम मुहर लगा देने की चर्चा रही। यह भी अंदरखाने से पता चला कि नया अध्यक्ष ओबीसी या दलित समुदाय से होगा, ताकि इन वर्गों में पार्टी की पकड़ मजबूत हो।

इस सुगबुगाहट की जमीन तलाशें तो पाएंगे कि भाजपा ने जिन 70 जिलों में नए जिला अध्यक्ष नियुक्त किए हैं, उनमें 44 नए चेहरे हैं। स्वाभाविक है, यह बदलाव जातिगत संतुलन और युवा नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए किए गए हैं। बदलाव के मद्देनजर हो रही देरी शतरंज की बिसात पर मुहरें चलने से पहले दिमाग लगाने जैसा है। समझा जाता है कि विपक्ष का पीडीए एजेंडा इस बार भाजपा के लिए एक बड़ा राजनीतिक सिरदर्द है। ऐसे में सरकार और संगठन में फेरबदल करने से पहले भाजपा को क्षेत्रीय, जातीय और सामाजिक संतुलन बनाए रखने के लिए सही पद पर सही चेहरे की तलाश है। इसी तलाश से पूर्व यहां के खास चेहरे दिल्ली दिल्ली दरबार के चक्कर लगाने लगे हैं। दोनों उप मुख्यमंत्रियों केशव मौर्य और ब्रजेश पाठक ने बड़े दरबार में हाजिरी दे दी है। दोनों ने ही खासकर गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह से मुलाकात की।

### फैसले पर टिकीं निगाहें

भाजपा को मिले फीडबैक के मुताबिक, लोस चुनाव में कम सीट आने के पीछे जातिगत और राज्य के अलग-अलग क्षेत्रों को उचित प्रतिनिधित्व न मिलना रहा। ऐसे में अब पार्टी 2027 के विधानसभा चुनाव में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहती, क्योंकि उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के नतीजे सीधे राष्ट्रीय राजनीति को प्रभावित करते हैं। अब देखना यह होगा कि सरकार से संगठन में और संगठन से सरकार में कौन-कौन आता-जाता है। यह भी कि सरकार हो या संगठन प्रदेश की कमान भविष्य की राजनीति को देखते हुए किसके हाथों सुरक्षित है?

### ईशन नदी लाएगी हाथरस एटा, मैनपुरी, कन्नौज कानपुर में हरियाली

**अमृत विचार, लखनऊ :** वर्षों से सूखी, गाद से भरी और अतिक्रमण की शिकार रही ईशन नदी अब फिर जीवंत होने लगी है। पुनरुद्धार कार्य शुरू होने से एटा, हाथरस, मैनपुरी, कन्नौज और कानपुर नगर में यह नदी हरियाली और खुशहाली का संदेश लाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्पष्ट निर्देशों पर राज्य स्वच्छ गंगा मिशन, नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग भी युद्धस्तर पर इस कार्य को अंजाम दे रहे हैं। एटा के जिलाधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने बताया कि एटा जिले में 57 किलोमीटर लंबी ईशन नदी का पुनरुद्धार चल रहा है। 44 ग्राम पंचायतों के किसान लाभान्वित हो रहे हैं।

# विकसित यूपी-2047 की तैयारी शुरू

## सभी सेक्टरों में विकास का खाका तैयार करने में नीति आयोग करेगा मदद

रज्य ब्यूरो, लखनऊ

- विजन डाक्यूमेंट की कार्ययोजना अगले छह महीने में तय करने का लक्ष्य

**अमृत विचार :** विकसित भारत-2047 की तर्ज पर विकसित यूपी-2047 का विजन डाक्यूमेंट बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इसमें समृद्ध अर्थव्यवस्था में बदलने के लिए विजन के साथ आर्थिक विकास, तकनीकी उन्नयन, बुनियादी ढांचे का विकास, सामाजिक सशक्तिकरण और स्थिरता के मुख्य मानदंड तय किए जाएंगे। इस कार्ययोजना को छह माह में तैयार करने का लक्ष्य तय करते हुए नीति आयोग से राज्य सरकार मदद लेगी।

पिछले माह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई नीति आयोग की बैठक में सभी राज्यों को आजादी के 100 पूरे होने तक विकसित प्रदेश का विजन बनाने का गुरुमंत्र दिया गया था। इसी के तहत छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी ने 17 जुलाई 'छत्तीसगढ़ अंजोर विज़न@2047' दस्तावेज को प्रदेश की जनता को समर्पित किया। हालांकि इसके पहले गुजरात, ओडिशा और आंध्रप्रदेश ने अपना विजन डाक्यूमेंट तैयार कर लिया है। योगी सरकार इसे और व्यवस्थित रूप से तैयार करने में करीब छह माह का वक्त ले रही है। ताकि विकसित यूपी-2047 के विजन डाक्यूमेंट में आत्मनिर्भर, समृद्ध और विकसित उत्तर-प्रदेश के निर्माण का एक ठोस संकल्प और स्पष्ट दिशा हो। इसे तैयार करने में न केवल विशेषज्ञों और विभागों का सहयोग लिया जाएगा, बल्कि आम लोगों की भागीदारी सुनिश्चित होगी।

इस डाक्यूमेंट में 2047 तक राज्य को विकास के शीर्ष मानक तक पहुंचाने का लक्ष्य हासिल करने का पूरा रोडमैप होगा। इसी के जरिए प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डालर तक पहुंचाने का लक्ष्य भी हासिल करना आसान होगा। शासन के अधिकारियों के मुताबिक विजन डाक्यूमेंट के केंद्र में फोकस बिंदू ग्राम्य विकास, अवस्थापना, औद्योगिक विकास, सामाजिक सुरक्षा, कृषि उत्पाद, राजस्व, शहरी विकास, शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, गृह व सोशल वेलफेयर को रखा जाएगा। फोकस एरिया में कुछ अन्य बिंदु भी जोड़े जाएंगे। यह दूरदर्शी योजना प्रभावी शासन के साथ समावेशी विकास और सतत विकास पर केंद्रित है। इस परिवर्तन की कुंजी भारत के युवाओं की सक्रिय भागीदारी है, जिन्हें परिवर्तन के वाहक और प्राप्तकर्ता दोनों के रूप में देखा जाता है। यह दृष्टिकोण नवाचार और उन्नति के साथ-साथ आत्मनिर्भरता को भी बढ़ावा देता है, जिससे विकसित भारत 2047 की उपलब्धि में तेज़ी आती है।

# मरीजों को घर बैठे मिलेगी जांच रिपोर्ट

- प्रदेश के सभी जिला अस्पतालों और सीएचसी तक में उपलब्ध होगी सुविधा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में अब मरीजों को पैथालॉजी जांच रिपोर्ट के लिए अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। उन्हे लैब रिपोर्ट उनके रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर भेज दी जाएगी। जांच रिपोर्ट मरीजों को जांच के बाद कुछ ही घंटों में मिल जाएगी। यह सुविधा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) से लेकर बड़े अस्पतालों तक में भी मरीजों को मिलेगी।

मुख्यमंत्री योगी के निर्देश पर मोबाइल पर जांच रिपोर्ट उपलब्ध कराने की सुविधा प्रदेश के सभी ज़िला अस्पतालों और सीएचसी तक में करायी गयी है।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा सचिव रितु माहेश्वरी ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर प्रदेश के अस्पतालों में संचालित हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (एचएमआईएस) को लैब इंफॉर्मेशन सिस्टम (एलआईएस) से जोड़ दिया गया है। इसे आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) के तहत किया गया है। अब मरीज की जांच रिपोर्ट सीधे उसके पर्सनल हेल्थ रिकार्ड (पीएचआर) पोर्टल या मोबाइल एप पर उपलब्ध होगी। साथ ही एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से भी रिपोर्ट साझा की जाएगी। इस सुविधा के बाद मरीजों को जांच रिपोर्ट लेने के लिए अस्पताल नहीं जाना पड़ेगा, इतना ही नहीं, जांच रिपोर्ट खो जाने का भय भी नहीं रहेगा।

### चिकित्सकों के पास सीधे पहुंचेगी रिपोर्ट

सचिव रितु माहेश्वरी ने बताया कि अस्पताल में भर्ती मरीज की रिपोर्ट हॉस्पिटल इंफॉर्मेशन सिस्टम के माध्यम से संबंधित डॉक्टर के पास सीधे पहुंचेगी, जिससे इलाज में देरी नहीं होगी और सटीकता बढ़ेगी। मरीज स्वयं भी अपनी रिपोर्ट को पीएचआर एप के माध्यम से डाउनलोड कर सकेंगे और संबन्धित डॉक्टरों को दिखा सकेंगे। यह सुविधा प्रदेश के सभी ज़िला अस्पतालों और सीएचसी की प्रयोगशालाओं में लागू किया जा रहा है। बता दें कि वर्तमान में राजधानी कई बड़े अस्पतालों में यह व्यवस्था पहले से ही सक्रिय है और मरीजों को रिपोर्ट मोबाइल ऐप, एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से भेजी जा रही है।

# बिजली उपभोक्ताओं से नहीं मांगे जाएं अनावश्यक कागजात

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कॉरपोरेशन अध्यक्ष ने अधिकारियों को समस्याएं दूर करने के दिए निर्देश

**अमृत विचार :** अब बिजली उपभोक्ताओं से समस्याओं के निस्तारण में अनावश्यक कागजात नहीं मांगे जाएंगे। केवल नाम परिवर्तन के समय आवश्यक कागजात जमा होंगे।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने अधिकारियों को पहले से जमा कागजात के अनुसार समस्याएं दूर करने के निर्देश दिये। अध्यक्ष शनिवार को शक्ति भवन में समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी सेवा जैसे बिल संशोधन, मीटर परिवर्तन, बिजली आपूर्ति में उपभोक्ता श्रेणी बदलने आदि के लिए बिजली उपभोक्ताओं से कोई कागज नहीं मांगा जायेगा। इस प्रकार की शिकायतों पर विभागीय अभिलेखों से निस्तारण कराया जाएगा। समीक्षा बैठक में अध्यक्ष ने अधिकारियों से उपभोक्ताओं से अनावश्यक कागज मांगे जाने पर नाराजगी व्यक्त की।


उन्होंने बैठक में उपस्थित और वीडियो कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से जुड़े अधिकारियों से इस पर उनकी राय भी ली।


### 21 व 22 को भी लगेंगे संशोधन शिविर

बिजली उपभोक्ताओं के बिल संशोधन के लिए लगाये जा रहे 'मेगा कैम्प' के तहत 21 व 22 जुलाई को भी शिविर लगेंगे। उपभोक्ताओं की समस्याओं को ध्यान रखते हुए अध्यक्ष ने शिविर लगाने की तारीख बढ़ाने के निर्देश दिये। अध्यक्ष ने कहा कि शिविरों में नये कनेक्शन, भार वृद्धि, खराब मीटर, बिल संशोधन, श्रेणी परिवर्तन, बिल जमा करने व अन्य सम्बन्धित कार्यों की शिकायत का निस्तारण किया जाएगा।

### कांग्रेस का ओबीसी नेतृत्व भागीदार न्याय महासम्मेलन 25 को

**अमृत विचार, लखनऊ :** कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के मतदाताओं पर पकड़ मजबूत करने में जुट गई है। इसको लेकर 25 जुलाई को नई दिल्ली में 'ओबीसी नेतृत्व भागीदार न्याय महासम्मेलन' आयोजित किया जाएगा। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी महासम्मेलन का नेतृत्व करेंगे। प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के चेयरमैन मनोज यादव ने कहा कि महासम्मेलन में प्रदेश के पदाधिकारी शामिल होंगे। प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में देश भर से कांग्रेस के ओबीसी समाज के सभी बड़े नेता व कार्यकर्ता शामिल होंगे।





शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह से अलग-अलग शिष्टाचार भेंट करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

### मोदी, नड्डा और शाह से तीन मुद्दों पर योगी ने रखी बात

**अमृत विचार, लखनऊ :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शनिवार दिल्ली दौरा बेहद खास रहा। वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृह मंत्री अमित शाह से उनके आवास पर मिले। इस दौरान योगी ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष, मंत्रिमंडल विस्तार और मुख्य सचिव के सेवा विस्तार पर अपनी बात रखी। पहली बार वे पीएम मोदी से मिलने फाइलों के साथ पहुंचे थे। उन्होंने पीएम को जेवर एयरपोर्ट के लोकार्पण का न्योता भी दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर अपनी बात रखी। वे भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह से भी मिले। पीएम से मुलाकात के बाद योगी ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय राजनेता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट कर उनका आत्मीय मार्गदर्शन प्राप्त किया। उन्होंने इसके लिए आभार जताया। ऐसा ही पोस्ट नड्डा और शाह से मिलने के बाद भी किया। सूत्रों के अनुसार, योगी ने प्रधानमंत्री के साथ मुलाकात के दौरान राज्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों और विकास कार्यों के बारे में बातचीत की।

### भेदभाव और नफरत की राजनीति कर रही भाजपा

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा भेदभाव और नफरत की राजनीति करती है। भाजपा सरकार में पिछड़े, दलितों, अल्पसंख्यकों, महिलाओं, पीडीए के साथ हर स्तर पर भेदभाव हो रहा है। भाजपा नेताओं का रवैया भेदभावपूर्ण और अलोकतांत्रिक है। सपा प्रमुख ने शनिवार को जारी बयान में कहा कि भाजपा सरकार अलोकतांत्रिक और संविधान विरोधी कार्य कर रही है।



# विवि और कॉलेजों में पूरी तरह लागू होगा समर्थ

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- निजी ईआरपी सिस्टम होंगे बंद, पदोन्नति से परीक्षा तक होगी ऑनलाइन
- समर्थ पोर्टल के जरिए उच्च शिक्षा को डिजिटल, पारदर्शी और सुगम बनाने की पहल

**अमृत विचार :** 'समर्थ' पोर्टल को वर्ष 2025-26 तक सभी विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में पूरी तरह लागू करने की तैयारी है। यह प्लेटफॉर्म न केवल प्रशासनिक प्रक्रियाओं को सरल बनाएगा, बल्कि उच्च शिक्षा को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम और पारदर्शी भी बनाएगा। उच्च शिक्षा विभाग की ओर से संकाय पदोन्नति, नामांकन, वेतन भुगतान, परीक्षा और शोध अनुदान जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रियाएं 'समर्थ' के माध्यम से संचालित की जाएंगी।

योगी सरकार की कार्ययोजना के अनुसार, 2025 के अंत तक सभी निजी ईआरपी सिस्टम को बंद कर केवल 'समर्थ' प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाएगा। इससे कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में प्रशासनिक बोझ में कमी आएगी और कार्यप्रवाह अधिक प्रभावी व संगठित होगा। अब तक राज्य के सभी सरकारी विश्वविद्यालयों और संबद्ध कॉलेजों का समर्थ पोर्टल पर पंजीकरण हो चुका है। विश्वविद्यालयों ने वेतन प्रसंस्करण, व्यय भुगतान, अवकाश प्रबंधन, नामांकन और परीक्षाओं जैसे कार्यों को समर्थ पर संचालित करना शुरू कर दिया है। छात्रों का ऑनलाइन पंजीकरण भी प्रगति पर है।

### पदोन्नति के लिए पोर्टल विकसित

कॉलेज और विश्वविद्यालयों के शिक्षकों की करियर एडवांसमेंट स्कीम (सीएएस) के अंतर्गत पदोन्नति के लिए अब ऑनलाइन पोर्टल विकसित कर लिया गया है। इस नई व्यवस्था से शिक्षकों को आवेदन प्रक्रिया में आसानी होगी और चयन की पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और ट्रैक योग्य बन सकेगी। प्रदेश सरकार ने जुलाई 2025 से केंद्रीकृत प्रवेश प्रणाली लागू कर दी है। अब छात्रों का नामांकन एकीकृत पोर्टल के माध्यम से होगा।


## वर्ग पहेली-37

**बाएं से दाएं**

1. मकान की सीमा में आने वाला वह खुला स्थान जिसे घर के कामों के लिए उपयोग में लाया जाता है, अंगना।
4. गुंडागर्दी, गुंडाराज।
6. सतर्कता, चौकसी, होशियारी, सचेतता।
8. चंद्र मास की ग्यारहवीं तिथि, पूर्णिमा या अमावस्या के बाद ग्यारहवीं तिथि 2. इस तिथि को रखा जाने वाला व्रत।
9. 1. जिसे कोई उपाधि या पदवी मिली हो 2. ख़िताब संबंधी।

**ऊपर से नीचे**

1. दे. अंगुल।
2. चांडालिन, चांडाल जाति की स्त्री।
3. अपमान, बेइज़्ज़ती, तिरस्कार, अनादर, अप्रतिष्ठा।
5. दुनिया की समस्त बातों और घटनाओं के होने में ईश्वर की प्रेरणा को मानने का सिद्धांत; नियतिवाद।
7. 1. पशु होने की अवस्था या भाव, पशुत्व, जानवरपन, पाशविकता 2. पशुवत स्वभाव, पशुओं जैसा आचरण 3. बुद्धिहीनता, मूर्खता, जड़ता।



### वर्ग पहेली -36 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 फ़ा | 2 र | सी | ■ | 3 ला | हो | ल |
| ■ | दी | ■ | 4 कु | ■ | ■ | ■ |
| ■ | 5 फ़ | त | ह | ■ | 6 मू | ■ |
| ■ | ■ | ■ | रा | ■ | ढ़ | ■ |
| 7 ल | ■ | 8 ढ | म | ढ | म | ■ |
| गा | ■ | ■ | ■ | ■ | ति | ■ |
| 9 म | ख़ | सू | स | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू -44

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 9 | 1 | | | | 2 | 7 |
| | 2 | | | 7 | | | | 5 |
| | 3 | | | | 8 | | 9 | |
| 8 | | | | 3 | | | 5 | |
| | | | | | | 2 | | 8 |
| | 1 | 4 | | 9 | | | | |
| | 4 | | 7 | | | | 1 | |
| 1 | | | | 2 | | | 4 | |
| | 5 | 6 | | | 4 | 7 | | |

### सुडोकू - 43 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 5 | 4 | 3 | 1 | 7 | 6 | 9 | 2 |
| 7 | 3 | 2 | 9 | 4 | 6 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 1 | 9 | 5 | 2 | 8 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 2 | 8 | 1 | 3 | 5 | 9 |
| 5 | 9 | 1 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 |
| 2 | 8 | 3 | 6 | 9 | 5 | 1 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 | 7 | 1 |
| 1 | 4 | 6 | 7 | 3 | 9 | 8 | 2 | 5 |
| 9 | 7 | 8 | 1 | 5 | 2 | 4 | 6 | 3 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 20 जुलाई, रविवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-श्रावण, पक्ष-कृष्ण पक्ष, दशमी-12.12 तक तत्पश्चात एकादशी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वर्षा।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुम्भ।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-कृत्तिका 22.53 तक तत्पश्चात रोहिणी।

**मेष** - आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। जिम्मेदारियों के बीच स्वयं के लिए समय अवश्य निकालें। आर्थिक मामलों में आज भाग्यशाली रहेंगे। बातचीत के दौरान सभ्य भाषाशैली का प्रयोग करें। बच्चों की सेहत की चिंता हो सकती है।

**वृष** - आज अपनी कार्यशैली में बदलाव ला सकते हैं। परिवार को लेकर आप कुछ योजना बना सकते हैं। व्यवसाय में बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करने में लगे रहेंगे। अच्छे लोगों के साथ आपके संपर्क मजबूत होंगे। घर में मेहमानों का आना-जाना लगा रहेगा।

**मिथुन** - आज अपने विचारों को सकारात्मक बनाए रखें। गर्मी के कारण त्वचा विकार हो सकते हैं। बुरी संगत के कारण आपको नुकसान हो सकता है। अधीनस्थ कर्मचारियों से अपने संबंध अच्छे रखें। ऑनलाइन फ्रॉड और प्रलोभनों को लेकर सतर्क रहें।

**कर्क** - आज कारोबार में वृद्धि होने की संभावना है। परिजनों के प्रति थोड़ा चिन्तित हो सकते हैं। सुख के साधनों पर आप धन खर्च करेंगे। जीवनसाथी की सलाह लेने से आपको लाभ होगा। युवा प्रेम संबंधों को लेकर अधिक भावुक हो सकते हैं। आपकी कार्यक्षमता में वृद्धि होगी।

**सिंह** - आज आपके मस्तिष्क में नए रचनात्मक विचार उत्पन्न होंगे। मीडिया के क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान मिलेगा। महत्वपूर्ण विषयों को लेकर आप काफी सक्रिय रहेंगे। परिवार में किसी महत्वपूर्ण मुद्दे पर चर्चा होगी। आज आराम वाले समय का आनंद उठायेंगे।

**कन्या** - आज पिता अपने बच्चों से किसी कारण नाराज हो सकते हैं। प्रेम संबंधों में परस्पर विश्वास में कमी होने की आशंका है। लेकिन साथ में समय बिताने से मन हल्का होगा। विदेश में रहने वाले परिजनों की चिंता हो सकती है। बुखार और शारीरिक कमजोरी महसूस होगी।

**तुला** - आज अपने मित्रों के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। आपका मन किसी कारण अप्रसन्न हो सकता है। उच्च शिक्षा में बाधाओं का सामना करना पड़ेगा। अटका हुआ धन वापस मिलने में कठिनाई होगी। मेहनत का उत्तम परिणाम नहीं मिलेगा। स्वयं की गलतियों पर पर्दा न डालें।

**वृश्चिक** - आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि हो सकती है। कार्यक्षेत्र में आपका प्रभाव बढ़ेगा। बुद्धिमान लोगों का मार्गदर्शन प्राप्त हो सकता है। पारिवारिक संबंधों की कटुता दूर होगी। पार्टनरशिप में किए गए व्यवसाय में उत्तम लाभ प्राप्त होगा।

**धनु** - आज परिवार के लोगों का विरोध करने से बचें। आज अधूरे कार्य पूर्ण करने का दबाव रहेगा। प्रतियोगी परीक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। वैवाहिक जीवन काफी सुखमय रहने वाला है। मांगलिक कार्यक्रमों की योजना बना सकते हैं।

**मकर** - आज अपने निर्णयों को बार-बार न बदलें। संतान की गतिविधियों पर नजर बनाए रखें। मन में नए काम को लेकर थोड़ी शंका रहेगी। आपको अपने स्वाभिमान की चिंता हो सकती है। घरेलू कार्यों में फंस सकते हैं। शुभ कार्यों में धन खर्च होगा।

**कुंभ** - आज अपने चरित्र को अच्छा रखें। योजनाबद्ध तरीके से काम करना लाभकारी होगा। दिखावे पर अधिक खर्च करना उचित नहीं है। कानूनी विवादों को लेकर सावधानी रखें। माता के प्रति आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिए।

**मीन** - आज कार्यक्षेत्र में प्रतिस्पर्धा का वातावरण रहेगा। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है। मनोरंजन के साधनों पर धन खर्च करेंगे। नई जॉब मिलने के योग बन रहे हैं। रूढ़िवादी विचारों से बचें। तकनीक के प्रति आप आज थोड़े आकर्षित रहेंगे।

# भारत धर्मनिरपेक्ष, अल्पसंख्यक यहां सुरक्षित

## केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू बोले- बहुसंख्यक हिंदू के कारण अल्पसंख्यकों को स्वतंत्रता और सुरक्षा प्राप्त

नई दिल्ली, एजेंसी



- रीजीजू ने कहा- ऐसा एक भी मामला नहीं है, जिसमें अल्पसंख्यक किसी भी चीज से वंचित होने से पलायन की इच्छा रखता हो

केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू ने कहा, भारत एक धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र है और अल्पसंख्यक इस देश में सर्वाधिक सुरक्षित हैं। उन्होंने जोर देकर कहा कि बहुसंख्यक हिंदू के कारण अल्पसंख्यकों को पूर्ण स्वतंत्रता और सुरक्षा प्राप्त है।

अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री ने कहा कि उन्हें ऐसा एक भी मामला नहीं मिला है जहां अल्पसंख्यक समुदाय का कोई सदस्य देश में किसी भी चीज से वंचित होने के कारण भारत से पलायन करने की इच्छा रखता हो। उन्होंने कांग्रेस समर्थित वामपंथी तंत्र पर आरोप लगाया कि वह लगातार यह अभियान चलाने में लिप्त है कि अल्पसंख्यकों को भारत में प्रताड़ित किया जा रहा है, उनका कत्लेआम हो रहा है, उनकी हत्या की जा रही है और वे सुरक्षित नहीं हैं। मुख्तार अब्बास नकवी मंत्री रहते हुए भारत अल्पसंख्यकों के लिए स्वर्ग है वाले बयान पर रीजीजू ने कहा कि भारत के लोग कानून का पालन करते हैं, हम धर्मनिरपेक्ष हैं, हमारा संविधान है और इसलिए चाहे बहुसंख्यक हो या अल्पसंख्यक सभी समान हैं।

रीजीजू ने कहा, जो कुछ बहुसंख्यक को मिलता है वहीं अल्पसंख्यक को भी मिलता है, लेकिन कुछ चीजें जो अल्पसंख्यकों को तो मिलती हैं वह बहुसंख्यक को नहीं मिलतीं। भाजपा नेता ने कहा, अगर आप इतिहास को देखें, तो चीनी कब्जे से तिब्बत में समस्याएं थीं और तिब्बती भारत आ गए। म्यांमा, श्रीलंका बांग्लादेश, पाकिस्तान और अफगानिस्तान से लो समस्याओं के कारण भारत आए। आखिरकार वे भारत में शरण लेना चाहते हैं क्योंकि उन्हें भारत के संविधान पर भरोसा है। कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान हुई घटनाओं और दंगों को छोड़कर, आमतौर पर अल्पसंख्यक भारत में सुरक्षित हैं। इसके बावजूद 11 वर्षों से यह अभियान चलाया जा रहा है कि भारत में अल्पसंख्यक सुरक्षित नहीं हैं। रीजीजू ने पूछा कि भारत को इस अभियान से क्या मदद मिल रही है। मैं अल्पसंख्यक समुदाय से हूं। मुझे खुले तौर पर यह स्वीकार करना होगा कि पुरानी जनगणना के अनुसार बहुसंख्यक हिंदू 78 से 79 % हैं। नई जनगणना में यह कम हो सकता है।

### भारत हर अल्पसंख्यक समुदाय के लिए पसंदीदा जगह

केंद्रीय मंत्री ने कहा, हिंदू बहुसंख्यकों की वजह से सभी अल्पसंख्यक इस देश में पूर्ण स्वतंत्रता और सुरक्षा का आनंद ले रहे हैं। कल्पना कीजिए कि अगर मैं पाकिस्तान में होता। अगर विभाजन के दौरान हम बांग्लादेश का हिस्सा बन जाते, तो आज हम शरणार्थी होते। आज हर आदिवासी, हर अल्पसंख्यक समुदाय यहां सुरक्षित है क्योंकि बहुसंख्यक हिंदू धर्मनिरपेक्ष और सहिष्णु है। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि भारत हर अल्पसंख्यक समुदाय के लिए एक पसंदीदा जगह है। मुसलमानों की सुरक्षा पर रीजीजू ने कहा, कुछ हिंदू कह रहे हों कि मुस्लिम बहुलता है इसलिए हमें खतरा है, लेकिन मुझे लगता है कि किसी को खतरा महसूस नहीं होना चाहिए और कोई दूसरे समुदाय को धमका रहा है तो राज्य सरकार को कार्रवाई करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत में सभी समान हैं और सभी सुरक्षित हैं।

# ओडिशा : बदमाशों ने 15 साल की लड़की को लगाई आग, गंभीर हालत में एम्स में भर्ती

भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा के पुरी जिले में शनिवार को बदमाशों ने 15 वर्षीय लड़की को आग लगा दी। अधिकारियों ने बताया कि लड़की को गंभीर हालत में एम्स-भुवनेश्वर ले जाया गया है। वह 70 प्रतिशत तक झुलस चुकी है और बोल नहीं पा रही है। उपमुख्यमंत्री और महिला एवं बाल विकास मंत्री प्रभाती परीडा ने कहा कि सरकार लड़की के इलाज का खर्च वहन करेगी। पुलिस को दोषियों की गिरफ्तार के निर्देश दिए गए हैं।

घटना बलंगा थाना क्षेत्र के बयाबर गांव में सुबह नौ बजे हुई, जब लड़की अपनी सहेली के घर जा रही थी। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि बाइक सवार तीन अज्ञात युवकों ने लड़की को रोका, जबरन भार्गवी नदी के किनारे ले गए, और शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी। घटनास्थल नुआगोपालपुर बस्ती में स्थित उसके घर से 1.5 किलोमीटर जबकि बलंगा थाने से 5-7 किलोमीटर दूर है। पुलिस ने बताया कि लड़की को आग लगाने के बाद बदमाश फरार हो गए। स्थानीय लोग आग बुझाकर उसे पिपिली सरकारी अस्पताल ले गए, जहां से उसे एम्स भुवनेश्वर भेज दिया गया। घटना पर पहुंचे पुरी के एसपी पिनाक मिश्रा ने बताया कि जांच के तहत कुछ लोगों से पूछताछ जारी। वैज्ञानिक टीम जांच में लगी हुई हैं।

पिपिली उप-विभागीय पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) देबाशीष मिश्रा ने बताया कि अपराधियों को पकड़ने के लिए दो टीम बनाई गई हैं। आसपास के मकानों में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच हो रही है। पुरी की जिला कलेक्टर चंचल राणा ने कहा कि मामले में पुलिस को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

### इलाज का खर्च उठाएगी सरकार: उपमुख्यमंत्री

उपमुख्यमंत्री परीडा ने कहा, पुरी जिले के बलंगा में बदमाशों ने 15 वर्षीय लड़की पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। लड़की को एम्स भुवनेश्वर भेज दिया गया। इलाज का सारा खर्च सरकार उठाएगी। पुलिस प्रशासन को दोषियों को तुरंत गिरफ्तार करने और सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं। इस बीच, विपक्षी बीजू जनता दल (बीजद) और कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने एम्स-भुवनेश्वर जाकर लड़की के परिजन और चिकित्सकों से मुलाकात की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीकांत जेना ने कहा कि अभी लड़की का उपचार किया जा रहा है... हम उसके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करते हैं।

## एक नजर

### बेंगलुरु हवाई अड्डे पर चार किलोग्राम कोकीन जब्त

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्रालय ने शनिवार को बताया कि डीआरआई अधिकारियों ने बेंगलुरु अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर 40 करोड़ मूल्य की 4 किलो से अधिक कोकीन जब्त की है। एक यात्री को गिरफ्तार भी किया गया। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की बेंगलुरु क्षेत्रीय इकाई के अधिकारियों ने 18 जुलाई को दोहा से बेंगलुरु आए भारतीय यात्री को रोका। यात्री के पास दो सुपरहीरो की कॉमिक्स/पत्रिकाएं थीं, जो भारी थीं। अधिकारियों ने पत्रिकाओं के कवर में छिपाए सफेद पाउडर को बरामद किया।

### गुजरात: मुख्यमंत्री कार्यालय व सचिवालय को धमकी

**अहमदाबाद।** गुजरात के मुख्यमंत्री कार्यालय और गांधीनगर स्थित राज्य सचिवालय को बम से उड़ाने की धमकी जांच में अफवाह निकली। पुलिस ने बताया कि धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद परिसर की गहन तलाशी ली गयी थी। पुलिस उपाधीक्षक दिव्यप्रकाश गोहिल ने बताया कि राज्य सरकार को 17 जुलाई को धमकी भरा ईमेल मिला था।

### बिहार में एक परिवार के चार लोगों ने आत्महत्या की

**नालंदा।** बिहार में नालंदा जिले के राजगीर कस्बे में एक ही परिवार के तीन किशोरों समेत कुल चार लोगों ने जहरीला पदार्थ खाकर आत्महत्या कर ली। मृतकों में सोनी देवी, उनकी बेटियों दीपा कुमारी और अरीका कुमारी व बेटे शिवम है।

# राहुल पारिवारिक अपराधों को संरक्षण देने के लिए पद का कर रहे इस्तेमाल : भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

- रॉबर्ट वाड्रा का बचाव किए जाने पर राहुल गांधी पर भाजपा ने साधा निशाना

भाजपा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अपने परिवार के अपराधों को संरक्षण देने के लिए लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में अपने संवैधानिक पद का दुरुपयोग करने का शनिवार को आरोप लगाया। कांग्रेस नेता द्वारा अपने बहनोई रॉबर्ट वाड्रा का बचाव किए जाने पर भाजपा राहुल गांधी पर निशाना साध रही है।

वाड्रा पर ईडी ने धन शोधन का आरोप लगाया है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि सोमवार से शुरू हो रहे संसद के मानसून सत्र से पहले विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन आंतरिक कलह और बिखराव से जूझ रहा है। त्रिवेदी ने कटाक्ष करते हुए सवाल किया कि जब उसका वर्तमान इतनी बुरी स्थिति में है, तो उसका भविष्य कितना बदतर होगा। आप ने पहले घोषणा कर दी है कि वह अब गठबंधन में शामिल नहीं है, जबकि मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने केरल सरकार पर गांधी के हमले के बाद उनकी आलोचना की थी। गांधी ने रॉबर्ट वाड्रा के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल होने के बाद उनका बचाव किया था।

## अभिनंदन



हरियाणा के जींद में जन्मदिन पर बैठक के दौरान हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का अभिनंदन स्वीकार करतीं दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता। एजेंसी

# जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने को लेकर कांग्रेस का मार्च रोका

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के राज्य के दर्जे की बहाली की मांग को लेकर प्रदेश कांग्रेस की विरोध जुलूस निकालने की योजना को पुलिस ने शनिवार को विफल कर दिया।

जम्मू कश्मीर प्रदेश कांग्रेस समिति (जेकेपीसीसी) के अध्यक्ष तारिक हमीद कर्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन सौंपने के लिए संभागीय आयुक्त कार्यालय तक जुलूस निकालने की योजना बनाई। पुलिस कर्मियों ने पार्टी कार्यालय के मुख्य द्वार को बाहर से बंद कर कांग्रेस को जुलूस निकालने से रोक दिया। कर्रा ने बताया कि पुलिस ने उन्हें विरोध जुलूस नहीं निकालने दिया। हम राज्य के दर्जे की बहाली की अपनी मांग दोहराना चाहते थे और अपनी मांगों पर एक ज्ञापन सौंपना चाहते थे। पार्टी के कई नेताओं को कांग्रेस कार्यालय पहुंचने से रोक दिया गया।

# त्रिपुरा: अवैध प्रवासियों का पता लगाने को एसआईटी का गठन

**अगरतला।** त्रिपुरा के पश्चिम त्रिपुरा जिले में बांग्लादेश और म्यांमा से आने वाले प्रवासियों का पता लगाने, उनकी पहचान करने और उन्हें निर्वासित करने के लिए 15 सदस्यीय विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का गठन किया है।

टिपरा मोथा पार्टी (टीएमपी) के अध्यक्ष प्रद्योत किशोर माणिक्य देबबर्मा ने इस कदम के लिए पुलिस को धन्यवाद दिया और स्थानीय लोगों से ऐसे किसी भी अवैध प्रवासी की सूचना देने को कहा। इस कार्य के लिए गठित 15 सदस्यीय एसआईटी का नेतृत्व एक वरिष्ठ पुलिस उपाधीक्षक कर रहे हैं, जबकि सभी पुलिस थानों के प्रभारी अधिकारी (ओसी) भी इसमें शामिल हैं। एसपी किरण कुमार ने में कहा, अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी/रोहिंग्याओं के निर्वासन के वास्ते पश्चिम त्रिपुरा जिला पुलिस के लिए जिला-स्तरीय विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का गठन किया गया है।

# खरड़ से आप विधायक अनमोल गगन मान ने दिया पद से इस्तीफा

चंडीगढ़, एजेंसी



- एक्स पर किया खुलासा, बोलीं- राजनीति छोड़ रही हूं

आप नेता अनमोल गगन मान ने पंजाब विधानसभा की सदस्यता से रविवार को इस्तीफा दे दिया और कहा कि उन्होंने राजनीति छोड़ने का फैसला कर लिया है। अनमोल गगन मान (35) खरड़ विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुई थीं।

उन्होंने एक्स पर अपने इस्तीफे की जानकारी दी। उन्होंने पंजाब विस अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवां से इस्तीफा स्वीकार करने का आग्रह किया है। मान ने 'एक्स' पर पंजाबी में कहा, मैंने भारी मन से राजनीति छोड़ने का फैसला किया है। अध्यक्ष को दिया मेरा इस्तीफा स्वीकार किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, पार्टी के साथ मेरी शुभकामनाएं हैं। मुझे उम्मीद है कि पंजाब सरकार जनता की उम्मीदों पर खरी उतरेगी। गायिका से नेता बनीं मान ने यह नहीं बताया कि उन्होंने यह निर्णय क्यों किया। पंजाब में सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी ने इस संबंध में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# लापरवाही में पांच पुलिसकर्मी निलंबित

**पटना अस्पताल हत्याकांड**

पटना, एजेंसी

बिहार की राजधानी पटना के अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या के मामले में लापरवाही के आरोप में पांच पुलिसकर्मियों को शनिवार को निलंबित कर दिया गया। इनमें एक उपनिरीक्षक और दो सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) हैं।

पटना (मध्य) की एसपी दीक्षा ने कहा कि दोषी चंदन की निजी अस्पताल में गुरुवार को हत्या के मामले में लापरवाहीं पर पुलिसकर्मियों को निलंबित किया गया है। ये पुलिसकर्मी शास्त्री नगर पुलिस थाने में तैनात थे।

### बंगाल के न्यू टाउन से पांच लोग गिरफ्तार

**कोलकाता।** पटना के अस्पताल में गैंगस्टर चंदन मिश्रा की हत्या के मामले में कोलकाता के पास न्यू टाउन से पांच लोगों को शनिवार तड़के गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि पटना पुलिस व पश्चिम बंगाल विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की छापेमारी के बाद आरोपियों को आवासीय परिसर से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया, सभी आरोपी एक फ्लैट में छिपे थे। इन पांच आरोपियें में से चार लोग सीधे तौर पर हत्या में शामिल हैं और घटना के बाद ये लोग पटना से भागकर कोलकाता आ गए थे। उनके मोबाइल फोन के नेटवर्क टावर की लोकेशन से उनका पता लगाने में मदद मिली। बिहार पुलिस उन्हें एक स्थानीय अदालत में पेश कर 'ट्रांजिट रिमांड' का आग्रह करेगी।

### तीन मुख्य आरोपियों के घरों के बाहर नोटिस चस्पा किए गए

बिहार के पटना में हत्या के मामले में दोषी चंदन मिश्रा की हत्या के दो दिन बाद पुलिस ने शनिवार को तीन मुख्य आरोपियों के घरों पर नोटिस चस्पा कर उन्हें तुरंत आत्मसमर्पण का निर्देश दिया। चंदन इलाज के लिए पैरोल पर बाहर था। तौसीफ, मोनू और बलवंत के घरों के बाहर नोटिस चस्पा किए गए। हालांकि, पुलिस ने उनके घरों का खुलासा नहीं किया। एसपी पटना (मध्य) दीक्षा ने कहा, मिश्रा की हत्या में शामिल तीन मुख्य आरोपियों के घरों पर पुलिसकर्मी पहुंचे और उन्हें तुरंत आत्मसमर्पण करने के निर्देश देने वाले नोटिस चस्पा किए गए।

## कारोबार/कृषि

# भारत अमेरिका व्यापार समझौते को पांचवें दौर की वार्ता पूरी

## दोनों पक्ष एक अगस्त से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर विचार

नई दिल्ली, एजेंसी



- कृषि और डेयरी उत्पादों पर शुल्क में रियायत की अमेरिकी मांग पर भारत ने अपना रुख कड़ा किया

भारत और अमेरिका की टीमों ने प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) के लिए 17 जुलाई को वाशिंगटन में पांचवें दौर की वार्ता पूरी कर ली है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। यह वार्ता वाशिंगटन में चार दिन (14-17 जुलाई) तक चली।

अधिकारी ने कहा कि भारतीय टीम वापस आ रही है। भारत के मुख्य वार्ताकार और वाणिज्य विभाग में विशेष सचिव राजेश अग्रवाल वार्ता दल का नेतृत्व कर रहे हैं। ये विचार-विमर्श इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि दोनों पक्ष एक अगस्त से पहले एक अंतरिम व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने पर विचार कर रहे हैं, जब भारत सहित दर्जनों देशों पर लगाए गए अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शुल्क (26 प्रतिशत) की निलंबन अवधि का अंतिम दिन है।

इस साल दो अप्रैल को, ट्रंप ने इन उच्च जवाबी शुल्कों की घोषणा की थी। उच्च शुल्कों के कार्यान्वयन को तुरंत 90 दिनों के लिए नौ जुलाई तक और फिर एक अगस्त तक के लिए स्थगित कर दिया गया था क्योंकि अमेरिका कई देशों के साथ व्यापार समझौतों पर बातचीत कर रहा है।

### श्रम-प्रधान क्षेत्रों में शुल्क रियायत की भारत कर रहा मांग

प्रस्तावित व्यापार समझौते में देश श्रम-प्रधान क्षेत्रों जैसे वस्त्र, रत्न एवं आभूषण, चमड़े के सामान, परिधान, प्लास्टिक, रसायन, झींगा, तिलहन, अंगूर और केले के लिए शुल्क रियायत की भी मांग कर रहा है। दूसरी ओर, अमेरिका कुछ औद्योगिक वस्तुओं, वाहन, विशेषकर इलेक्ट्रिक वाहनों, वाइन, पेट्रोकेमिकल उत्पादों, कृषि वस्तुओं, डेयरी उत्पादों, सेब, मेवे और आनुवंशिक रूप से संशोधित फसलों पर शुल्क रियायत चाहता है।

### कृषि और वाहन से जुड़े मुद्दों पर दोनों पक्षों में हुई चर्चा

पांचवें दौर की वार्ता में कृषि और वाहन से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई। गैर-बाज़ार अर्थव्यवस्थाओं और 'स्कॉमेट' (विशेष रसायन, जीव, सामग्री, उपकरण और प्रौद्योगिकी) से निपटने के तरीकों पर भी चर्चा हुई। कृषि और डेयरी उत्पादों पर शुल्क में रियायत की अमेरिकी मांग पर भारत ने अपना रुख कड़ा कर लिया है। कुछ किसान संगठनों ने सरकार से आग्रह किया है कि व्यापार समझौते में कृषि से जुड़े किसी भी मुद्दे को शामिल न किया जाए।

### अतिरिक्त शुल्क हटाने को लेकर भारत ने रखा अपना पक्ष

भारत इस अतिरिक्त शुल्क (26 प्रतिशत) को हटाने की मांग कर रहा है। वह इस्पात और एल्युमीनियम (50 प्रतिशत) और वाहन (25 प्रतिशत) क्षेत्रों पर शुल्क में ढील की भी मांग कर रहा है। इनके विरुद्ध, भारत ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के मानदंडों के तहत प्रतिशोधात्मक शुल्क लगाने का अपना अधिकार सुरक्षित रखा है।

# वीजा-आव्रजन नियम का व्यापार में प्रभाव




वीजा और आव्रजन नियम किसी देश में व्यापारियों के प्रवेश, निवास व कामकाज के अधिकार को नियंत्रित करते हैं। भारत जैसे विकासशील देशों के लिए ये नियम वैश्विक व्यापार और निवेश को प्रभावित करने वाले कारक होते हैं। इनसे विदेशी निवेश, कुशल श्रम की आवाजाही, तकनीकी सहयोग, और निर्यात क्षेत्र में अवसर मिलते हैं। वहीं, इनकी जटिलता या कठोरता व्यापार में रुकावट बन सकती है।

### वीजा और आव्रजन के नियम

वीजा वह अनुमति है जो किसी विदेशी को दूसरे देश में प्रवेश, काम या अध्ययन करने की सुविधा देती है। आव्रजन नियम किसी देश में स्थायी या अस्थायी रूप से बसने के लिए बनाए कानूनी ढांचे हैं। ये नियम श्रमिकों, छात्रों, निवेशकों और उद्यमियों के लिए अलग-अलग होते हैं।

### भारत को इन नियमों से लाभ

- **प्रत्यक्ष विदेशी निवेश :** सरल वीसा नियम विदेशी निवेशकों को आकर्षित करते हैं, जिससे भारत में उद्योग और तकनीक को बढ़ावा मिलता है।
- **तकनीकी विशेषज्ञता का आदान-प्रदान :** विदेशी तकनीकी विशेषज्ञों का भारत आना आसान होता है, जिससे उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता में सुधार होता है।
- **सेवा क्षेत्र में वृद्धि :** आईटी, हेल्थकेयर, शिक्षा आदि क्षेत्रों में विदेशी ग्राहकों और विशेषज्ञों की आवाजाही आसान होती है।

### व्यापार में संभावित हानि

- **ब्यूरोक्रेटिक जटिलता :** यदि वीसा प्रक्रिया जटिल और धीमी है तो विदेशी निवेशक और साझेदार हतोत्साहित होते हैं।
- **अप्रवास विरोधी रवैया :** कुछ देशों के कड़े आव्रजन नियम भारतीय व्यवसायों को प्रभावित करते हैं, जैसे एच1बी वीजा पर अमेरिका की नीतियां।

# भारत-ईएफटीए समझौता एक अक्टूबर से किया जाएगा लागू : केंद्रीय मंत्री गोयल

नई दिल्ली, एजेंसी



- भारत को यूरोपीय समूह से 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता हुई प्राप्त

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत और चार देशों के यूरोपीय समूह ईएफटीए के बीच मुक्त व्यापार समझौता एक अक्टूबर से लागू होगा। दोनों पक्षों ने 10 मार्च, 2024 को व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टीईपीए) पर हस्ताक्षर किए।

इस समझौते के तहत, भारत को इस समूह से 15 वर्षों में 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता प्राप्त हुई है, जबकि स्विस घड़ियों, चॉकलेट और तराशे व पॉलिश किए हुए हीरों जैसे कई उत्पादों पर कम या शून्य शुल्क की अनुमति दी गई है। गोयल ने एक्स पर कहा, भारत-ईएफटीए समझौता एक अक्टूबर से लागू होगा। यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के सदस्य आइसलैंड, लिकटेंस्टीन, नॉर्वे और स्विट्जरलैंड हैं। इस संगठन ने 100 अरब डॉलर के निवेश की प्रतिबद्धता जताई है। इसके तहत समझौते के कार्यान्वयन के बाद 10 वर्षों में 50 अरब डॉलर और पांच वर्षों में 50 अरब डॉलर का निवेश होगा, जिससे भारत में 10 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे। इस ब्लॉक में भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार स्विट्जरलैंड है। शेष तीन देशों के साथ भारत का व्यापार कम है।

# भारत का चाय निर्यात पिछले वित्त वर्ष में 2.85% बढ़ा

**कोलकाता।** पिछले वित्त वर्ष (2024-25) में भारत का चाय निर्यात सालाना आधार पर 2.85% बढ़कर 25.79 करोड़ किलो हो गया है। आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

2023-24 में देश का चाय निर्यात 25.07 करोड़ किलो था। चाय बोर्ड के अनुसार, 2024-25 के दौरान उत्तर भारत से निर्यात की मात्रा 16.12 करोड़ किलो तक पहुंच गई, जो 2023-24 के 14.90 करोड़ किलो से 8.15% की वृद्धि है। इसी प्रकार] दक्षिण भारत से निर्यात 2024-25 में 4.92% घटकर 9.67 करोड़ किलो रह गया, जो उससे पिछले वित्त वर्ष में 10.17 करोड़ किलो था। प्रति किलो चाय निर्यात का मूल्य बढ़कर 290.97 रुपये हो गया, जो 2023-24 के 258.30 रुपये से 12.65% की वृद्धि दर्शाता है। कैलेंडर वर्ष 2024 में चाय निर्यात 25.62 करोड़ किलो तक पहुंच गया, जो 2023 की तुलना में 10.57% की वृद्धि है।

# देश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात हुआ 40 अरब डॉलर

हैदराबाद, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि देश का इलेक्ट्रॉनिक्स निर्यात पिछले 11 वर्षों में आठ गुना वृद्धि के साथ 40 अरब डॉलर को पार कर गया है। घरेलू इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन छह गुना बढ़ गया है। आईआईटी हैदराबाद के 14वें दीक्षांत समारोह में वैष्णव ने देश की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना की तेज प्रगति का जिक्र भी किया, जिसके अगस्त या सितंबर 2027 तक चालू होने की उम्मीद है।

केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण, इलेक्ट्रॉनिक्स व सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ने कहा कि 11 वर्षों में, हमने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन को छह गुना बढ़ाया है। यह दोहरे अंकों की वृद्धि है। हमने निर्यात को आठ गुना बढ़ाया है। इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण में 40 अरब डॉलर के निर्यात को पार किया। यह वृद्धि की अभूतपूर्व गति है, जो बहुत कम देशों ने पहले कभी देखी है। उन्होंने इसका श्रेय प्रधानमंत्री मोदी को दिया और कहा कि साढ़े तीन वर्षों में, भारत संपूर्ण 4जी दूरसंचार स्टैक डिजाइन कर सकता है। आज, यह 90,000 दूरसंचार टावरों पर स्थापित है, जो दुनिया के कई देशों के नेटवर्क से भी अधिक है।

### देश की पहली सेमीकंडक्टर चिप 2025 में होगी पेश: अश्विनी वैष्णव



केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि घरेलू स्तर पर निर्मित देश की पहली सेमीकंडक्टर चिप इस साल जारी होने की उम्मीद है। वैष्णव ने केशव मेमोरियल एजुकेशनल सोसाइटी के 85वें स्थापना दिवस पर कहा कि भारत सेमीकंडक्टर उद्योग में महत्वपूर्ण वैश्विक खिलाड़ी बनने की ओर अग्रसर है। आज कुछ सबसे जटिल चिप हैदराबाद, बेंगलुरु, पुणे, गुरुग्राम और चेन्नई जैसे शहरों में डिजाइन किए जाते हैं। अब हम सेमीकंडक्टर चिप का निर्माण शुरू कर रहे हैं। हमने पहले ही छह सेमीकंडक्टर संयंत्र को मंजूरी दे दी है। उनका निर्माण कार्य जारी है। हमारे पास 2025 में पहली भारत निर्मित (सेमीकंडक्टर) चिप होगी। इंडिया एआई मिशन के तहत नि :शुल्क डेटासेट और अन्य सामग्री अपलोड की जा रही है।

# ध्रुव जुरेल को मैनचेस्टर टेस्ट में मिल सकती है अंतिम एकादश में जगह

## बेकेनहम के केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड पर टीम इंडिया ने किया अभ्यास

**मैनचेस्टर, एजेंसी**

भारतीय अभ्यास सत्र के दौरान बेकेनहम के केंट काउंटी क्रिकेट ग्राउंड से गेंद नेट्स के बाहर आ रही थी। बल्ले से गेंद टकराने के बाद टुक, टुक, टुक की एक मधुर आवाज भी आ रही थी जो खाली पड़े मैदान में गूंज रही थी। शॉट्स इतने ताकतवर थे कि गेंद सीधे प्लास्टिक की सीटों पर जाकर गिर रही थी, लॉन्ग ऑन से लेकर पेड़ों के बीच होते हुए ध्रुव जुरेल के लॉफ्टेड शॉट्स काऊ कॉर्नर तक पहुंच रहे थे। जुरेल सफेद टी-शर्ट में बेहद सहज अंदाज में आक्रामक शॉट्स खेल रहे थे।

**भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मॉर्कल की गेंदों पर लगाए शॉट :** जुरेल के सामने अब थे पूर्व दक्षिण अफ्रीकी तेज गेंदबाज और भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्ने मॉर्कल, जो 20 यार्ड से गेंदबाजी कर रहे थे। मॉर्कल उनके स्टंप्स और ऑफ स्टंप के बाहर बल्ले के किनारे को निशाना बना रहे थे। जुरेल उनके सामने तकनीकी तौर पर बिल्कुल सहज थे और अच्छे फुटवर्क के साथ डिफेंस कर रहे थे। जुरेल का डिफेंस इसलिए भी अच्छा हो रहा था क्योंकि यही उनकी खासियत है, जब से उन्होंने टेस्ट में भारत के लिए डेब्यू किया है तब से ही उनकी तकनीक डिफेंस और आक्रामक खेल दोनों में ही शानदार है। जिस वजह से उनकी बल्लेबाजी बेहद सहज नजर आती है।

**सैनिक जैसा दिख रहा आत्मविश्वास :** भारतीय सैनिक के पुत्र जुरेल की शारीरिक भाषा भी एक सैनिक की ही तरह है, वह सीना चौड़ा कर चलते हैं और हमेशा आत्मविश्वास से लबरेज नजर आते हैं। जिस समर्पण और दिमागी तौर से बिल्कुल स्पष्ट अंदाज में वह खेलते हैं उसी की बदौलत कम समय में ही उन्होंने भारत के लिए मैच जिताऊ पारियां खेल ली हैं। इंग्लैंड के खिलाफ रांची टेस्ट में धीमी और कम उछाल वाली पिच पर भी उन्होंने बेहतरीन 90 रन की पारी खेली थी, जिसके लिए उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच से भी नवाजा गया था। ऑस्ट्रेलिया दौरे पर भी अभ्यास मैच में एक मुश्किल पिच पर उन्होंने 80 और 68 रन की पारियां खेली थी। जुरेल ने इस दौरे पर भी इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ दो मैचों में तीन अर्धशतक जड़ते हुए बतौर बल्लेबाज अंतिम ग्यारह में दस्तक दे दी थी।



ध्रुव जुरेल।

### भारतीय सहायक कोच कर चुके हैं इशारा

**मैनचेस्टर :** ध्रुव जुरेल अब तक तीनों ही टेस्ट में अंतिम एकादश में जगह नहीं बना पाए हैं, लेकिन गुरुवार को भारतीय सहायक कोच रयान टेन डेशकाटे ने इस बात का इशारा कर दिया है कि जुरेल हमारे विकल्पों में शामिल हैं। बतौर विकेटकीपर भी जुरेल को कई एक्सपर्ट काफी बेहतरीन मानते हैं। स्काई क्रिकेट के साथ बातचीत में पूर्व भारतीय विकेटकीपर दिनेश कार्तिक ने भी जुरेल की जमकर तारीफ की। कार्तिक के मुताबिक जुरेल के पास एक बेहतरीन तकनीक है और विकेट के पीछे उनका संतुलन भी लाजवाब है जिसका उदाहरण है ऑली पोप का वह कैच जो उन्होंने लपका था।

### विकेटकीपिंग और बल्लेबाजी दोनों के लिए कर रहे हैं प्रयास

गुरुवार को भारतीय फील्डिंग कोच टी दिलिप के मार्गदर्शन में जुरेल ने विकेटकीपिंग अभ्यास भी किया था। ऋषभ पंत को लॉर्ड्स टेस्ट में उंगली में चोट लगी थी जिसके बाद उन्होंने उस टेस्ट में विकेटकीपिंग नहीं की थी। अभ्यास सत्र में भी उन्होंने विकेटकीपिंग दस्ताने नहीं पहने हैं, हालांकि बतौर बल्लेबाज उनका खेलना तय माना जा रहा है। यानी पंत और जुरेल दोनों ही ग्यारह में रहते हैं तो फिर जुरेल के लिए कौन बाहर जाएगा? करुण नायर, नीतीश रेड्डी और वॉशिंगटन सुंदर में से किसी एक को बाहर बैठना पड़ सकता है। हालांकि नायर ने भले ही इस सीरीज में मिली शुरुआत को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं किया है लेकिन उम्मीद है कि मैनेजमेंट उनपर अभी और भरोसा जताएगा और मौका देगा। सुंदर भी अपनी जगह बरकरार रख सकते हैं क्योंकि उन्होंने अब तक गेंद और बल्ले दोनों से ही प्रभावित किया है और मैनचेस्टर की पिच में स्पिनरों के लिए थोड़ी मदद रहने की भी गुंजाइश होती है। कुल मिलाकर रेड्डी को ही जुरेल के लिए रास्ता खाली करना पड़ सकता है, क्योंकि बतौर बल्लेबाज ऑस्ट्रेलिया में मेलबर्न टेस्ट में शतक लगाने के अलावा कुछ खास नहीं कर पाए हैं। जुरेल के लिए स्थिति सुखद है और वह अपने करियर का पांचवां टेस्ट खेलने के बेहद क़रीब हैं। हां भारतीय टीम मैनेजमेंट के लिए ये एक मीठा सिरदर्द जरूर होगा।

## एक नजर



इंग्लैंड की कप्तान नैटली सिवर-ब्रंट टॉस करती हुईं साथ में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर। ● एजेंसी

### भारतीय महिला टीम ने दूसरे वनडे में इंग्लैंड को दिया 144 रनों का लक्ष्य

**लंदन :** भारतीय महिला टीम ने शनिवार को यहां बारिश से प्रभावित दूसरे वनडे में इंग्लैंड के खिलाफ 29 ओवर में आठ विकेट पर 143 रन बनाए। भारत के लिए सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने 51 गेंद में 42 रन की पारी खेली जबकि दीप्ति शर्मा 30 रन बनाकर नाबाद रहीं। इंग्लैंड के लिए सोफी एक्लेस्टोन सबसे सफल गेंदबाज रही, उन्होंने छह ओवर में 27 रन देकर तीन विकेट झटके। लगातार बारिश के कारण मैच शुरू होने में विलंब हुआ और इसे 29-29 ओवर का कर दिया गया। भारत तीन मैच की सीरीज में 1-0 से बढ़त बनाए है।

### हैदराबाद करेगा दूसरे महिला कबड्डी विश्वकप की मेजबानी

**हैदराबाद :** बिहार के हटने के बाद हैदराबाद तीन से 10 अगस्त तक चलने वाले महिला कबड्डी विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा। अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी महासंघ (आईकेएफ) द्वारा भारतीय एमेच्योर कबड्डी महासंघ (एकेएफआई) के सहयोग से हैदराबाद के गाचीबावली इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाले इस विश्वकप में 14 टीमें भाग लेंगी। भारत के अलावा, ईरान, बंगलादेश, नीदरलैंड, जापान, पोलैंड, यूगांडा, केन्या, हंगरी, थाईलैंड, नेपाल, जर्मनी और अर्जेंटीना महिला कबड्डी विश्वकप के दूसरे संस्करण में भाग लेने की पुष्टि कर चुके हैं। यह टूर्नामेंट मूल रूप से बिहार के राजगीर में आयोजित होना था, लेकिन राज्य द्वारा मेजबानी से हटने के बाद इसे हैदराबाद स्थानांतरित कर दिया गया। हैदराबाद 2005 में एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप की मेजबानी कर चुका है। बिहार ने 2012 में पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित महिला कबड्डी विश्व कप के पहले संस्करण की भी मेजबानी की थी। इस टूर्नामेंट में 16 टीमों ने भाग लिया था। भारत ने फाइनल में ईरान को 25-19 से हराकर खिताब जीता था।

### निजी कारणों से यॉर्कशर के लिए नहीं खेल पाएंगे गायकवाड़

**लंदन :** भारत के मध्यक्रम के बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ निजी कारणों से यॉर्कशर की तरफ से काउंटी चैंपियनशिप में नहीं खेल पाएंगे। इस 28 वर्षीय खिलाड़ी ने यॉर्कशर के साथ पांच मैचों में खेलने के लिए समझौते पर सहमति व्यक्त की थी, जिसकी शुरुआत 22 जुलाई को स्कारबोरो में मौजूदा चैंपियन सरे के खिलाफ मैच से होनी थी। लेकिन यॉर्कशर ने एक बयान में पुष्टि की कि गायकवाड़ उपलब्ध नहीं होंगे। यॉर्कशर के मुख्य कोच एंथनी मैकग्रा ने कहा दुर्भाग्यवश गायकवाड़ निजी कारणों से अब काउंटी चैंपियनशिप में नहीं खेल पाएंगे। यह निराशाजनक है। मैं आपको इसके कारणों के बारे में कुछ नहीं बता सकता, लेकिन हमें उम्मीद है कि सब कुछ ठीक होगा। हमें अभी-अभी पता चला है। इंडियन प्रीमियर लीग में चेन्नई सुपर किंग्स और रणजी ट्रॉफी में महाराष्ट्र की कप्तानी करने वाले गायकवाड़ ने छह वनडे और 23 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। कोहनी की चोट के कारण वह इस साल आईपीएल में केवल पांच मैच खेल पाए थे।

### भारत के अर्जुन काढे और विजय सुंदर स्विस ओपन से बाहर

**नई दिल्ली :** भारत के अर्जुन काढे और विजय सुंदर प्रशांत की जोड़ी स्विस ओपन के सेमीफाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त फ्रांस के अलबानो ओलिवेत्ती और जर्मनी के हेंडरिक जेबेंस से सीधे सेटों में हारकर बाहर हो गई। काढे और प्रशांत को एक घंटे 22 मिनट तक चले मुकाबले में 7.5, 7.5 से पराजय मिली। काढे ने पिछले साल भारत के ही रित्विक बोलीपल्ली के साथ अलमाटी ओपन खिताब जीता था। इस साल एटीपी टूर पर भारत की तीन अलग अलग जोड़ियां खेल रही है। एन श्रीराम बालाजी और बोलीपल्ली के अलावा जीवन नेदुंचेझियान तथा निकी कल्याण पूनाचा भी साथ खेल रहे हैं।



बिहार की भाला फेंक खिलाड़ी अंजनी कुमारी शनिवार को पटना में पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में इंडियन ओपन एथलेटिक्स मीटिंग 2025 के दौरान प्रतिस्पर्धा करती हुईं। ● एजेंसी

### पुजारा के जीवन पर लिखी पत्नी की किताब लंदन में लांच





**लंदन :** पूजा पुजारा की अपने पति और भारतीय क्रिकेटर चेतेश्वर पर लिखी किताब 'द डायरी ऑफ अ क्रिकेटर वाइफ' को लार्ड्स क्रिकेट मैदान की लाइब्रेरी में जगह मिली है जिसे शुक्रवार को आधिकारिक रूप से लंदन के नेहरू सेंटर में लांच किया गया। किताब की लेखिका पूजा का कहना है कि इस किताब में हर किसी के लिए कुछ न कुछ है। इसमें पूजा ने एक पत्नी के मैदान के बाहर के नजरिए से भारतीय बल्लेबाज के 2010 से 2023 तक के अंतरराष्ट्रीय करियर की उपलब्धियों और संघर्षों के बारे में लिखा है।

## गिल की असली परीक्षा अब होगी शुरू : चैपल

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान ग्रेग चैपल का मानना है कि शुभमन गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ बल्लेबाजी में शानदार प्रदर्शन किया है और युवा कप्तान के रूप में अपनी क्षमता की झलक दिखाई है, लेकिन उनकी असली परीक्षा अब शुरू होगी जबकि भारत पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-2 से पीछे चल रहा है। दोनों टीमें 23 जुलाई से मैनचेस्टर में एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के चौथे टेस्ट में आमने-सामने होंगी।

चैपल ने ईएसपीएनक्रिकइंफो में अपने कॉलम में लिखा भारतीय टीम अब इंग्लैंड के खिलाफ अंतिम दो टेस्ट मैच की तैयारी कर रही है। ऐसे में अब सभी की नजरें उनके 25 वर्षीय कप्तान शुभमन गिल पर टिकी हैं। एक प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी के रूप में उन्होंने बल्लेबाजी में कमाल का प्रदर्शन किया है और नेतृत्व क्षमता की झलक भी दिखाई है, लेकिन उनकी असली परीक्षा अब होगी। यह वह मौका है जो टेस्ट कप्तान के रूप में उनकी दिशा तय करेगा।

चैपल चाहते हैं कि गिल अपने प्रदर्शन से टीम के लिए मानदंड स्थापित करें। उन्होंने कहा गिल को यह दिखाना होगा कि वह भारत को किस तरह की टीम बनना चाहते हैं। कप्तान न केवल अपनी बातों से बल्कि अपने प्रदर्शन और स्पष्ट मानदंडों से टीम के अंदर माहौल तय करता है।

## स्विटजरलैंड को हराकर स्पेन महिला यूरो के सेमीफाइनल में



महिला यूरो 2025 के क्वार्टर फाइनल में स्विट्जरलैंड को हराने के बाद जश्न मनाती स्पेन की खिलाड़ीं। ● एजेंसी

**बर्न (स्विट्जरलैंड), एजेंसी**

स्पेन ने दो पेनल्टी चूकने के बावजूद मेजबान स्विट्जरलैंड को 2-0 से हराकर इतिहास में दूसरी बार महिला यूरो फुटबाल मैच के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। शुक्रवार को क्वार्टर फाइनल के पहले हॉफ में पिना ने स्पेन के लिए कई मौके बनाए, लेकिन मेजबान टीम की मजबूत रक्षापंक्ति के कारण मध्यांतर तक दोनों टीमें गोल करने में विफल रही। स्पेन की फॉरवर्ड एथीनिया डेल कैस्टिलो ने बेंच से उतरकर स्कोरिंग की शुरुआत की और क्लाउडिया पिना ने शानदार दूसरा गोल किया। स्पेन का सेमीफाइनल में मुकाबला फ्रांस या जर्मनी से होगा।

**फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम**

### अर्जुन एरिगैसी सेमीफाइनल में लेवोन अरोनियन से हारकर हुए बाहर

**लास वेगास (अमेरिका) :** भारतीय ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी का फ्रीस्टाइल शतरंज ग्रैंड स्लैम में स्वप्निल सफर सेमीफाइनल में आर्मेनिया के पूर्व खिलाड़ी और अब अमेरिका की तरफ से खेल रहे लेवोन अरोनियन से 0-2 से हार के साथ समाप्त हो गया। एरिगैसी ने प्रतियोगिता में इससे पहले शानदार प्रदर्शन किया था तथा वह फ्रीस्टाइल ग्रैंड स्लैम के अंतिम चार में पहुंचने वाले पहले भारतीय बने थे। अरोनियन के खिलाफ वह अपनी जादुई लय बरकरार नहीं रख पाए और उन्हें दोनों बाजियों में हार का सामना करना पड़ा। इस भारतीय खिलाड़ी ने सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए प्रारंभिक दौर के प्ले-ऑफ में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को तथा क्वार्टर फाइनल में हिकारू नाकामुरा को हराया था। अरोनियन के खिलाफ भी पहली बाजी में वह अच्छी स्थिति में दिख रहे थे लेकिन मौकों को भुनाने में असफल रहे। अरोनियन ने मुश्किल स्थिति में होने के बावजूद अपनी पकड़ बनाए रखी और अर्जुन बढ़त का फायदा नहीं उठा सके।




## रसेल ने सेमीफाइनल में जीत को करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन बताया

**जमैका, एजेंसी**

आंद्रे रसेल अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर को अलविदा कहने की तैयारी कर रहे हैं, और जमैका के इस ऑलराउंडर ने 2016 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के खिलाफ खेली गई अपनी तेज-तर्रार पारी को वेस्टइंडीज के लिए अपना सबसे गौरवपूर्ण पल बताया है। 2016 टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में घरेलू मैदान पर भारत के 193 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए आंद्रे रसेल पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे, जब वेस्टइंडीज को 41 गेंदों पर 77 रनों की जरूरत थी।

रसेल ने क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) को दिए एक साक्षात्कार में कहा निश्चित रूप से (मेरा सबसे अच्छा पल) 2016 विश्व कप था, भारत के खिलाफ वह सेमीफाइनल मैच जहां मैंने और लेंडल सिमंस ने टीम को जीत दिलाई, और जाहिर है कि हमें दूसरे बल्लेबाजों से जो शुरुआत मिली वह भी शानदार थी।





आंद्रे रसेल। एजेंसी

अपनी विस्फोटक शैली की एक विशिष्ट पारी में, आंद्रे रसेल ने मात्र 20 गेंदों पर 43 रन बनाकर वेस्टइंडीज को दो गेंद शेष रहते जीत दिलाई। उन्होंने विराट कोहली की गेंद पर चौका लगाकर जीत पक्की कर दी। भारत में हुए उस सेमीफाइनल में 190 से ज्यादा रनों का पीछा करते हुए, दर्शकों का समर्थन सिर्फ भारत के पक्ष में था, लेकिन विकेट बहुत अच्छा था, इसलिए हमारा आत्मविश्वास बढ़ा था।

### 22 जुलाई को खेलेंगे आखिरी अंतर्राष्ट्रीय मैच

आंद्रे रसेल ने हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 20 और 22 जुलाई को अपने घरेलू मैदान सबीना पार्क, जमैका में खेले जाने वाले पहले दो टी20 के बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने की घोषणा की। सीरीज के पहले मैच से कुछ दिन पहले, रसेल ने अपने क्रिकेट करियर को गर्व से याद किया। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि यह एक बहुत अच्छा एहसास है, जब मैं पहली बार एक बच्चे के रूप में सबीना पार्क आया था, और फिर घास पर चलना, माहौल को महसूस करना, स्टैंड्स और हर चीज को देखना, और अब तक, मैंने पिछले कुछ वर्षों में क्रिकेट से बहुत कुछ हासिल किया है। मैंने वेस्टइंडीज का प्रतिनिधित्व करते हुए हर मौके पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। रसेल ने आगे कहा मुझे लगता है कि यह मेरे अंतर्राष्ट्रीय करियर के अंत के लिए एकदम सही मैदान और एक अच्छी शृंखला है - एक अच्छी टीम, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भी।

## हॉकी इंडिया ने सीनियर महिला राष्ट्रीय शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों की घोषणा की

**बेंगलुरु :** हॉकी इंडिया ने यहां 21 जुलाई से 29 अगस्त तक भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र (साइ) पर होने वाले सीनियर महिला राष्ट्रीय कोचिंग शिविर के लिए 40 खिलाड़ियों के नाम की घोषणा की। पांच सितंबर से चीन के हांगझोउ में होने वाले महिला एशिया कप को देखते हुए यह शिविर काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह टूर्नामेंट 2026 एफआईएच महिला विश्व कप में सीधे क्वालीफाई करने का भी जरिया होगा।

### भारतीय सीनियर कोर ग्रुप की सूची

**गोलकीपर :** सविता, बिछू देवी खारीबम, बांसरी सोलंकी, माधुरी किंडो, समीक्षा सक्सेना।

**डिफेंडर :** महिमा चौधरी, निक्की प्रधान, सुशीला चानू, उदिता, इशिका चौधरी, ज्योति छत्री, ज्योति, अक्षता ढेकाले, अंजना डुंगडुंग, सुमन देवी।

**मिडफील्डर :** सुजाता कुजूर, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, नेहा, सलीमा टेटे, मनीषा चौहान, अजमीना कुजूर, सुनेलिटा टोप्पो, लालरेम्सियामी, शर्मिला देवी, बलजीत कौर, महिमा टेटे, अलबेला रानी टोप्पो, पूजा यादव।

**फॉरवर्ड :** दिपिमोनिका टोप्पो, रितिका सिंह, दीपिका सोरेंग, नवनीत कौर, संगीता कुमारी, दीपिका, रूतुजा पिसल, ब्यूटी डुंगडुंग, मुमताज खान, अन्नु, चंदना जगदीश, काजल अत्पडकर।

## राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक नए युग की शुरुआत करेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



- **संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने एजेंसी को दिए साक्षात्कार में दी जानकारी**
- **खेल समुदाय के लिए यह एक ऐतिहासिक विधेयक है जिसके जल्द कानून बनने की उम्मीद**

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू का मानना है कि सोमवार से शुरू हो रहे मानसून सत्र में पेश होने वाला राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक भारत में खेलों के लिए एक 'नए युग' की शुरुआत करेगा। रिजिजू 2019 से 2021 के बीच दो वर्षों के लिए केंद्रीय खेल मंत्री रहे थे। वह मौजूदा खेल मंत्री मनसुख मांडविया के उन पूर्ववर्तियों में शामिल है, जिन्होंने देश के खेल प्रशासकों और अन्य हितधारकों से बात करके विधेयक के लिए आम सहमति बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अरुणाचल पश्चिम से लोकसभा सांसद 53 वर्षीय रिजिजू ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा कि वह इस विधेयक के शीघ्र ही कानून बनने की उम्मीद कर रहे हैं। उन्होंने कहा खेल समुदाय के लिए यह एक ऐतिहासिक विधेयक है। मैं प्रधानमंत्री (नरेंद्र) मोदी का आभार व्यक्त करना चाहता हूं कि उन्होंने खेलों के क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए ऐसा दूरदर्शी विचार रखा है। इस विधेयक का उद्देश्य राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) में सुशासन के लिए एक ढांचा तैयार करना है। इसमें एक नियामक बोर्ड के गठन का भी प्रावधान है, जिसके पास अच्छे प्रशासन से संबंधित प्रावधानों के अनुपालन के आधार पर एनएसएफ को मान्यता प्रदान करने तथा वित्त पोषण का फैसला करने का अधिकार होगा। नियामक बोर्ड उच्चतम प्रशासनिक, वित्तीय और नैतिक मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए भी जिम्मेदार होगा। एनएसएफ को कई वर्षों तक चली व्यापक चर्चा के बाद शामिल किया गया है, जिसमें पिछले साल मांडविया के कार्यभार संभालने के बाद तेजी आई थी।

विधेयक में शासन में पारदर्शिता सुनिश्चित करने और मुकदमेबाजी में कमी लाने के लिए नैतिक आयोग और विवाद समाधान आयोग के गठन का भी प्रस्ताव है, जिसके कारण कभी-कभी चयन से लेकर चुनाव तक के मुद्दों पर खिलाड़ियों और प्रशासकों के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो जाती है। आईओए ने इसका विरोध किया है। उसका मानना है कि नियामक बोर्ड सभी एनएसएफ के लिए नोडल निकाय के रूप में उसकी स्थिति को कमजोर करेगा। वर्तमान में आईओए की अध्यक्ष पीटी उषा ने तो यहां तक कह दिया है कि सरकारी हस्तक्षेप के कारण अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आइओसी) भारत को निलंबित भी कर सकती है।

खेल मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान खेल प्रशासकों की स्वायत्तता, लेकिन अधिक जवाबदेही की वकालत करने वाले रिजिजू ने कहा कि उन्हें संसद में इस विधेयक के सुचारू रूप से पारित होने का पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा दो (अन्य) चीजें हैं - खेलो भारत नीति और डोपिंग रोधी संशोधन विधेयक। इन दोनों विधेयकों (डोपिंग रोधी और खेल प्रशासन) को एक साथ मिला दिया जाएगा और हम संसद में इस पर चर्चा करेंगे। रिजिजू ने कहा नया खेल विधेयक पारित हो जाने के बाद देश में नई खेल संस्कृति की शुरुआत होगी। डोपिंग रोधी अधिनियम 2022 में पारित किया गया था, लेकिन विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) ने इसको लेकर कुछ आपत्तियां व्यक्त की थी जिसके कारण यह लागू नहीं हो पाया था।



### आईओसी से ली गई है सलाह


खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि प्रस्तावित विधेयक का मसौदा तैयार करते समय आईओसी से सलाह ली गई है। आईओसी का इसमें शामिल होना बेहद जरूरी है क्योंकि भारत 2036 में होने वाले ओलंपिक खेलों की मेजबानी हासिल करने के लिए प्रयासरत है।

# चीन ने ब्रह्मपुत्र पर सबसे बड़े बांध का निर्माण शुरू किया

**बीजिंग, एजेंसी**

चीन ने भारतीय सीमा के निकट तिब्बत में ब्रह्मपुत्र नदी पर 167.8 अरब डॉलर की लागत से बांध का निर्माण शनिवार को औपचारिक रूप से शुरू कर दिया।

सरकारी मीडिया की खबर के अनुसार, चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग ने न्यिंगची शहर में ब्रह्मपुत्र नदी के निचले क्षेत्र में आयोजित समारोह में बांध के निर्माण कार्य के शुरू होने की घोषणा की। सरकारी समाचार एजेंसी 'शिन्हुआ' की खबर के अनुसार यह समारोह तिब्बत स्वायत्त क्षेत्र के न्यिंगची मेनलिंग जलविद्युत स्टेशन के बांध स्थल पर आयोजित हुआ। दुनिया की सबसे बड़ी परियोजना मानी जाने वाली इस



● तिब्बती क्षेत्र में निर्माण, भारत और बांग्लादेश की चिंताएं बढ़ीं

जलविद्युत परियोजना ने भारत और बांग्लादेश में चिंता पैदा कर दी है। इस परियोजना में पांच जलविद्युत स्टेशन होंगे। वर्ष 2023 की एक रिपोर्ट के अनुसार जल विद्युत स्टेशन से प्रत्येक वर्ष 300 अरब किलोवाट घंटे से अधिक बिजली पैदा होने की उम्मीद है। राष्ट्रीय विकास एवं सुधार आयोग और चीन के विद्युत निर्माण निगम समेत विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने समारोह में हिस्सा लिया।

# अवैध सट्टा : गूगल मेटा के अधिकारियों को ईडी ने तलब किया

**नई दिल्ली।** ईडी ने कई अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी प्लेटफॉर्म के खिलाफ धनशोधन के आरोपों की जारी जांच के तहत प्रौद्योगिकी कंपनी मेटा और गूगल के प्रतिनिधियों को तलब किया है।

अधिकारियों को 21 जुलाई को यहां एजेंसी के समक्ष पेश होने और पीएमएलए के तहत बयान दर्ज कराने को कहा गया है। दोनों कंपनियों की अभी कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली है। संघीय एजेंसी अवैध सट्टेबाजी और जुए के लिंक साझा करने वाले कई प्लेटफॉर्म की जांच कर रही है, जिसमें विभिन्न इंटरनेट-आधारित सोशल मीडिया संस्थान और ऐप स्टोर्स पर उनके लिए उपलब्ध किये गए विज्ञापनों के उदाहरण भी शामिल हैं।

# विकसित देशों का सबसे बड़ा हथियार आर्थिक प्रतिबंध

बमबारी और तोपों से पहले दूसरे देशों को पस्त करने के लिए आर्थिक प्रतिबंधों का इस्तेमाल किया जाता है। आर्थिक प्रतिबंध ऐसे नीतिगत उपाय होते हैं जिनमें किसी देश, संगठन या व्यक्ति पर आर्थिक, व्यापारिक या वित्तीय सीमाएं लगा दी जाती हैं। आमतौर पर ये प्रतिबंध मानवाधिकार उल्लंघन, युद्ध, परमाणु कार्यक्रम, आतंकवाद आदि के खिलाफ दबाव बनाने के लिए लगाए जाते हैं लेकिन विकसित देशों ने अब इन्हें अपनी शर्तें मनवाने का हथियार भी बना लिया है। व्यापार प्रतिबंध के तहत आयात/निर्यात पर रोक लगाई जाती है तो वित्तीय प्रतिबंध के तहत बैंकिंग और फंड ट्रांसफर की रोकथाम की जाती है। सेक्टोरल प्रतिबंधों में विशेष क्षेत्र जैसे ऊर्जा, रक्षा, तकनीक को निशाना बनाना शामिल है।

## कब और क्यों हुई शुरुआत

- द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूएन और पश्चिमी शक्तियों विशेषकर अमेरिका ने औपचारिक प्रयोग शुरू किया था।
- शीत युद्ध के दौरान अमेरिका ने सोवियत संघ और उसके सहयोगियों के खिलाफ आर्थिक प्रतिबंधों का बड़े पैमाने पर प्रयोग किया।
- 1990 के दशक में ईराक में सद्दाम हुसैन शासन पर प्रतिबंधों ने इस नीति को वैश्विक मान्यता दिलाई। इसके बाद ये आम बात हो गई।




## देशों पर क्या होता है असर

- **सकारात्मक :** भूराजनीतिक दबाव का हथियार, वैश्विक नियमों के उल्लंघन पर नियंत्रण और घरेलू जनसमर्थन को बढ़ावा।
- **नकारात्मक :** आर्थिक मंदी जैसे जीडीपी और व्यापार में गिरावट, जरूरी वस्तुओं का महंगा होना, उद्योगों पर असर होने से बेरोजगारी।

## प्रमुख उदाहरण

- हाल ही में ईरान पर अमेरिका और यूरोपीय संघ ने उसके परमाणु कार्यक्रम के चलते प्रतिबंध लगाए जिससे उसके तेल निर्यात में गिरावट आई और मुद्रा अवमूल्यन हुआ।
- रूस पर अमेरिका और यूरोपीय संघ ने 2014 में क्रीमिया अधिग्रहण और 2022 यूक्रेन युद्ध के कारण प्रतिबंध लगाए। इससे उसे सामने भीषण आर्थिक संकट झेलना पड़ा।
- उत्तर कोरिया पर संयुक्त राष्ट्र और अमेरिका ने परमाणु परीक्षण के चलते प्रतिबंध लगाए जिसे वैश्विक व्यापार से उसका कटाव हो गया और खाद्य संकट झेलना पड़ा।
- वेनेजुएला पर अमेरिका ने चुनावी धांधली और मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप में प्रतिबंध लगाए, इससे देश में तेल उत्पादन में गिरावट आई और महंगाई बढ़ गई।

## क्या हैं संभावनाएं

आर्थिक प्रतिबंध एक सशक्त लेकिन विवादास्पद हथियार है जिसका प्रयोग पश्चिमी देश अपने भू-राजनीतिक हितों के लिए करते हैं। ब्रिक्स जैसे समूहों का वैकल्पिक व्यवस्था की ओर झुकाव एक भविष्य की बहुध्रुवीय दुनिया की ओर संकेत करता है। ब्रिक्स देशों के सफल होने से विकासशील देशों को आर्थिक आजादी मिल सकती है, लेकिन इसके लिए दीर्घकालिक सामंजस्य जरूरी है।

## ब्रिक्स देशों की पहल

- ब्रिक्स के सदस्य देश प्रतिबंधों के जवाब में डॉलर के विकल्प की तलाश कर रहे हैं। दरअसल, डॉलर आधारित वैश्विक व्यवस्था में अमेरिका को शक्ति मिलती है कि वह अपने वित्तीय संस्थानों के माध्यम से किसी भी देश को आर्थिक रूप से अलग-थलग कर सके।
- ब्रिक्स सदस्य देश इससे बचाव के लिए स्थानीय मुद्राओं में व्यापार, ब्रिक्स पेमेंट सिस्टम, डिजिटल करेंसी और खुद का विकास बैंक स्थापित करने की ओर बढ़ रहे हैं। अमेरिका इससे नाराज है और इन देशों पर दबाव बनाने की लगातार कोशिश कर रहा है।

## एक नजर

### बूढ़ा अमरनाथ यात्रा 28 जुलाई से होगी शुरू

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों ने पुंछ जिले में 13 दिवसीय बूढ़ा अमरनाथ तीर्थयात्रा के लिए व्यवस्थाओं की समीक्षा की। प्रवक्ता ने कहा, पहला जत्था 28 जुलाई को जम्मू के भगवती नगर आधार शिविर से रवाना होगा और सुरक्षा के बीच पुंछ की मंडी तहसील की ओर बढ़ेगा। राजौरी और पुंछ के उपायुक्तों को निर्देश दिया गया है कि वे मार्ग पर बिजली आपूर्ति, पेयजल, लंगर, पार्किंग, वाटरप्रूफ टेंट और शौचालय सहित आवश्यक सुविधाओं के साथ पर्याप्त आवास सुनिश्चित करें।

### बीएसएफ कर्मी भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने बीएसएफ के सहायक लेखा अधिकारी को एक ठेकेदार से 40,000 रुपये की रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बताया कि लोक लेखा कार्यालय में कार्यरत धर्मेंद्र कुमार वर्मा ने ठेकेदार के लंबित बिलों को मंजूरी देने के लिए दो लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। वर्मा ने कुल बिल की 15 से 20 प्रतिशत राशि यानी लगभग दो लाख रुपये की कथित तौर पर मांग की। सीबीआई के प्रवक्ता ने कहा कि आरोपी और अन्य अज्ञात व्यक्ति शिकायतकर्ता से दो लाख रुपये रिश्वत लेने पर सहमत हो गए।

### पाकिस्तान: दो दिन के लिए बंद किए कुछ हवाई मार्ग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तानी ने अनिर्दिष्ट परिचालन कारणों से अगले सप्ताह दो दिन के लिए चुनिंदा हवाई यातायात मार्गों को बंद करने की घोषणा की है। पाकिस्तान हवाई अड्डा प्राधिकरण ने नोटिस टू एयरमेन (नोटम) में कहा, 22 और 23 जुलाई को सुबह 5 :15 से रात 8 :15 बजे तक चुनिंदा हवाई यातायात मार्ग बंद रहेंगे। पीएए ने कहा, कराची और लाहौर उड़ान सूचना क्षेत्र के अंतर्गत चुनिंदा मार्ग परिचालन कारणों के चलते उपलब्ध नहीं हैं। पीएए ने संकेत दिया गया है कि परिचालन संबंधी मुद्दों के कारण ये मार्ग सभी विमानों के लिए बंद कर दिए जाएंगे।

### युवा अकाली दल अध्यक्ष झिंजर घर में नजरबंद

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने शनिवार तड़के युवा अकाली दल के अध्यक्ष सरबजीत सिंह झिंजर को उनके परिवार सहित घर में नजरबंद कर दिया। झिंजर के एक्स पर बताया कि, सुबह चार बजे से ही पंजाब पुलिस के 8-10 जवान बिना कोई कारण बताए उनके घर में घुस आए। अन्य पुलिस अधिकारियों ने परिसर को घेर लिया है। पूरे परिवार के फ़ोन ज़ब्त कर लिए गए हैं और उन्हें नज़रबंद कर दिया गया है। फिर भी कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है।

# ओबामा के अफसरों का प्रोपेगंडा थी चुनाव में रूसी हस्तक्षेप की अफवाह

## खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने जारी की रिपोर्ट, न्यायिक कार्रवाई शुरू होगी

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक तुलसी गबार्ड ने शनिवार को एक रिपोर्ट जारी कर आरोप लगाया कि ओबामा प्रशासन के अधिकारियों ने 2016 के चुनाव में रूसी हस्तक्षेप से संबंधित खुफिया जानकारी फैलाई थी। गबार्ड ने एक बयान में दावा किया कि पूर्व अधिकारी एक देशद्रोही षड्यंत्र में शामिल थे। उन्होंने कहा कि उनका कार्यालय संभावित आपराधिक संदर्भों के लिए अमेरिकी न्याय विभाग (डीओजे) को सबूत सौंप रहा है।

अमेरिकी राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) के कार्यालय ने शुक्रवार को खुलासा किया कि ओबामा प्रशासन ने 2016 चुनाव में रूस के तथाकथित हस्तक्षेप के मामले को तैयार किया जबकि खुफिया रिपोर्टें लगातार इसके विपरीत संकेत दे रही थीं। कार्यालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि गबार्ड ने ठोस सबूत का खुलासा किया है जो दर्शाता है कि कैसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ 2016 का चुनाव जीतने के बाद तत्कालीन राष्ट्रपति ओबामा और उनके राष्ट्रीय सुरक्षा कैबिनेट के सदस्यों ने खुफिया जानकारी का निर्माण और राजनीतिकरण किया।

डीएनआई ने पाया कि छह जनवरी 2017 को जारी रूस के चुनाव हस्तक्षेप पर खुफिया समुदाय (आईसी) का आकलन खुद उसी के द्वारा पिछले छह महीनों में किए गए आकलनों के विपरीत था जिसमें चुनाव से पहले किए गए आकलन भी शामिल थे। बयान में यह भी संकेत दिया गया कि ओबामा प्रशासन ने नौ दिसंबर, 2016 को राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद की बैठक के बाद रूस के हस्तक्षेप की बात को आगे बढ़ाने का निर्णय लिया।





### मीडिया संस्थानों में लीक की गई थीं फर्जी खबरें

डीएनआई ने शुक्रवार को जारी बयान में कहा गया कि बैठक के बाद ओबामा के अधिकारियों ने वाशिंगटन पोस्ट सहित मीडिया संस्थानों में भ्रामक बयान लीक किया जिसमें कहा गया था, रूस ने साइबर माध्यमों से चुनाव परिणाम में हस्तक्षेप करने का प्रयास किया भले ही वह सक्रिय रूप से प्रभावित न कर सके। डीएनआई ने बयान में निष्कर्ष निकाला कि जनवरी 2017 का नया आईसी आकलन, स्टील डोजियर सहित, ट्रम्प के खिलाफ एक बदनाम अभियान के अंतर्गत झूठी सूचनाओं पर आधारित था। इसके परिणामस्वरूप राजनीतिक जांच एवं गिरफ्तारियां हुईं और अमेरिका-रूस में तनाव बढ़ गया।

### किए गए थे ट्रंप की रूस से मिलीभगत के दावे

पिछले सप्ताह फॉक्स न्यूज ने कहा था कि पूर्व सीआईए निदेशक जॉन ब्रेनन और मॉरीन कॉमी के पिता जेम्स के खिलाफ 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में रूस के कथित हस्तक्षेप से संबंधित संभावित हेरफेर के लिए आपराधिक जांच चल रही है जिसमें कांग्रेस को गलत बयान देना भी शामिल है। 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के बाद, अमेरिकी अधिकारियों ने ब्रिटेन के पूर्व खुफिया अधिकारी क्रिस्टोफर स्टील के डोजियर पर भरोसा कर ट्रंप और रूस के बीच मिलीभगत के दावों की जांच की लेकिन इसे साबित करने में असमर्थ रहे। रूस ने अमेरिकी चुनावों सहित अन्य मामलों में हस्तक्षेप के अमेरिकी आरोपों का बार-बार खंडन किया।

# ऑपरेशन सिंदूर में तीनों सेनाओं के बीच शानदार तालमेल रहा



**नई दिल्ली।** प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान तीनों सेनाओं के बीच शानदार तालमेल देखने को मिला। जनरल चौहान ने शनिवार को तमिलनाडु के वेलिंगटन में डिफेंस सर्विसेज स्टाफ कॉलेज का दौरा किया।

● **तीनों सेनाओं के एकीकरण और क्षमता विकास पर दिया जोर**

उन्होंने छात्र अधिकारियों, कॉलेज के स्थायी कर्मचारियों और वेलिंगटन के स्टेशन अधिकारियों को संबोधित किया। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष ने ऑपरेशन सिंदूर पर एक व्याख्यान दिया और भारतीय सशस्त्र बलों के सफल अभियानों के दौरान तीनों सेनाओं के शानदार तालमेल के महत्वपूर्ण पहलुओं का उल्लेख किया। कॉलेज के संकाय सदस्यों के साथ बातचीत करते हुए जनरल चौहान ने तीनों सेनाओं के एकीकरण और संयुक्तता की अनिवार्यता, क्षमता विकास, आत्मनिर्भरता और सेना में किए जा रहे परिवर्तनकारी बदलावों पर ज़ोर दिया।

# युद्धविराम पर सहमत हुए इजराइल और सीरिया, क्षेत्र में शांति की उम्मीदें बढ़ीं

**मॉस्को,एजेंसी**

● **अमेरिकी राजदूत ने सभी पक्षों से हथियार डालने और शांति के लिए काम करने की अपील की**

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शारा ने युद्धविराम पर सहमति जताई है। इस युद्धविराम के बाद क्षेत्र में शांति की उम्मीदें बढ़ गई हैं।

अमेरिकी राजदूत टॉम बैरक ने यह घोषणा की। बैरक तुर्की में अमेरिकी राजदूत और सीरिया के लिए विशेष दूत भी है। उन्होंने सभी पक्षों से हथियार डालने और शांति की दिशा में काम करने का आग्रह किया है। बैरक ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, इजराइली प्रधानमंत्री नेतन्याहू और सीरियाई राष्ट्रपति अहमद अल-शारा ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के समर्थन से एक ऐसे युद्धविराम पर सहमति जताई है जिसे तुर्की, जॉर्डन और उसके पड़ोसी देशों ने भी स्वीकार किया है। हम ड्रूज़, बेडौइन और सुन्नियों से हथियार डालने का आग्रह करते हैं और चाहते हैं कि वह अन्य अल्पसंख्यकों के साथ मिलकर अपने पड़ोसियों के साथ शांति और समृद्धि में नए सीरिया का निर्माण करें।

तुर्की के विदेश मंत्रालय के सूत्र ने बताया कि विदेश मंत्री हाकन फिदान ने अमेरिकी विदेश मंत्री से फोन पर कहा कि उनका देश, सीरिया के भविष्य को सुनिश्चित करने और स्थायी रूप से संघर्ष और तनाव को समाप्त करने के लिए अमेरिका के साथ काम करने के लिए तैयार है। पिछले सप्ताह सशस्त्र बेडौइन समूहों ने सुवेदा प्रांत में कई ड्रूज़ बस्तियों पर हमला किया और ड्रूज़ आत्मरक्षा बलों के साथ उनकी झड़प हुई।

### कांगो, रवांडा समर्थित विद्रोहियों में संघर्षविराम

**डाकर।** कांगो और रवांडा समर्थित विद्रोहियों ने पूर्वी क्षेत्र में दशकों से जारी संघर्ष को समाप्त करने के लिए शनिवार को कतर में एक घोषणापत्र पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत विद्रोही स्थाई युद्धविराम और एक महीने के भीतर हस्ताक्षरित एक व्यापक शांति समझौते के लिए प्रतिबद्ध हैं और शांति बहाली के लिए अंतिम समझौते पर 18 अगस्त से पहले हस्ताक्षर किए जाने हैं और यह समझौता कांगो एवं रवांडा के बीच जून में अमेरिका द्वारा आयोजित शांति समझौते के अनुरूप होगा।

# रूस के यूक्रेन पर 300 से ज्यादा ड्रोन हमले, ओडेसा में तबाही

**कीव, एजेंसी**

रूस ने शुक्रवार रात यूक्रेन पर सैकड़ों ड्रोन से एक बड़ा हमला किया, जिसमें कम से कम एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके साथ ही, तीन साल पहले शुरू हुए युद्ध को समाप्त करने के प्रयास सफल होने की उम्मीदें धूमिल हो गई हैं।

यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि रूस ने 300 से अधिक ड्रोन से हमले किए और इसके साथ 30 से अधिक क्रूज मिसाइलें दागीं। शहर के मेयर हेन्नादी ट्रूखानोव ने शनिवार को 'टेलीग्राम' पर बताया कि रूसी सेना द्वारा काला सागर के तट पर स्थित ओडेसा शहर में 20 से अधिक ड्रोन और एक मिसाइल से किए गए हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि एक ऊंची आवासीय इमारत में आग लग गयी। जेलेंस्की के अनुसार, ओडेसा पर हुए हमले में एक बच्चे सहित छह अन्य लोग घायल हो गए तथा यूक्रेन के उत्तरपूर्वी सुमी क्षेत्र में महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा।



● एक व्यक्ति की मौत और कई घायल, युद्ध समाप्त होने की उम्मीदें फिर हुईं धूमिल

### रूस को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रही यूक्रेनी सेना


**कीव।** यूक्रेनी सेना रूस के खिलाफ कमजोर स्थिति के बावजूद हर संभव तरीके से अपनी स्थिति को मजबूत करने और रूस को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रही है। इसमें ड्रोन का उपयोग करके रूसी सैनिकों और उपकरणों को नष्ट करना और इसके लिए अंक अर्जित करना शामिल है। सूत्रों के अनुसार हथियारों और संख्याबल में कमजोर यूक्रेनी सेना अपने कहीं ज्यादा शक्तिशाली प्रतिद्वंद्वी रूस के खिलाफ हर संभव फायदा उठाने की कोशिश कर रही है।

# वॉल स्ट्रीट जर्नल और मर्डोक पर 10 अरब डॉलर का मुकदमा

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को द वॉल स्ट्रीट जर्नल और मीडिया जगत के दिग्गज रूपर्ट मर्डोक के खिलाफ 10 अरब डॉलर का मुकदमा दायर किया। समाचार पत्र ने ट्रंप और बाल यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन के बीच संबंधों पर एक खबर प्रकाशित की थी।

ट्रंप का नाम एक पत्र में सामने आया है जो 2003 में बाल यौन अपराधी जेफ्री एपस्टीन को जन्मतिथि पर लिखा गया था। ट्रंप ने यह पत्र लिखने से इन्कार किया है। उन्होंने कहा था कि वह अखबार पर मुकदमा करेंगे। बाल यौन अपराधों के दोषी एपस्टीन की 2019 में जेल में मौत हो गई थी। मुकदमा मियामी की संघीय अदालत में दायर किया गया है, जिसमें अखबार और उसके पत्रकारों पर जानबूझकर झूठे और अपमानजनक बयान छापने का आरोप लगाया गया है।

## अमरनाथ यात्रा



जम्मू और कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को पवित्र अमरनाथ गुफा मंदिर की वार्षिक तीर्थयात्रा के दौरान लोग। शनिवार को जम्मू से यात्रा के लिए छह हजार श्रद्धालु कड़ी सुरक्षा में रवाना हुए। एजेंसी

# उ. कोरिया: नया समुद्र तटीय रिसॉर्ट विदेशियों के लिए प्रतिबंधित

**सिंगापुर।** उत्तर कोरिया ने नये समुद्र तटीय रिसॉर्ट पर कुछ हफ्तों बाद ही विदेशी पर्यटकों के आने पर प्रतिबंध लगा दिया है। एक जुलाई को खोले गए वॉनसन कल्मा तटीय पर्यटन क्षेत्र को किम जोंग की पर्यटन को बढ़ावा देने की महत्वाकांक्षाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बताया जा रहा है।

उत्तर कोरिया ने फरवरी में ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी और ब्रिटेन सहित पश्चिमी देशों के पर्यटकों को भी अनुमति दी थी लेकिन अचानक कुछ हफ्तों बाद पर्यटकों को रोक दिया। पहले इसे स्थानीय और विदेशी पर्यटकों के लिए एक आकर्षण के रूप में प्रचारित किया गया था। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार इस हफ्ते उत्तर कोरिया की पर्यटन वेबसाइट पर एक नोटिस में कहा गया है कि विदेशियों को अस्थायी रूप से यहां आने की अनुमति नहीं है।

# हुर्रियत बीती बात, भारत में आगे बढ़कर अपनी जगह ढूंढें कश्मीरी

**श्रीनगर, एजेंसी**

पूर्व अलगाववादी नेता बिलाल गनी लोन ने कहा है कि हुर्रियत कॉन्फ्रेंस अपनी अप्रासंगिकता के लिए खुद जिम्मेदार है और अब वह निष्क्रिय अवस्था में है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में गड़बड़ी और दरार पैदा करने के लिए पाकिस्तान की आलोचना की।

पारंपरिक अलगाववादी रुख से अलग अपनी टिप्पणी में लोनने स्वीकार किया कि हुर्रियत और पाकिस्तान दोनों ने क्षेत्र में प्रगति लाने के अवसरों को गंवा दिया है। लोन के मुताबिक, मुख्यधारा की राजनीति में आने के पीछे की मुख्य प्रेरणा अगली पीढ़ी है। उन्होंने युवा पीढ़ी से इस वास्तविकता को स्वीकार करने का आग्रह किया कि भारत बहुत बड़ी शक्ति है, जिससे लड़ना संभव नहीं है। लोन ने युवाओं को सलाह दी कि वे देश को राजनीतिक दलों के चश्मे से न देखें, बल्कि देश के भीतर अपने लिए जगह बनाने के लिए भारत को भारत के रूप में देखें।



● पूर्व अलगाववादी नेता बिलाल गनी लोन के बदले सुर

लोन ने कहा कि वर्तमान पीढ़ी को पिछले 35 वर्षों के बारे में सच्चाई बताई जानी चाहिए क्योंकि उनके पास इस नए राजनीतिक क्षेत्र में प्रवेश करने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है क्योंकि शोषण की राजनीति को रोकना होगा। लोन ने कहा कि 1993 में गठित अलगाववादी संगठन हुर्रियत कॉन्फ्रेंस ने घाटी में अपनी प्रासंगिकता खो दी है।

# गाजा: खाद्य वितरण स्थलों पर गोलीबारी 30 फलस्तीनी मारे गए

**दीर अल-बलाह।** इजराइली सैनिकों ने दक्षिणी गाजा में अमेरिका एवं इजराइल समर्थित समूह द्वारा संचालित वितरण केंद्रों से खाद्य सामग्री लेने जा रहे फलस्तीनियों पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 32 लोगों की मौत हो गई।

ये दोनों घटनाएं गाजा ह्यूमैनिटेरियन फाउंडेशन द्वारा संचालित केंद्रों के पास हुईं। इस संगठन ने अमेरिका और इजराइल के समर्थन से मई के अंत में सहायता सामग्री की आपूर्ति करने का अभियान शुरू किया था। अमेरिका और इजराइल की सरकारें गाजा में संयुक्त राष्ट्र के नेतृत्व वाली पारंपरिक सहायता वितरण प्रणाली का स्थान लेने की कोशिश कर रही हैं। उनका कहना है कि संयुक्त राष्ट्र की सहायता सामग्री हमास के आतंकवादी हड़प लेते हैं।


**पुस्तक में खुलासा** — कारगिल युद्ध से ऐन पहले अटल बिहारी वाजपेयी और नवाज शरीफ के बीच हुई थी गोपनीय बातचीत

# जम्मू-कश्मीर के विभाजन पर सहमत थे भारत-पाकिस्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी**

एक नई पुस्तक में खुलासा किया गया है कि 1999 में भारत और पाकिस्तान के बीच कारगिल युद्ध शुरू होने से कुछ हफ्ते पहले, क्रमशः अटल बिहारी वाजपेयी और नवाज शरीफ के नेतृत्व वाली तत्कालीन सरकारों ने कश्मीर मुद्दे का समाधान तलाशने का प्रयास किया था। इस पहल के तहत चिनाब नदी को भौगोलिक सीमा रेखा मानने पर सहमति बनी थी, जिसे 'चिनाब फॉर्मूला' नाम दिया गया।

अभिषेक चौधरी ने 'बिलीवर्स डायलेमा : वाजपेयी एंड हिंदू राइट्स पाथ टू पावर' में लिखा है कि वाजपेयी की 1999 की ऐतिहासिक पाकिस्तान यात्रा और लाहौर घोषणा के बाद दिल्ली के एक होटल में सेवानिवृत्त पाकिस्तानी राजनयिक और पूर्व उच्चायुक्त (भारत में नियुक्त रहे) नियाज नाइक तथा भारतीय वार्ताकार आरके मिश्रा के बीच सिलसिलेवार गुप्त वार्ता हुई थीं। पुस्तक के अनुसार, मार्च 1999 के अंतिम सप्ताह में शरीफ के दूत नियाज नाइक गुप्त रूप से दिल्ली के एक होटल में रुके और आरके मिश्रा के साथ वार्ता शुरू की।




### सांप्रदायिक आधार पर विभाजन पर हुई थी रजामंदी

पुस्तक में कहा गया है, दोनों देशों के बीच जम्मू कश्मीर के सांप्रदायिक आधार पर विभाजन पर सहमति बनी थी। चिनाब के पश्चिम के सभी मुस्लिम बहुल जिलों को पाकिस्तान को देने का प्रस्ताव था जबकि पूरब के सभी हिंदू बहुल जिलों को भारत में रखा जाना था। एलओसी को अंतरराष्ट्रीय सीमा के रूप में रखना और कश्मीर के लिए स्वायत्तता के विकल्प नाइक ने खारिज कर दिए थे। कश्मीर की स्वतंत्रता और जनमत संग्रह के विकल्प मिश्रा ने अस्वीकृत किए थे। एक अप्रैल को लौटने से पहले नाइक वाजपेयी से मिले, जिन्होंने नवाज के लिए घुसपैठ और सीमा पर गोलाबारी बंद करने का संदेश भेजा लेकिन मई की शुरुआत तक भारतीय खुफिया इकाइयों ने नियंत्रण रेखा पर बढ़ती आक्रामकता की सूचना दी। कुछ ही समय बाद कारगिल हमला हो गया।

पुस्तक में कहा गया है, अगले पांच दिनों में उन्होंने कश्मीर पर अपने असंभव प्रस्ताव पर चर्चा की: एक ऐसा समाधान जो न केवल तीनों संबंधित पक्षों (जिनमें से एक पक्ष कश्मीरी भी थे) के लिए उचित हो, बल्कि लागू करने के लिए व्यावहारिक भी हो। वाजपेयी द्वारा दोनों को आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किये जाने के बाद, मिश्रा और नाइक कई दौर की चर्चा के बाद, दोनों देशों के बीच जम्मू कश्मीर के विभाजन के लिए एक चिह्नित किए जाने योग्य भौगोलिक सीमा पर राजी हुए जिसे 'चिनाब फॉर्मूला' कहा गया।

पुस्तक में दावा किया गया है, 17 मई को, आरके मिश्रा, वाजपेयी का संदेश लेकर इस्लामाबाद पहुंचे। इसी दिन नवाज को कारगिल अभियान पर पहली ब्रीफिंग मिली थी। इस ब्रीफिंग का उद्देश्य शरीफ को सेना के निजी अभियान को सरकारी कवर प्रदान करने के लिए राजी करना था। पाकिस्तान के विदेश मंत्री सरताज अजीज और अन्य अधिकारी कथित तौर पर स्तब्ध थे, लेकिन शरीफ ने उनसे कहा था, अजीज साहब, क्या हम कभी कागजी कार्रवाई से कश्मीर हासिल कर सकते हैं। पैनमैकमिलन इंडिया द्वारा प्रकाशित पुस्तक में दावा किया गया है कि शरीफ ने पाकिस्तानी सेना को सलाह दी, अल्लाह का नाम लो और इस अभियान को जारी रखो, यह मुद्दा बसें परिचालित कर नहीं सुलझ सकता।